सेंसेक्स 71,645.30 ▼ -106.81
डॉलर 82.958 ▼ -0.126

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 12.0 | 14.0 |
| धनबाद | 25.0 | 12.0 | 17.0 |
| जमशेदपुर | 30.0 | 16.0 | 19.0 |
| पलामू | 25.0 | 12.0 | 16.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत 2080 | रांची, शुक्रवार, 02 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक- 03, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — सहयोगी दलों की भावनाओं को ... 8 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | मुझे आर्या का दर्द ऐसा लगता है, जैसे यह ...12 — देश विदेश







## सूचना

'राष्ट्रीय नवीन मेल' कम से कम कीमत में एक साफ सुथरा अखबार आपको देने की नीति पर चलता रहा है पर महंगाई और न्यूज प्रिंट के मूल्य में वृद्धि के कारण आज से इसकी कीमत में मामूली वृद्धि कर तीन रुपए कर दी गई है। आशा है आप सभी का सहयोग पूर्ववत मिलता रहेगा।

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,600

चांदी (1 किलो) 78,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।


# छोटा बजट बड़ी उम्मीद

- महिलाओं-किसानों के लिए कई ऐलान
- जीएसटी संग्रह दोगुना होकर 1.66 लाख करोड़ हुआ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम केंद्रीय बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में महिलाओं और किसानों के लिए कई ऐलान किए हैं, लेकिन करदाताओं को अभी कोई राहत नहीं दी है। वित्त मंत्री ने परंपरा को निभाते हुए अंतरिम बजट में टैक्स दरों को अपरिवर्तित रखा है। तीन लाख रुपये तक की आय ही टैक्स फ्री है। सीतारमण का यह छठा और मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट है। सीतारमण ने अपने 58 मिनट लंबे बजट भाषण में कहा कि राजकोषीय घाटा 5.1 फीसदी रहने का अनुमान है। बजट 44.90 लाख करोड़ रुपये का खर्च है और 30 लाख करोड़ रुपये का राजस्व आने का अनुमान है। अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2024-25 में देश के बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय को 11 फीसदी बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 फीसदी करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में पूंजीगत व्यय तीन गुना होने से आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन पर कई गुना प्रभाव पड़ा है। सीतारमण ने कहा कि पिछले 10 साल में 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं को 70 फीसदी आवास महिलाओं को मिले हैं। वित्त मंत्री ने कहा, हमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, उनकी जरूरतें और आकांक्षाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

## इनकम टैक्स में राहत नहीं : 3 लाख तक रहेगी टैक्स फ्री




### 87ए के तहत 7.5 लाख रुपए तक टैक्स छूट

सरकार ने अंतरिम बजट में आम आदमी को इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं दी है। पुरानी टैक्स रिजीम चुनने पर अभी भी आपकी 2.5 लाख रुपए तक की इनकम ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87ए के तहत आप 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बचा सकते हैं। वहीं नई टैक्स रिजीम चुनने पर पहले की तरह ही 3 लाख रुपए तक की इनकम पर टैक्स नहीं देना होगा। इसमें भी इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87ए के तहत सैलरीड पर्सन 7.5 लाख रुपए तक की इनकम पर और अन्य लोग 7 लाख तक की इनकम पर टैक्स छूट पा सकते हैं।

**1962 से 2015 तक के मामलों में टैक्स छूट**


:इस बार टैक्स के पुराने पेंडिंग मामलों को लेकर राहत दी गई है। इसके तहत 1962 से वित्त वर्ष 2009-10 तक के पेंडिंग डायरेक्ट टैक्स के मामलों में टैक्स माफ कर दिया जाएगा। हालांकि ये तभी होगा जब आप पर 25000 रुपए तक का टैक्स बन रहा हो।

**इसे उदाहरण से समझते हैं:** मान लीजिए आप पर 2005 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को 20 हजार की देनदारी बन रही है। इस नए नियम के आने के बाद आपको अब ये पैसे डिपार्टमेंट को नहीं चुकाने होंगे। यानी आपकी ये देनदारी माफ कर दी जाएंगी। इसी तरह 2010-11 से 2014-15 के बीच पेंडिंग शेष पृष्ठ 11 पर

## बजट की मुख्य बातें

- पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ।
- 2 करोड़ घर अगले 5 साल में और बनाए जाएंगे।
- 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल योजना का लाभ मिला है।
- इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं।
- 1 करोड़ टैक्स पेयर्स को मिलेगा फायदा।
- कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जाएगा।
- यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा।
- तीन रेल कॉरिडोर शुरू किए जाएंगे।
- महिलाओं की उद्यमशीलता 28 प्रतिशत बढ़ी।
- देश में 1000 से ज्यादा नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया गया।
- चार करोड़ किसानों को फसल बीमा का फायदा मिला।
- सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9-14 साल की बच्चियों का टीकाकरण होगा।
- आयुष्मान भारत का फायदा अब सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स को मिलेगा।
- सरकार 3 करोड़ मकानों के लक्ष्य के करीब।
- 11.8 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है।
- 4 करोड़ से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना का फायदा मिला है।
- पीएम किसान संपदा योजना से 38 लाख किसान हुए लाभान्वित।

## 'यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए इसे केवल एक अंतरिम बजट नहीं बल्कि एक समावेशी और अभिनव बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी देता है। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से बजट पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह समावेशी और अभिनव बजट है। इसमें निरंतरता का आत्मविश्वास है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा, निर्मला सीतारमण का बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। यह बजट 2047 तक विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट युवा भारत की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने बजट में लिए गए दो महत्वपूर्ण निर्णयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रिसर्च और इनोवेशन के लिए एक लाख करोड़ रुपये का फंड बनाने की घोषणा की गई है। उन्होंने बजट में स्टार्टअप्स के लिए टैक्स छूट के विस्तार पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए कैपिटल एक्सपेंडिचर को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है। अर्थशास्त्रियों की भाषा में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक प्रकार का स्वीट स्पॉट है। उन्होंने कहा कि यह भारत में 21वीं सदी के आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने वंदे भारत मानक की 40,000 आधुनिक बोगियों का निर्माण करने और उन्हें सामान्य यात्री ट्रेनों में स्थापित शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में सरकार का संकट और सस्पेंस गहराया

# राज्यपाल ने चंपई की दावेदारी पर निर्णय आज पर टाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में नई सरकार का संकट और सस्पेंस गहरा गया है। झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के नए नेता चंपई सोरेन ने गुरुवार शाम राजभवन पहुंचकर सरकार के लिए एक बार फिर दावेदारी पेश की, लेकिन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वह इस बारे में अपना निर्णय अगले दिन बताएंगे। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक परामर्श मांगा है, जो अब तक नहीं मिला है। गुरुवार रात तक राज्य में यथास्थिति बनी रहेगी। दरअसल, हेमंत सोरेन ने बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे सीएम पद से इस्तीफा दिया था। इसके तुरंत बाद चंपई सोरेन ने 43 विधायकों के हस्ताक्षर वाला पत्र राज्यपाल को सौंपकर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। उन्होंने कहा था कि हमें कुल 47 विधायकों का समर्थन हासिल है, लेकिन, चार विधायक अभी राज्य के बाहर हैं। सरकार बनाने के लिए विधायकों की शेष पृष्ठ 11 पर

### रांची से हैदराबाद नहीं जा पाए महागठबंधन के विधायक, कोहरे ने रोकी चार्टर्ड प्लेन की उड़ान

झारखंड में महागठबंधन के विधायक रांची से हैदराबाद नहीं जा पाए। रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर विधायक दो घंटे से अधिक चार्टर्ड प्लेन में बैठे रहे लेकिन लो-विजिबिलिटी की वजह से विधायकों का चार्टर प्लेन उड़ान नहीं भर सका। गठबंधन के विधायकों को मौसम का साथ नहीं मिला। गठबंधन के 38 विधायक दो चार्टर्ड विमानों में सवार होकर रनवे पर इंतजार करते रहे। बारिश और धुंध के कारण एटीसी की अनुमति नहीं मिलने के कारण उनका विमान उड़ान नहीं भर सका। रात 9 बजे यह निर्णय हुआ कि विधायक अब गुरुवार को हैदराबाद नहीं जायेंगे। उसके बाद बसें मंगा ली गयीं। सभी विधायक गुरुवार रात सर्किट हाउस में गुजारेंगे। इससे पहले, गठबंधन विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन सहित पांच विधायक राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें 43 विधायकों के समर्थन की सूची सौंपी। हालांकि राज्यपाल ने इस पर विचार करने के लिए समय मांगा शेष पृष्ठ 11 पर

#### गुरुवार की रात सर्किट हाउस में रुकें विधायक



## एक नजर

### विनय चौबे ने नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव का पद छोड़ा



**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद आईएएस विनय कुमार चौबे ने गुरुवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव के पद का परित्याग कर दिया है। विनय चौबे 1999 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

### स्वामी चिन्मयानंद को यौन शोषण मामले में कोर्ट ने किया दोषमुक्त



**शाहजहांपुर।** एमपी एमएलए कोर्ट ने एक शिष्या का यौन शोषण करने के मामले में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को गुरुवार को दोषमुक्त कर दिया। चिन्मयानंद के वकील फिरोज हसन खान ने बताया कि एमपी एमएलए कोर्ट ने कोई सबूत न होने कारण उन्हें बरी कर दिया है।

## जमीन घोटाला मामले में पूर्व सीएम हेमंत गए होटवार जेल, रिमांड पर सुनवाई आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का नया ठिकाना होटवार जेल के अपर डिवीजन सेल के ब्लॉक बी में कमरा नंबर-1 है। ईडी कोर्ट में पेशी के बाद इन्हें गुरुवार को सीधे होटवार जेल (बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार) लाया गया। इनकी गुरुवार की रात यहीं बीतेगी। जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

ईडी ने जमीन घोटाले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया। ईडी ने दस दिन का रिमांड मांगा। दोनों ओर से बहस होने के बाद अदालत ने हेमन्त सोरेन को एक दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

अदालत रिमांड पर सुनवाई आज करेगी। हेमंत को बड़गाईं अंचल की 8.45 एकड़ जमीन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की। राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि हेमंत निर्दोष हैं। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया अनिल कुमार ने पक्ष रखा। इससे पहले हेमंत से बुधवार को सात घंटे शेष पृष्ठ 11 पर



### हाईकोर्ट में हेमंत सोरेन की दायर याचिका वापस लेने के मामले में बहस पांच को

झारखंड हाईकोर्ट में ईडी की कार्रवाई के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से गुरुवार को दाखिल क्रिमिनल रिट को वापस लेने के लिए हस्तक्षेप याचिका (आइए) दाखिल की गयी। सुनवाई के दौरान असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया (एएसजीआई) एसवी राजू ऑनलाइन रूप में दिल्ली से हाईकोर्ट से जुड़े। सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आइए) दाखिल कर कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले को लेकर एक याचिका दाखिल की गई है, इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक स्पेशल बेंच बनाया है। सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को होनी है। इसे देखते हुए वह हाई कोर्ट में दाखिल अपनी याचिका को वापस लेना चाहते हैं। इस पर एएसजीआई एसवी राजू ने आपत्ति जताते हुए कहा कि वह हेमंत सोरेन के हाई कोर्ट से केस वापस लेने शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# न्याय होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए



सुनील बादल

***जब*** से झारखंड अलग राज्य की मांग चल रही थी तब से भ्रष्टाचार मुख्य मुद्दा रहा है और आज भी जब कथित भ्रष्टाचार के आरोप में झारखंड के दूसरे मुख्यमंत्री को जेल की यात्रा करनी पड़ी। यह अलग मुद्दा है कि आरोप क्या है और सच्चाई क्या है यह अभी नहीं कहा जा सकता? क्योंकि किसी को गिरफ्तार करना सजा दिलाना नहीं है और उन्हें निर्दोष ही माना जाना चाहिए जब तक लालू यादव की तरह सजा निर्धारित न हो जा जाए। क्रिकेट मैच की तरह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ध्वनि प्रभाव और पूरी नाटकीयता के साथ लगातार जो दिखा रही है वह पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की गिरफ्तारी के समय शुरू हुई थी। कहा जा सकता है कि यह एक प्रकार का राजनीतिक दिखावा है जो पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से किया जा रहा है। 1924 में इंग्लैंड के तत्कालीन लॉर्ड चीफ जस्टिस लॉर्ड हेवर्ट द्वारा रेक्स बनाम ससेक्स जस्टिस मामले में एक आदेश दिया गया था जिसमें लिखा था- न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिए। पूरी न्यायिक व्यवस्था में इसे मूल मंत्र कहा जाता है पर यहाँ मामला उल्टा कहा जा सकता है कि सजा होगी या नहीं पता नहीं पर दिख बहुत कुछ रहा है। मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों में बर्बरतापूर्वक सजा सार्वजनिक स्थानों में दी जाती है जिससे लोग अपराध करने से पहले सौ बार सोचते हैं पर भारत में न्यायिक प्रक्रिया बहुत ही धीमी है, जिसे देर से न्याय न मिलने के समान कहा जाता है।



गणतन्त्र दिवस के अपने भाषण में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कहा था-भ्रष्टाचार को सरकार की इन योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में बाधक नहीं बनने देना चाहिए। किसी भी रूप में और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने 7 अप्रैल 2022 को एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि एक लोकसेवक का भ्रष्टाचार राज्य और समाज के खिलाफ एक अपराध है। जस्टिस एसए नजीर और जस्टिस वी रामसुब्रमण्यम की पीठ ने इसी आधार पर मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को रद्द कर दिया था। झारखंड के संदर्भ में अगर सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को देखें तो प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल भर के दौरान इसी सच को साबित किया है। झारखंड के दो आइएस अफसर और एक चीफ इंजीनियर की गिरफ्तारी ईडी ने की है। ईडी ने जितने मामलों में हाथ डाला, उनके नए पन्ने खुलते चले गए। जांच की आंच में आने वालों की संख्या बढ़ती गई। साल भर में झारखंड से दो आईएएस को ईडी ने गिरफ्तार किया है। इनमें पहली आईएएस और गिरफ्तारी के वक्त झारखंड की खान सचिव पूजा सिंघल थीं। आज से करीब डेढ़ साल पहले 6 मई 2022 को पूजा सिंघल पर मनरेगा घोटाले की जांच के क्रम में ईडी ने उनके और करीबियों के 25 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। सिंघल के सीए के घर और दफ्तर से ईडी को 19.31 करोड़ नकद मिले थे। जांच का दायरा बढ़ा तो पता चला कि राज्य में बड़े पैमाने पर खनन के खेल में पूजा सिंघल की संलिप्तता है। ईडी ने उनसे जुड़ी 82.77 करोड़ की संपत्ति फ्रीज कर दी। पूजा सिंघल से कई बार की पूछताछ के बाद आखिरकार ईडी ने 11 मई 2022 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। छापे के अगले ही दिन सिंघल के सीए सुमन कुमार को ईडी ने गिरफ्तार किया था।राजधानी की लगभग 8.5 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में पकड़े गए लोगों की निशानदेही पर ईडी ने भाप्रसे के छविरंजन को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि सेना की जमीन बेचने में डीड में गड़बड़ी के लिए डीसी छविरंजन ने ही उन्हें उकसाया। पहली बार उनके कई ठिकानों पर छापेमारी और दूसरी बार की पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें लालघर का रास्ता दिखा दिया है। जमीन घोटाले में दलाल और अन्य समेत सात लोग पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। दलालों को सामने बिठा कर ईडी अफसरों ने जब छविरंजन से पूछताछ की तो उनकी बोलती बंद हो गई। तकरीबन 10 घंटे की पूछताछ के बाद आखिरकार छविरंजन भी सलाखों के पीछे पहुंच गए। प्रवर्तन निदेशालय की टीम झारखंड की प्रभावशाली आईएएस पूजा सिंघल पर मनरेगा घोटाले की जांच के लिए पिछले साल आई थी। जांच ज्यों-ज्यों आगे बढ़ती गई, झारखंड में तरह-तरह के घोटालों की परतें उधड़ती गईं। खनन घोटाला और जमीन घोटाला उसी कड़ी का हिस्सा हैं। इसमें अफसर, दलाल और नेताओं की भूमिका ईडी के सामने आई है। ईडी करीब दर्जन भर लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी खनन घोटाले में ईडी पूछताछ कर चुका है। जमीन घोटाला झारखंड का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला माना जा रहा है। जांच की प्रक्रिया अभी जारी है।

# जेपीएससी के लिए आज से भरे जाएंगे फार्म



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के लिए आवेदन गुरुवार से किया जायेगा। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा-2023 के लिए अधिसूचना 27 जनवरी को जारी की थी। इस बार झारखंड पीसीएस परीक्षा 342 पदों के लिए किया जाना है। झारखंड सिविल सेवा परीक्षा-2023 के लिए उम्मीदवार जेपीएससी के आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन कर सकते हैं। फिर उम्मीदवारों को होम पेज पर दिए गए लिंक से ऑनलाइन अप्लीकेशन सेक्शन में जाना होगा। इसके बाद उम्मीदवार इस पेज पर एक्टिव किए जाने वाले लिंक के माध्यम से संबन्धित एप्लीकेशन पेज पर जाकर आवेदन सबमिट कर सकेंगे। जेपीएससी की अधिसूचना के अनुसार आवेदन के लिए उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या किसी अन्य उच्च शिक्षा संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए। साथ ही उम्मीदवारों की आयु 21 वर्ष से कम तथा 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। न्यूनतम आयु सीमा की गणना शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### झामुमो का 45वां स्थापना दिवस दो को, गांधी मैदान सजधज कर तैयार



दुमका। झारखंड मुक्ति मोर्चा का 45 वां स्थापना दिवस मनाने को लेकर गांधी मैदान समेत उपराजधानी दुमका पूरी तरह सज-धज कर तैयार हो गया। पूरा शहर झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक बसंत सोरेन समेत पार्टी के आला नेताओं के बड़े-बड़े होडिंग व बैनर पटा पड़ा है। पूरा शहर पार्टी के चिन्ह तीर-धनुष और लाईट से सजकर तैयार है। हर साल की तरह शहर के विभिन्न मार्गों पर शहीदों के तोरण द्वार लगाए गए है। हर साल की भांति सुदूर गांव से लेकर संथाल परगना समेत राज्य के विभिन्न जिले से लोगों को आने के लिए बस आदि रवाना गुरुजी आवास, खिजुरिया से किया गया। दो फरवरी को एसपी कॉलेज से रैली निकाल पोखरा चौक पर शहीद सिदो कान्हू के आदमकद प्रतिमा समेत शहर के विभिन्न चौक पर लगे प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओ और झामुमो नेता गांधी मैदान पहुंचेंगे, जहां पार्टी का झंडोत्तोलन करने के बाद सभा को संबोधित करेंगे। यही से आगामी चुनावों और राज्य की दशा-दिशा तय होगी।

### तेज रफ्तार बाइक पोल से टकराई, युवक की मौत

**खूंटी।** शहर के कर्रा रोड स्थित तेली टोला के समीप बुधवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पोल से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक चालक युवक के सर में गंभीर चोट लगी। युवक को बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान तोरपा थानांतर्गत अंगराबारी गांव निवासी 20 वर्षीय स्टेफन भेंगरा के रूप में हुई है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराने के बाद उसके स्वजनों को सौंप दिया गया।

### शिविर में दी गई डाक विभाग के सेवाओं की जानकारी

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को डाकघर कर्रा द्वारा डाकपाल लुइस कच्छप की अगुवाई में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रूरल पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस, मनरेगा खाता, सुकन्या समृद्धि योजना, आरडी खाता, बचत खाता, छात्रवृत्ति के लिए बेसिक खाता 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाना, आधार से मोबाइल नंबर को लिंक करने सहित डाक सेवा की जानकारी दी गई। डाक पाल लुइस कच्छप ने कहा कि जिन्हें भी इन सब कार्यों के लिए कोई जानकारी लेनी हो या खाता खुलवाना हो, वे अपने संबंधित डाकघर में जाकर खाता खुलवा सकते हैं। किसी को कोई समस्या हो, तो वे डाकघर कर्रा आकर अपनी समस्या से अवगत करायें। शिविर में 77 बचत खाता खोले गए, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के नौ खाता खोले गए।

राजकीय मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पांडा पुंडिंग नदी का शैक्षणिक भ्रमण किया

# विद्यार्थियों ने मिट्टी के कटाव और चट्टानों के निर्माण की जानकारी ली

**सुनील कुमार गुप्ता, बेड़ो**

राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक के 160 छात्र छात्राओं के एक दल ने खूंटी जिले के खूबसूरत नैसर्गिक सौंदर्य से लिपटी पांडा-पुंडिंग नदी एवं जलप्रपात के भौगोलिक एवं शैक्षणिक यात्रा कर भूगोल के संदर्भ में महत्वपूर्ण प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका नीलम सिंह और सहायक अध्यापक अरुण कुमार साहु ने छात्र-छात्राओं के दल को पांडा पुंडिंग नदी एवं जलप्रपात के पास नदी अपरदन, निक्षेपण तथा नदी के विभिन्न पडाव़ सहित जलप्रपात निर्माण की अवस्थाओं पर प्रकाश डालते हुए नदी के कार्यों की जानकारी दी। नदी के मध्य बनी प्राकृतिक एवं कृत्रिम पांच श्रंखलाबद्ध कुंओं के निर्माण और उनकी गहराई के संदर्भ में छात्र-



छात्राओं को जानकारी दी गई। भौगोलिक एवं शैक्षणिक यात्रा के दौरान कौतूहल पैदा करने वाली दृश्यों के संदर्भ में छात्र-छात्राओं ने कई सवाल पूछे और शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के सवालों का जवाब दिया। इस दौरान चट्टानों के विभिन्न प्रकारों की जानकारी भी छात्र-छात्राओं को दी गई। नदी के बीच बने कुंओं समेत कई खतरनाक स्पॉट पर पर्यटन मित्रों एवं सुरक्षा कर्मियों ने लोगों को नजदीक जाने से रोका और कहा कि कई जगहों पर नदी का बहाव खतरनाक और गहराई अधिक होने के कारण प्रतिबंध क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इस मौके पर शिक्षक शिक्षिकाओं में श्वेता पाढ़ी, जिवंती मिंज, तारामणी कुजूर, शिक्षा मंत्री सूरज ठाकुर सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने बच्चों को अलग-अलग ग्रुप में बांट कर सुरक्षा एवं अनुशासन का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

# विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

प्रखंड स्थित शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत में प्रथम वर्ष के बच्चों द्वारा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को कलम ट्रॉफी दिया गया और उन्हें फूल माला से स्वागत किया गया। इस मौके पर बोलते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुशील कुमार मिंज ने कहा कि कॉलेज का रिजल्ट स्थापना काल से ही अच्छा रहा है। और आप लोग भी लगन के साथ मेहनत करें और कॉलेज का नाम रोशन करें। वही उपप्राचार्य मो मोहसिन खान ने बच्चों को संबोधन करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन पर विशेष बल देने की बात कही। ध्यान लगाकर पढाई करने पर जोर दिया। बच्चों को साबिर अंसारी, नीलिमा टोप्पो समेत अन्य शिक्षकों ने भी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन ससीउल्लाह अंसारी ने किया। मौके पर सीताराम साहू, कुलदीप एक्का , विकास उरांव, सुमन उरांव, मिथिलेश सिंह, हसीब अंसारी, राजू उरांव, कृष्णा उरांव, पार्वती उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### 13 दिवसीय जुट उत्पाद उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय जुट उत्पाद उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन श्री सुब्रतो नायक शाखा प्रबंधक केनरा बैंक सिल्ली के द्वारा किया गया । राज्य के विभिन्न प्रखंड ओरमांझी एवं सिल्ली से आये 20 महिलाओ ने प्रशिक्षण में भाग लिया।मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण लेने आए सभी प्रशिक्षणार्थी को स्वयं का स्वरोजगार करने एवं दूसरों को रोजगार देने की प्रेरणा दिए।साथ ही साथ कहा की आज के समय में जुट से बनी वस्तुओं की मांग बाजारों में ज्यादा है इस व्यवसाय में रोजगार का अवसर काफी है। वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास ,सुनील मुंडा इत्यादि उपस्थित रहे।

# डॉ प्रदीप कुमार अधिकारी बने बेड़ो कॉलेज के नए प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के प्राचार्य विंध्याचल राम के सेवानिवृत होने के बाद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने करमचन्द भगत महाविद्यालय बेडो. के जूलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रदीप कुमार अधिकारी को नया प्राचार्य बनाया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने अधिसूचना जारी कर दी। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने करमचंद भगत महाविद्यालय का नया बर्सर मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आशा रानी लकड़ा को दो वर्षों के लिए मनोनीत किया। इस संबंध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं आकाश कुमार रक्षित, सोनम कुमारी, विक्रम कुमार सहित कई लोगों ने नए प्राचार्य एवं वर्सर को बधाई दी है। प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार अधिकारी ने कहा कि कॉलेज और छात्र-छात्राओं के हितों में जो सभी आवश्यक कदम होंगे उठाए जाएंगे और एक अच्छी कार्य संस्कृति स्थापित की जाएगी।

# 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखण्ड के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग एवं एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया में 10वीं कक्षा की छात्र छात्राओं को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। अनुभव साझा कार्यक्रम के नाम से विदाई समारोह का आयोजन राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय ने दीप प्रज्ववलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । उन्होंने बताया कि विद्यालय से 224 परीक्षार्थी 2024 के मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा में भाग लेंगे। विदा होने वाले छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाओ से आशीर्वाद लिया व अपने कर्तव्य पथ पर ईमानदारी पूर्वक चलने का शपथ लेकर विद्यालय से विदाई लिया। प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार राय ने कहा कि विद्यार्थी को निष्ठापूर्वक निरन्तर मेहनत करने की सलाह दी गई। कड़ी मेहनत और लगन से ही सफलता कदम चूमेगी और उनकी सफलता से विद्यालय के अलावे अपने माता पिता का नाम रोशन होगा। वहीं ककरिया में रेखा आरती कुजूर ने कहा कि लक्ष्य को निशाना बनाकर अध्ययन करें । कामयाबी अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर इस समारोह में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के आलावे सभी छात्र छात्राए उपस्थित थी।

## न्यूज बॉक्स

### बजरंगबली मंदिर का 28 वां स्थापना दिवस आज



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के थाना परिसर में अवस्थित थानावली बजरंग बली मंदिर की 28 वीं स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन दो फरवरी को किया जाएगा। इसे लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुक्रवार की सुबह छह बजे से गणेश पूजन के साथ बजरंगबली मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना, आठ बजे से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ रात आठ बजे भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा, यजमान संजीत कुमार साहु, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नरेश लाल खन्ना, उपाध्यक्ष वाणी कुमार राय, सचिव अंकित कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष रविशंकर प्रसाद, अविनाश कुमार कश्यप सहित कई लोग तैयारी में जुटे हैं।

### हिंडालको कंपनी ने किया चश्मा का वितरण



**सिल्ली।** हिंडालको सी एस आर विभाग के द्वारा निशुल्क नेत्र चश्मा वितरण किया गया साथी साथ उन मरीजों को दी गई है जिनका निशुल्क चिकित्सा शिविर के द्वारा नेत्र जांच आठ और नौ दिसंबर 23 को किया गया था। जिसमें 375 चश्मा नेत्र मरीजों को दिया गया। यह नेत्र जांच शिविर बड़ा मुरी पंचायत भवन और कोकोराना पंचायत भवन में अलग-अलग दिनों में लगाया गया था। इस वितरण कार्य में हिंडालको हॉस्पिटल के डाक्टर सुनील सिंह, सी एस आर विभाग के भारत सिंह का सहयोग रहा। चश्मा पाने वालों में सुरेंद्र प्रजापति,निर्मल महतो, एस दुबे आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### नारो पतरा के समीप युवक का शव बरामद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रेफर



**मांडर।** प्रखंड के नारो पतरा के समीप गुरूवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान नारो के रहने वाले एजाज खान के 20 वर्षीय पुत्र सोहेल खान के रूप में की गई है। उसके सिर व चेहरे पर हल्के चोट के निशान भी हैं। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। युवक युवक इस बार की मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाला था उसका एडमिट कार्ड भी आ चुका था। युवक के पिता ऑटो रिक्शा चलाते हैं। उन्होंने बताया कि रात खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए। उनका एक घर पतरा के समीप भी है। जहां कभी सोहेल तो कभी उनके पिता सोते थे। सुबह लड़के का पिता ऑटो लेकर काम पर चले गए। दोपहर में उन्हें सूचना मिली की उनके बेटे के शव पतरा के निकट बरामद किया गया है। देखने से ही लग रहा था कि उसकी हत्या की गई है। चेहरे पर काफी जख्म था। परिजनों के द्वारा अज्ञात लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

# दावा पेश करने के बाद भी सरकार नहीं बनाने से राज्य में सस्पेंस : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने से राज्य में खालीपन आ गया है. हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के बाद गठबंधन बचाने के लिए चंपई सोरेन को अपना नेता चुन लिया और चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया. 43 विधायकों के हस्ताक्षर के साथ समर्थन पत्र सौंपा गया है. उन्होंने कहा कि जब महाराष्ट्र में रात को सरकार बन सकती है और बिहार में पांच बजे के बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई. ऐसे में बहुमत के 43 दावे पर राज्यपाल तत्काल शपथ दिलाएं, अगर देर है तो विधायकों का परेड करा लें. खुर्शीद हसन



रूमी गुरुवार को पत्रकारों के प्रश्न पर जवाब दे रहे थे. उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पद राज्य में संवैधानिक प्रमुख होता है, इसमें वे अपने कर्तव्यों का निर्वाह करें. संवैधानिक व्यवस्था के तहत उन्हें तत्काल कदम उठाना चाहिए. ऐसा महसूस हो रहा है कि राज्यपाल भाजपा के एजेंट के तौर पर काम कर रहे हैं. सरकार बनाने का दावा पेश करने के बाद भी सरकार नहीं बनाने के कदम से राज्य में सस्पेंस की स्थिती उत्पन्न हो गई है.

इससे आगे उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने हेमंत सोरेन का इस्तीफा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन सरकार बनाने के दावे पर कोई निर्णय नहीं लेना यह दशार्ता है कि वो भाजपा और गृहमंत्री के इशारे पर काम कर रहे हैं. हेमंत सोरेन का इस्तीफा स्वीकार कर राज्य में सरकार बनाने की बात नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है. झारखंड में गठबंधन के पास बहुमत है, ऐसे में फौरन सरकार बननी चाहिए, सरकार बनाने नहीं देना संवैधानिक संस्था को खत्म करने जैसा है. अगर बहुमत के रहते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने जैसी कोई कार्रवाई की गई तो राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति अत्यन्त भयावह हो जायगी.

### महागठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं का बापू वाटिका के समक्ष सत्याग्रह आज

**रांची।** महागठबंधन दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं का 2 फरवरी को मोरहाबादी मैदान के बापू वाटिका के समक्ष एकदिवसीय मौन व्रत सह सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया है. इस कार्यक्रम में महागठबंधन के निर्वाचित नेता चंपई सोरेन, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राजद विधायक दल के नेता सत्यानंद भोक्ता, विधायक प्रदीप यादव, माले विधायक विनोद सिंह सहित संबंधित दल के नेता और कार्यकर्ता इसमें हिस्सा लेंगे. इस कार्यक्रम के माध्यम से राजभवन और राज्यपाल के द्वारा बहुमत वाले महागठबंधन को सरकार बनाने का दावा पेश करने के बावजूद शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रण नहीं करने को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा. यह जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य और विनोद कुमार पांडे ने दी. उन्होंने बताया कि सुबह 11:00 बजे से गठबंधन दल के सभी नेता और कार्यकर्ता बापू वाटिका के समक्ष जुटेंगे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**
**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– 11/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG — दिनांक :– 01.02.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है ।

कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रुपया में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1 | RWD/HAZ/MMGSY/21/ 2023-24 | कटकमसांडी | पंचायत–कटकमसांडी बसंतपुर आर0 ई0 ओ0 पथ से खेरका तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.120 कि0मी0) | 1,16,88,100/- | एक करोड़ सोलह लाख अठासी हजार एक सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–08.02.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–15.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–16.02.2024 अपराह्न 05.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 317644 Rural Work Department(23-24)D



**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi), Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Short Term e-Procurement Notice**
**Date – 01-02-2024**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/ 07/ 2023-24 | Renovation of Residential Office, Police Barrack, Servant Quarter, Garrage, Sanri Post, Boundary Wall, Approach Road, Shed and other Miscellaneous Work in Hon'ble Judge Bunglow No.-3 (Old) at Rajendra Chowk, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 7576350.00 | Three Month |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/ 08/ 2023-24 | Construction of Divisional Samyukta Sahakarita Bhawan at Ranchi | 23284315.00 | Twelve Month |
| 3 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/ 09/ 2023-24 | Renovation Work of Sameti Bhawan (Second Floor & Third Floor) at Kanke Road, Ranchi | 5619800.00 | Four Month |
| 4 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/ 10/ 2023-24 | Strengthening Work of ETC Building Hehal Ranchi | 7631000.00 | Six Month |
| 5 | Date of Publication of Tender of Website | | 08-02-2024 at 3.00 PM | |
| 6 | Start Date of Submission of Bids | | 08-02-2024 at 3.30 PM | |
| 7 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 16-02-2024 at 02.00 PM | |
| 8 | Date/Time of Opening of Bid | | 17-02-2024 at 03.00 PM | |
| 9 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 10 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 11 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

**Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division No. 1, Ranchi**

PR 317648 Building(23-24)#D


राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 2024 का समापन

# आदिवासी आकृति नहीं प्रकृति के पूजक : नीलम बिरूली



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आदिवासी कला और संस्कृति का उत्सव राष्ट्रीय जतरा महोत्सव गुरुवार को मोराबादी मैदान में संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर, कुमार राजा, समाजसेवी रमेश सिंह महेश महतो शामिल हुए। महोत्सव की अध्यक्षता अंतू तिर्की के द्वारा की गई। इस अवसर पर संस्थापक नीलम बिरूली ने कहा कि आदिवासी समुदाय हमेशा से शांति और एकता का प्रतीक रहा है और आदिवासी आकृति को नहीं प्रकृति पूजक है। इस अवसर पर महोत्सव के कोषाध्यक्ष सूरज टोप्पो रांची लोकसभस के पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय उपाध्यक्ष अमित मुंडा,संस्थापक महासचिव नीलम बिरौली, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश पहन अर्जुन मुंडा अभय भूत कुंवर संयोजक सोनू खलखो व मुंडा महावीर लकड़ा विक्की करमाली मिथिलेश कुमार भी उपस्थित थे। समापन कार्यक्रम के शुभारंभ में गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम स्थल में लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।

### आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान कर रही है भाजपा : सुदीप गुड़िया

**खूंटी।** झामुमो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिराफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए आदिवासी मुख्यमंत्री के मध्यम से आदिवासियों को पीछे धकेलने का षडयंत्र करार दिया है। पार्टी के जिला प्रवक्ता और केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया ने बयान जारी कर कहा कि ईडी और सीबीआई केंद्र में भाजपा का सहयोगी बन कर कार्य करनेवाली संस्था बन गयी है। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा कमजोर है, वहां ईडी को आगे कर जांच की आड़ में भ्रष्टाचार के नाम पर धमकाने का कार्य करती है। गुड़िया ने कहा कि जब कोई आरोपित भाजपा की सदस्यता ले लेता है तो उसे भ्रष्टाचार मुक्त नेता घोषित कर दिया जाता है। इसका उदाहरण है महाराष्ट्र के अजित पवार, जो करीब 70 हजार करोड़ रुपए के गबन का अरोपित थे, भाजपा के सहयोगी बन कर आज महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री पद पर असीन हैं और ईडी ने फाइल बंद कर दी। उन्होंने कहा कि झामुमो की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा घबरा गयी और तरह-तरह तरह के हाथकंडे अपना कर हेमंत सोरेन और झामुमो को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रही है।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा तीन फरवरी को हंसडीहा में



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर तीन फरवरी को दुमका के हंसडीहा पहुंचेगी। इस यात्रा को लेकर दुमका जिला कांग्रेस कमेटी व्यापक तैयारी में जुटी हुई है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफल बनाने के लिए संयोजक समिति बनाई गयी है,जो इस कार्यक्रम में युद्ध स्तर पर जुटी हुई है। दुमका जिला स्तर के वरिष्ट कार्यकर्ता और नेता अपने-अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार कर रहे हैं, जिस रूट से होकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुजरेगी उस मार्ग को बैनर पोस्टर और झंडों से पटाया जा रहा है। मौके पर तैयारियों का जायजा लेने हंसडीहा पहुंचे कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता श्यामल किशोर सिंह ने कहा कि तीन फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा हंसडीहा के रास्ते देवघर की और निकल जायेगी। इस बीच कई जगह कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। न्याय यात्रा में कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ व बड़े नेता शामिल रहेंगे।

## बिना सबूत गिरफ्तारी संभव नहीं

# इडी की कार्रवाई समाज की नजर में

*अमित कुमार/ कुमार उत्कर्ष* झारखंड में हुआ राजनीतिक बदलाव एक कानूनी प्रक्रिया के तहत हुआ है। इसे राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं है। ईडी जैसी एजेंसियां पूरी तरह स्वतंत्र होती हैं। इस पर किसी का दबाव नहीं होता। सीएम हेमंत सोरेन की जांच कोर्ट के निर्देश पर हुई है। ऐसे में यह कहना कि केंद्र की सरकार हेमंत सरकार को प्रताड़ित कर रही है उचित नहीं है। बिना सबूत का इतनी बड़े अभियान को चलाना संभव नहीं है। डीजीपी साहब प्रशंसा के पात्र हैं जिनकी दूरदर्शिता से शांति भंग नहीं हुई।

### किशोर मंत्री, अध्यक्ष, एफजेसीसीआई



झारखंड निर्माण के 23 साल हो चुके हैं झारखंड के साथ ही दो अन्य राज्य का निर्माण हुआ वे दोनो विकास के दौर में काफी आगे निकल चुके हैं। स्पष्ट है कि जितनी भी सरकारें आई उनकी नीतियां ब्यूरोक्रेसी में स्पष्टता और दूरदर्शिता की कमी थी।

केंद्रीय बजट

### देवशरण भगत, प्रदेश प्रवक्ता, आजसू



झारखंड का निर्माण यूं ही नहीं हुआ। इसे लंबे संघर्ष के बाद प्राप्त किया गया है। लोगों की बलिदान के बाद इसे बनाया गया हैं। हमारी सरकार में किसी ने कोई आरोप नहीं लगा। यह कहना गलत है कि केंद्र सरकार हेमंत सरकार को गलत ठहरा रही है। सच्चाई है कि आप भ्रष्टाचारी हैं तभी एजेंसियां आप पर लगी हुई है।

### आलोक कुमार दुबे वरिष्ठ कांग्रेस नेता



बाबूलाल मरांडी जब सत्ता में थे तब उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार की जड़ें इतने अंदर समा चुकी हैं कि मुझे रात में नींद नहीं आती। स्पष्ट है कि उस वक्त भी भ्रष्टाचार चरम पर था। हालांकि बीजेपी की नीति रही है कि उनके वाशिंग मशीन में जो भी पार्टियां समाहित होती हैं

केंद्रीय बजट

### प्रवीण मग्गो, व्यापारी



यह दुर्भाग्य की बात है कि बाबूलाल मरांडी को छोड़ कर झारखंड के बाद में बने मुख्यमंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री रहे रघुवर दास का भी कार्यकाल बेहतर रहा। बाकी के अन्य सभी मुख्यमंत्री व उनके मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। जिनमें से कई

केंद्रीय बजट

### जगजीत प्रसाद, छात्र, पत्रकारिता विभाग



इतिहास गवाह है कि वैसे राजा जो भोग विलास में संलिप्त रहे थे उनकी सत्ता छिन गई है और कई राजवंश कई शताब्दियों तक शासन करते रहे हैं। उस दौरान उनकी प्रजा भी काफी खुश थी। झारखंड निर्माण के बाद से ही देश भर में झारखंड की छवि खराब हुई है। आज सत्ता का अर्थ भ्रष्टाचार से जोड़ कर देखा जाने लगा है।

### अंशुमाल शर्मा, फिजियोथैरेपिस्ट



आम जनता अपने जीवन में घर, परिवार, समाज, नौकरी, व्यापार आदि को लेकर उलझी रहती है। ऐसे में वे चाहते है कि राज्य में ऐसी सरकार बने जो विश्वास के साथ राज्य को सुचारु ढंग से चलाये। लोग चाहते है कि सरकार किसी भी पार्टी की हो समाज में अपराध न हो।

केंद्रीय बजट

### डॉ. हेमलाल कुमार मेहता (हेमू) जिला सचिव झामुमो



पूर्ण बहुमत और गठबंधन की दावा पेश करने के बाद भी राज्यपाल के द्वारा नहीं बुलाया जाना बताता है कि ईडी के माध्यम से केंद्र सरकार झारखंड से हमारा खत्मा करना चाहती है। यह लोकतंत्र के लिहाज से अच्छा नहीं है। राज्यपाल के द्वारा नहीं बुलाए जाने से लोगों तक यह संकेत जा रहा है कि विधायकों को तोड़ने और भाजपा अपना दावा पेश करने के प्रयास में है। हमें गर्व है कि उनके सामने झुकने के बजाय हेमंत सोरेन ने जेल जाना पसंद किया।

### डॉ. राजश्री जयंती, भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण- सह-प्रमुख



भ्रष्टाचार ने राज्य को पूरी दुनिया में बदनाम किया है। राज्य की जनता शर्मसार है। जनता अपने को ठगा हुआ महसूस कर रही है। ऐसी क्या थी कि हेमंत सोरेन को राज्य छोड़कर क्यों भागना पड़ा। अवैध संपत्ति अर्जित करने, जमीन घोटाला, मनी लांड्रिंग के आरोपी आखिर कब तक खुद को बचाते। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डेढ़ वर्ष पहले ही साहिबगंज मे हुए अवैध खनन के विषय में पत्र लिखा था अगर उस समय मुख्यमंत्री संज्ञान ले लेते तो आज यह दिन न देखना पड़ता।

# तीन दिनों से धरने पर बैठे शिक्षकों का धरना खत्म, सभी मांगें पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षक अपनी मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से रांची विश्वविद्यालय परिसर पर धरने पर बैठे हुए थे तथा उनकी मांगे आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक के अनुरूप समान कार्य समान वेतन तथा उन्ही के अनुरूप व्यवहार के लिए मांग पर बैठे हुए थे जो कि आज उनकी सारी मांगे विश्वविद्यालय के द्वारा मान ली गई।।। अधिसूचना के पश्चात सभी शिक्षक विश्वविद्यालय में कुलपति अजीत कुमार सिंहा, कुलसचिव विनोद नारायण, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू , प्रॉक्टर डॉ मुकुंद कुमार



मेहता,प्रति कुलसचिव प्रीतम कुमार आदि पदाधिकारी को धन्यवाद दी और अपना धरना का स्थगन करते हुए सभी लोग खुशियां मनाते हुए अपने-अपने घर को प्रस्थान किये। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2015-16 से रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत राज्य सरकार के दिशा निर्देशन के अनुरूप अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी।। जिनको प्रति कक्षा ?500 तथा अधिकतम 30000 देने का निश्चय किया गया था परंतु वर्ष 2017 में अनुबंध पर सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई जिसमें पहले से कार्यरत इन सभी अतिथि शिक्षकों को पहली राज्य सरकार के द्वारा निर्देशन थी परंतु यह लाभ इन्हें विश्वविद्यालय के द्वारा नहीं दिया जा रहा था।

# परिषद के दो कर्मचारी रजनी प्रमाणिक सेन और राम प्रकाश साहू सेवा निवृत्त हुए



झारखंड अधिवित परिषद के सभागार में सम्मान समारोह सह विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें जैक के अध्यक्ष एवं सचिव महोदय के साथ-साथ वित्त पदाधिकारी और सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे

# बदला झारखंड का मिजाज दिन भार की बारिश के बाद रात में कोहरे की चादर में लिपटा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुवार को मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया। पछले दो दिनों से राज्य के मौसम में बदलाव रही। आसमान में घने बादल छाये हुए हैं। कई जिलों में हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। इसके साथ ही ठंडी हवाओं ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। तापमान में खासी कमी देखने को मिल रही है। राजधानी रांची में सुबह से ही हल्की हल्की बारिश हो रही है। मौसम के इस बिगड़े अंदाज की वजह से आज सड़कों पर आम दिनों की अपेक्षा कम लोग दिखें। सिर्फ वहीं लोग निकले जिन्हे काम पर जाना था। तफरीह के मिजाज से निकलने वालों की संख्या बहुत कम रही। रांची का अधिकतमम तापमान 25.7 डिग्री रहा जबकि मिनिमम तापमान 14.6 डिग्री रहा है। जमशेदपुर का तापमान 26.0 और 17.0, डाल्टनगंज का तापमान 28.0 डिग्री और 12.2 डिग्री, बोकारो का तापमान 25.1, और 13.6, चाईबासा का तापमान 26.0 और 16.2 डिग्री दर्ज किया गया। खूंटी में सुबह के समय 3.5 मिमी, गुमला के भरनो में 2.2 मिमी रिकॉर्ड किया गया।

### झारखंड में बारिश ने बढ़ायी ठंड

**रांची।** राजधानी रांची सहित पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य झारखंड के कई हिस्सों में गुरुवार को हुई बारिश के बाद ठंड बढ़ गई है। खूंटी में 3.5 मिमी और गुमला के भरनो में 2.2 मिमी बारिश हुई है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान तीन से चार डिग्री तक गिरेगा। वहीं राज्य के कई जगहों में बादल छाए हुए हैं। मौसम के बदले मिजाज ने ठंड भी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने राज्य उत्तर पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भागों में बारिश की संभावना पहले ही जाहिर की थी। रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार से बारिश से थोड़ी राहत मिल सकती है।

# उपायुक्त और एसएसपी ने शहर के विधि व्यवस्था का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को पूरे रांची शहर और संवेदनशील स्थानों में विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा की पूरे रांची जिले में विधि-व्यवस्था अच्छे से संधारित हो। इसको लेकर सभी प्रखंडो सभी थाना में मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल की तैनाती कराई गई है, ताकि किसी परिस्थिति और आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी संभावित उपायों को दुरुस्त करके रखा जा सके। 150 से अधिक प्रतिनियुक्ति स्थल बनाई गई है, जहां पर पुलिस फोर्स तथा मजिस्ट्रेट की व्यवस्था की गयी है। भीड़ नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए है। सभी प्रमुख स्थानों पूरी व्यवस्था रखी गई है, जहां धरना प्रदर्शन की संभावना है, वहां दंडाधिकारी और पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। सबको जरुरी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बताया गया है कि कैसे असामान्य स्थिति पैदा होती है, तो किस प्रकार कार्रवाई की जानी है। उनसे निपटने के लिए शहर के चारों ओर ड्राप गेट, बैरिटेक लगा दिया गया है। ताकि कोई भी आपात स्थिति उत्पन्न होने पर विधि-व्यवस्था अनुकूल बनी रहें।





### झारखंड बंद का नहीं रहा असर

रांची। राजधानी में गुरुवार को बंद का आंशिक असर देखने को मिला। राजधानी के सभी स्कूल एहतियातन बंद रहे। किसी भी आदिवासी संगठन के द्वारा जुलुस नहीं निकाले गये। बाजार भी पूरी तरह से खुले रहे। अपर बाजार सहित मेन रोड की सभी दुकानें खुली रहीं। आवाजाही सुगमता पूर्वक हुई। कहीं भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। विदित हो कि ईडी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने को लेकर झारखंड में आदिवासी संगठनों ने बंद का आह्वान किया था। इसके लिए जगह-जगह पर्चे भी चिपकाये गये थे, जिस पर किसी भी आदिवासी संगठन का नाम नहीं था।

### प्रत्यक्ष कर में 25000 रुपए तक की डिमांड वापस लेने से एक करोड़ से ज्यादा करदाताओं को फायदा



**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा के द्वारा आज शाखा भवन में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए अंतरिम बजट 2024 की लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था किया गया। अंतरिम बजट के लाइव टेलीकास्ट के बाद इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के अध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़ ने कहा कि इस अंतरिम बजट में 2009-10 तक की अवधि के लिए 25000 और 2014-15 तक की अवधि के लिए 10000 तक की प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने से 1 करोड़ से ज्यादा करदाताओं को लाभ होगा। साथ ही देश के अंदर बंदरगाह पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किये गए उपाय उल्लेखनीय है। देश में लोगों की औसत आय में 50% वृद्धि भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उदय का घोषणा करने वाला है।

### रांची नगर निगम क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर रांची द्वारा जारी की गई निषेधाज्ञा

दिनांक 01 फरवरी 2024 के अपराह्न 2:00 बजे से अगले 48 घंटे तक निषेधाज्ञा लागू

दिनांक 31 जनवरी 2024 रात्रि 10:00 बजे से अगले आदेश तक के लिए जारी निषेधाज्ञा तत्काल प्रभाव से विलोपित

अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर रांची द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत रांची नगर निगम क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा दिनांक 01 फरवरी 2024 के अपराह्न 2:00 बजे से अगले 48 घंटे तक लागू रहेगी।*

**रांची नगर निगम क्षेत्र में निम्न प्रकार की निषेधाज्ञा की गई है**

1- बिना सक्षम प्राधिकार के पुवार्नुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना (सरकारी कार्यक्रमों को छोड़कर)।

2- किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)।

3- किसी प्रकार के हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)।

4- बिना सक्षम प्राधिकार के पुवार्नुमति के किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को छोड़कर)।

**साथ ही दिनांक - 31.01.2024 रात्रि 10:00 बजे से अगले आदेश तक के लिए जारी निषेधाज्ञा को तुरंत प्रभाव से विलोपित किया गया है।**

## उच्च शिक्षा संस्थानों में विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में शोध के लिए आयोजित

# विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में शोध से आर्थिक विकास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो. ई. बालागुरुसामी ने गुरुवार को कहा कि विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में शोध को प्रोत्साहित करके राष्ट्र के आर्थिक विकास को गति दी जा सकती है। इसके माध्यम से भारत को सम्पन्न और विकसित राष्ट्र बनाने में सहायता मिलेगी। बालागुरुसामी गुरुवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में झारखंड के उच्च शिक्षा संस्थानों में विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में शोध के प्रोत्साहन के लिए आयोजित दो दिवसीय संवादात्मक कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को विशिष्ट वक्ता के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक संस्थानों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वे शोध की दिशा में एकल प्रयास न करके एकीकृत प्रयास करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में शोध की सम्भावनाओं को तलाशने पर बल दिया। उन्होंने उच्च एवं शिक्षा तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा शोध कार्य को बढ़ावा दिए जाने वाले प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शोधार्थियों एवं शिक्षकों को इसका लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए अनुसन्धान को अपेक्षित और आवश्यक बताया। इसके साथ शोध के लिए आधारभूत संरचना के विकासार्थ आर्थिक संसाधनों की प्राप्ति पर बल दिया। उन्होंने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अहं का त्याग करते हुए सामूहिकता में कार्य करने की बात कही। उन्होंने व्यावहारिक आशावाद पर बल दिया। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार ने कहा कि राज्य में झारखंड राज्य संकाय विकास अकादमी की स्थापना की जायेगी। उन्होंने कहा कि शोध कार्यों, नवाचार आदि को प्रोत्साहित करने के लिए पृथक बोर्ड की स्थापना की जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में सरकारी विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों से पीएचडी करने वाले उम्मीदवारों के लिए फेलोशिप आरम्भ किया जाना प्रस्तावित है। यूजीसी नेट,सीएसआईआर नेट उत्तीर्ण छात्रों के लिए 25000 रुपये प्रति माह और झारखंड पात्रता परीक्षा (जेईटी) उत्तीर्ण छात्रों के लिए 22500 रुपये प्रति माह की राशि चार साल की अवधि के लिए दी जाएगी। इस योजना से प्रतिवर्ष कुल 1000 छात्र लाभान्वित होंगे।

# इन्फ्रास्ट्रक्चर व टूरिज्म को मिलेगी गति

### डॉ. अभिषेक रामाधीन, कार्यकारिणी सदस्य एफजेसीसीआई



इंफ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म व रियल इस्टेट सेक्टर के विकास की योजना को बजट में पेश किया गया है। बजट के माध्यम से स्टार्टअप को टैक्स बेनिफिट, अनुसन्धान क्षेत्र में कम ब्याज दर पर लोन और यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार के लक्ष्य की योजना स्वागत योग्य है। पीएम आवास के लक्ष्य की योजना से इंफ्रास्ट्रक्चर और रियल स्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा।

### विनय कुमार राय, उपाध्यक्ष आरडीबीए



किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का विस्तार इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भर करता है। बजट के माध्यम से सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में विकास के लिए 11.1 फीसद ज्यादा खर्च का प्रावधान किया है। खुशी है कि सरकार ने फ्रेट कॉरीडोर बनाने का निर्णय लिया है। जिसके दूरगामी परिणाम आयेंगे।

### संजय कुमार विद्रोही, संयुक्त सचिव आरडीबीए



विकासोन्मुखी बजट है। व्यापारी, किसान, महिला के साथ ही टूरिज्म, इनोवेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट के माध्यम से टूरिज्म सेक्टर के विकास हेतु राज्यों को ब्याजमुक्त लोन, ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान देते हुए वित्त मंत्री ने देश के विकास के लिए अपने कमिटमेंट को दशार्या है।

### नवजोत अलंग, डीआरयूसीसी सदस्य



वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट पावर, यूथ, फार्मर और वूमन पर फोकस है। सरकार की योजनाएं दशार्ती हैं कि इन प्रयासों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। रिसर्च एंड डेवलपमेंट के लिए 50 साल के लिए इंटरेस्ट फ्री लोन देना स्वागत योग्य निर्णय है।

### मंजु उरांव, सोसलवर्कर



अंतरिम बजट संतुलित है। मध्यम वर्गीय श्रेणी के व्यापारी जो अर्थव्यवस्था की रीढ हैं, उनके लिए कोई ठोस योजना नहीं लाया जाना चिंतनीय है। सरकार को मध्यम वर्गीय व्यापारियों की चिंता करनी चाहिए।

### पवन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष एफजेसीसीआई



पीएम आवास के तहत अगले पांच वर्षों में दो करोड मकान बनाने की योजना से रियल इस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलने की उम्मीद जगी है। बजट के माध्यम से सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के लिए 11.1 फीसदी खर्च बढाने, तीन प्रमुख रेलवे कॉरीडोर, गरीबों को एम्पॉवर्ड करने पर जोर, स्टार्टअप को मिलनेवाले टैक्स छूट के विस्तार की घोषणा स्वागतयोग्य है।

### आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष एफजेसीसीआई



बजट सरकार के आत्मविश्वास को दशार्ता है। महिलाओं, युवाओं और कृषि क्षेत्र को लेकर सरकार ने कई नई योजनाएं और सुविधाएं शुरू करने की बात कही है। बजट में कारपोरेट टैक्स में कटौती करना है। इससे उद्योगपतियों के हाथों में ज्यादा पैसा बचेगा जिससे वे नया निवेश या पुराने उद्यम को आगे बढाने के लिए अतिरिक्त पैसा खर्च कर सकेंगे। इससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

### अशोक शर्मा, एलआईसी एजेंट



अंतरिम बजट के माध्यम से वित्त मंत्री द्वारा डिजिटल पब्लिक इंफ्रा पर फोकस, महिला सशक्तीकरण, मिडिल क्लास के लिए हाउसिंग स्कीम, निवेश की जरूरतों को पूरा करने के लिए फाइनेंशियल सेक्टर को मजबूती देने जेसी योजना का हम स्वागत करते हैं। अनुसंधान के क्षेत्र में आसान बैंक लोन उपलब्ध कराना बेहतर परिणाम देगा।

### अमित शर्मा, सह सचिव



बजटीय उद्बोधन में वित्त मंत्री ने आध्यात्मिक पर्यटन को बढावा देने हेतु लक्षद्वीप पर्यटन और कॉन्फ्रेंस पर्यटन का जिक्र किया है। विदेशी यात्रियों को घरेलू पर्यटन की ओर आकर्षित करने के लिए राज्यों के पर्यटन को विकसित करने की योजना स्वागत योग्य है। अंतरिम बजट में प्रत्येक सेक्टर पर ध्यान दिया गया है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# अमृतकाल के लिए मजबूत बुनियाद है अंतरिम बजट : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी सरकार ने अमृतकाल के लिए मजबूत बुनियाद तैयार की है। उन्होंने कहा कि यह 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में एक कदम है। प्रधानमंत्री का दृढ़ विश्वास है कि हमें चार प्रमुख जातियों गरीब, महिला, युवा, अन्नदाता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि यह अंतरिम बजट इसकी झलक पेश करता है कि आने वाले 5-10 वर्षों में भारत सबसे विकसित देश होगा।

देश में कुछ ही सालों में हवाई अड्डों की संख्या 70 से बढ़कर 149 हो गई है। विपक्ष ने अपने कार्यकाल में कुछ नहीं किया है। उनके लिए श्वेत पत्र लाया जा रहा है। लोगों को पता चल जाएगा कि मौजूदा विपक्षी पार्टियों ने 2014 से पहले देश को कैसे धोखा दिया था।

## बजट सिर्फ झूठ का पुलिंदाः राजेश ठाकुर



अंतरिम बजट पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि बजट सिर्फ झूठ का पुलिंदा है। इसमें कोई सारगर्भित बात नहीं की गयी है। बजट भाषण में इन्फ्रास्ट्रक्चर में तेज विकास बताया जबकि वस्तुस्थिति यह है कि 837 इन्फ्रास्ट्रक्चर औसतन 37 महीने के विलंब से चल रहे हैं। जबकि कुछ प्रोजेक्टस तो 59 महीने के विलंब से है। संसद में पूछे गये प्रश्न में सांख्यिकी मंत्रालय के लिखित उत्तर में यह बात कही गई थी। इसी तरह भाषण में रोजगारों की वृद्धि पर कहा कि ईपीएफओ के आंकड़ों में नवम्बर महीने में पांच प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह गिरावट पिछले चार महीने से जारी है।

## बजट में विकास, विरासत और संकल्प का उल्लेख : सुदेश महतो




बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इस बजट में विकास, विरासत और संकल्प का उल्लेख है। इस बजट में समाज के सभी वर्ग खासकर किसान, युवक, गरीब और महिलाओं को प्राथमिकता देने के साथ विकसित व संपन्न भारत बनाने में सरकार की प्रतिबद्धता भी झलकती है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश को आर्थिक समृद्धि, स्थिरता और प्रगति की दिशा में आगे ले जाने के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस जनकल्याणकारी और जनहितकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का हार्दिक अभिनंदन है।

## सर्वोदय की सोच का बजट : विरंची



भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ की ओर से 11:00 बजे पूर्वाह्न संसद में प्रस्तुत अंतरिम बजट को सुना गया, जिसमें आर्थिक क्षेत्रों के विशेषज्ञ, सीए, सीएस, शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ, अधिवक्ता, चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जेपी शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक बिरंची नारायण, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाह देव, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि यह अंतरिम बजट अंत्योदय से सर्वोदय की विकास यात्रा का अंतरिम बजट है।

## विकसित भारत के लक्ष्य वाला बजट : वीडी राम



पलामू के सांसद बिष्णु दयाल राम ने केंद्रीय अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सर्वसमावेशी है तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है।यह अंतरिम बजट सवार्गीण,सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी तथा विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मजबूत आधारशीला का कार्य करने वाला है । यह बजट युवा शक्ति, महिला, किसान, एवं गरीब वर्ग चारों स्तम्भों को सशक्त बनाने का कार्य करेगा। बजट के प्रावधानों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ अब 2 करोड़ घर अगले 5 साल में और बनाए जाएंगे।

## लोकसभा चुनाव की मतगणना तक विश्राम नहीं : डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक




**सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी, सर्वव्यापी भाजपा को बनाएं आधार : मरांडी**
**मोदी जी के प्रयासों के संवाहक बनें : अमर बाउरी**
**सारे कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने में जुट जाएं : कर्मवीर सिंह**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार की शाम भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व जिला प्रभारियों की परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। मंच पर प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी उपस्थित थे। संचालन प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने और धन्यवाद ज्ञापन गुमला जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी डा. वाजपेयी ने कहा कि नव नियुक्त कमेटी पर बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 10 वर्षों में एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली। हमें तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाना है इसलिए अब लोकसभा चुनाव की मतगणना तक हमें विश्राम नहीं करना है। प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि नई समिति से नई संभावनाएं हैं। हम मोदी जी की झोली में प्रदेश के सभी 14 लोकसभा सीटों का तोहफा देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प पूर्ण करेंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि नए कमेटी के बाद झारखंड ने नई राजनीतिक करवट ली है। यह कमेटी झारखंड की जनता की जनभावनाओं के अनुरूप अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी ऐसा विश्वास है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हमें आज के बाद काम में जुट जाना है। पार्टी के द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमों एवं अभियान को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना है।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, भानु प्रताप शाही, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुइस मरांडी, बड़कुंवर गगराई, अशोक भगत, कालीचरण सिंह, आरती कुजूर, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा व मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, मुनेश्वर साहू उपस्थित थे।

## केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सीएमपीएफओ के वेब पोर्टल सी-केयर्स को किया लांच



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केन्द्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसंधान एवं विकास संगठन सेंटर फॉर डेवलपमेंट आफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडीएसी) द्वारा विकसित और डिजाइन किया गया सी-केयर्स नामक सीएमपीएफओ का वेब पोर्टल गुरुवार को लांच किया। यह पोर्टल सीएमपीएफओ की डिजिटलीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण छलांग है, जिसका लक्ष्य अपने रिकार्ड और कार्य प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे का समाधान करेगा। कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में कोयला क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भविष्य निधि और पेंशन योजनाओं के संचालन के लिए वर्ष 1948 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन है।

संगठन वर्तमान में कोयला क्षेत्र के लगभग 3.3 लाख भविष्य निधि अंशदाताओं और 6.1 लाख पेंशनभोगियों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान में सीएमपीएफओ भविष्य निधि ग्राहकों और पेंशनभोगियों के दावों का निपटान मैन्युअल रूप से करता है। पोर्टल के लांच के साथ, पीएफ और पेंशन दावों का निपटान अब आनलाइन प्रोसेस और निपटान किया जाएगा। इससे मामले को निपटाने में तेजी, संचालन में पारदर्शिता, बेहतर रिकार्ड प्रबंधन और निगरानी की सुविधा मिलेगी। इससे अंशदाताओं और पेंशनभोगियों में भी विश्वास पैदा होगा। जोशी ने एजुकेशनल कंसल्टेंट्स लिमिटेड, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनसीडीसी) और टाटा स्ट्राइव के सहयोग से कोल इंडिया लिमिटेड की निगमित सामाजिक दायित्व के रूप में की जा रही तीन सीएसआर परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और डिजिटल भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है। डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए कोल इंडिया और एजुकेशनल कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उद्देश्य कोयला धारक राज्यों में 12वीं कक्षा के स्कूलों तक स्मार्ट कक्षाओं और कंप्यूटर प्रयोगशाला के माध्यम से डिजिटल शिक्षा प्रदान करना है। अनुमान है कि 200 स्कूल लाभान्वित होंगे और इस सीएसआर पहल पर करीब 27 करोड़ 8 लाख रुपये व्यय होगा। सरकारी कोयला कंपनियों की सीएसआर पहल के तहत एक हजार स्मार्ट क्लासरूम पहले ही सुसज्जित किए जा चुके हैं। कोलफील्ड के आसपास के समुदायों के युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए कोल इंडिया ने अपनी प्रत्येक सहायक कंम्पनियों में बहु-कुशल विकास संस्थान स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इसका व्यापक उद्देश्य युवाओं को बेसलाइन सर्वे और बाजार की आवश्यकताओं के आधार पर अपेक्षित कौशल से लैस करना है।

## हेमंत सोरेन को आदिवासी होने के कारण भाजपा व आरएसएस ने षड्यंत्र कर गिरफ्तार करवाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विभिन्न आदिवासी संगठनों ने गुरुवार को मोरहाबादी के चिल्ड्रेन पार्क में बैठक कर कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री को आदिवासी होने के कारण षड्यंत्र रचकर गिरफ्तार किया गया है। यह पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस का एक सोची समझी षड्यंत्र है। जहां तक ईडी के द्वारा भूमिहारी जमीन के संदर्भ में उनको गिरफ्तार किया गया है वहीं बड़गांव अंचल के अंतर्गत हजारों एकड़ भूमिहारी जमीन गैर कानूनी ढंग से हड़पी गई पर अभी तक इसकी जांच नहीं की जा रही है। वही भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष रमेश सिंह के द्वारा पुरानकी रांची में धार्मिक जमीन डाली कातारी जमीन पर अपार्टमेंट बनाए जा रहे हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां भूमिहारी जमीन और धार्मिक जमीन बीजेपी के नेता-कार्यकर्ताओं के द्वारा हड़प ली गई है। हेमंत सुनील को गिरफ्तार कर एक लोकतंत्र का हत्या की गई है।

## कोयला तस्कर फेंक रहे थे रुपए, उठा रही थी पुलिस, चार सस्पेंड

**रामगढ़।** झारखंड पुलिस की वर्दी को बदनाम करने में वर्दीधारियों का हाथ ही शामिल है। रामगढ़ में कुछ वर्दीधारी उस समय कैमरे में कैद कर लिए गए, जब कोयला तस्कर उनके सामने रुपए फेंक रहे थे। उन रुपयों को सिपाहियों द्वारा चुनने का काम किया जा रहा था। यह वीडियो जब वायरल हुआ तो रामगढ़ जिला पुलिस प्रशासन के होश उड़ गए। गुरुवार को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने इस मामले में तत्काल सख्त कदम उठाया और उन्होंने पुलिस अवर निरीक्षक समेत चार लोगों को निलंबित कर दिया है। इनमें पुलिस अवर निरीक्षक जगनारायण राम, आरक्षी ओम प्रकाश महतो, मंटू मुंडा और होमगार्ड जवान राकेश कुमार शर्मा शामिल हैं। एसपी ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से एक कथित वीडियो वायरल हुआ था।

### रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में सात दिवसीय रचनात्मक लेखन कार्यशाला का छठवां दिन

## हिंदी साहित्य की समीक्षा ईमानदारी की नहीं : रणेंद्र




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रचनात्मक लेखन कार्यशाला के छठे दिन गुरुवार को स्वागत संबोधन में रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक और साहित्यकार रणेंद्र ने हिंदी साहित्य में समीक्षा लेखन पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य की समीक्षा बहुत ईमानदारी की समीक्षा नहीं है। अति प्रशंसा नए रचनाकार को बर्बाद करती है। हिंदी साहित्य के वरिष्ठ आलोचक और कवि विजय बहादुर सिंह ने आलोचना और रचना के संबंध विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आलोचना और समीक्षा दोनों एक ही चीज है। उन्होंने कहा कि एक आलोचक की शब्दों की कीमत उसके व्यक्तित्व से जुड़ी होती हैं। एक आलोचक को रसिक और कवि मिजाज होना जरूरी है। नए लेखकों को लेखनी के बारे में समझाते हुए कहा कि कला नकल की नकल नहीं, यह एक प्रतिसृष्टि है। कला फिर से संसार को रचने और देखने की दृष्टि है। रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक और साहित्यकार रणेंद्र ने फिल्म प्रदर्शन के बाद कहा कि आदिवासी पुरखा देवता का अद्भुत और सजीव चित्रण करती यह फिल्म जमीन बचाने की कहानी को एकदम नए ढंग से प्रस्तुत करती है। युवा आदिवासी संगीतकार गुंजल इकीर मुंडा ने कहा कि वर्तमान समय के अखरा में आदिवासी गीत बजना बंद हो गए हैं। नए आदिवासी रचनाकारों को नए वक्त के हिसाब से आदिवासी गीत रचने, गढ़ने की जरूरत है। डॉ सावित्री बड़ाइक ने समीक्षा और पुस्तक संपादन की बारीकियों को प्रतिभागियों को बताया। उन्होंने यह भी बताया कि आदिवासी कथा लेखन का इतिहास काफी पुराना है। नए लेखकों और शोधकताओं को पुराने लेखों को ढूंढ कर पढ़ने की आवश्यकता है। डॉ. पारुल खलखो ने आदिवासी जीवन और किरदारों को उपन्यास में ढालने की प्रक्रिया बताई।

निरंजन कुजूर ने सिनेमा कार्यशाला की कक्षा में कन्नड़ फिल्मकार गिरीश कसेरवाली की फिल्में द्वीपा और गुलाबी टॉकीज पर विशेष बातचीत की। प्रतिभागियों को सबसे पहले फिल्म 'गुलाबी टॉकीज' दिखाई गई। उन्होंने कहा कि गिरीश कसेरवाली की फिल्में आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक समाज की कहानी को परदे पर दिखाता है। निरंजन कुजूर ने अपनी शॉर्ट फिल्म का एक दृश्य प्रदर्शित कर नए फिल्म मेकर्स को नॉन एक्टर्स के साथ काम करने के गुर बताए। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित फिल्म मेकर बीजू टोप्पो ने सिनेमेटोग्राफी की कक्षा ली। उन्होंने फिक्शन और डॉक्यूमेंट्री निर्माण के अंतर को प्रतिभागियों को समझाया। उन्होंने कैमरा से कहानी कहने के तरीके प्रतिभागियों से साझा की। उन्होंने अलग-अलग कैमरा शॉट्स के जरिए एक कहानी को कहने और दर्शकों पर उसके प्रभाव को फिल्म छात्रों को अच्छे से समझाया। इस कक्षा में दो बीघा जमीन फिल्म प्रदर्शित की गई। पटना से आए वरिष्ठ अनुवादक यादवेंद्र ने अनुवाद की कक्षा में कहा कि अनुवाद एक साहित्यिक दायरे में सीमित प्रक्रिया नहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### ईडी कार्यालय के बाहर सुरक्षा बढ़ी सीआरपीएफ जवान तैनात




**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बुधवार रात गिरफ्तारी के बाद ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हेमंत सोरेन को ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में ही रात में रखा गया। गुरुवार सुबह दो बसों में सवार होकर सीआरपीएफ के जवान ईडी कार्यालय पहुंचे। साथ ही झारखंड पुलिस के जवान भी कैंप बनाकर ईडी कार्यालय के सामने जमे हुए हैं। वाटर कैनन, बज्र वाहन भी ईडी कार्यालय के बाहर तैनात किया गया है। कुछ आदिवासी संगठनों की ओर से झारखंड बंद की सूचना पर पुलिस ने भी यहां पुख्ता इंतजाम किए हैं। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी कोर्ट में पेश करेगी और पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड की मांग करेगी।

### हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन पहुंचीं ईडी कार्यालय



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन गुरुवार सुबह ईडी ऑफिस पहुंचीं। उल्लेखनीय है कि ईडी के अधिकारियों ने जमीन घोटाले मामले में हेमंत सोरेन से बुधवार को करीब सात घंटे लगातार पूछताछ की थी। ईडी के अधिकारी पूछताछ के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। ईडी ने लंबी पूछताछ करने के बाद बुधवार शाम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के पूर्व हेमंत सोरेन ने राजभवन जाकर राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया था।

### राज्यपाल ने अभी नहीं दिया है समय : प्रदीप यादव

**रांची।** राजभवन से समय मिलने के बाद चंपई सोरेन के नेतृत्व में आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, प्रदीप यादव और सुप्रियो भट्टाचार्य राजभवन गए थे। बाहर आने के बाद प्रदीप यादव ने कहा कि अभी राज्यपाल ने सरकार गठन का समय नहीं दिया है। इस बीच, चर्चा है कि चार्टर्ड प्लेन तैयार है। सत्ता पक्ष के विधायकों समेत 50 नेता कभी भी हैदराबाद रवाना हो सकते हैं।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को झारखंड में करेगी प्रवेश : सोनाल शांति

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो फरवरी को झारखंड में प्रवेश करेगी। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के गोकर्ण से प्रारंभ होकर खारग्राम, तारापीठ, रामपुरहाट, बांसलोई, रतनपुर, बीरभूम, राजग्राम होते हुए पश्चिम बंगाल और झारखंड की सीमा नासीपुर मोड़ से झारखंड के पाकुड़ जिले में प्रवेश करेगी, जहां पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी की ओर से झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण किया जाएगा। इसके बाद न्याय यात्रा औपचारिक रूप से झारखंड में प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि नासीपुर मोड़ में राहुल गांधी की ओर से जनसभा को संबोधित किया जाएगा। इसके बाद हिरणपुर होते हुए यात्रा लिट्टीपाड़ा पहुंचेगी, जहां यात्रा का रात्रि विश्राम होगा। साथ ही कहा कि तीन फरवरी को यात्रा पुनः शहीद स्तंभ गोड्डा से प्रारंभ होगी, जो सरकंडा चौक होते हुए सकरी पहुंचेगी, जहां आदिवासी समाज की ओर से राहुल गांधी का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यात्रा कोठिया मोड़ होते हुए शंभुनेश्वर नाथ मोड़ पहुंचेगी जहां आम जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। वहां से चलकर मोहनपुर होते हुए यात्रा देवघर पहुंचेगी जहां राहुल के जरिये बाबा बैजनाथ का दर्शन करने के पश्चात देवघर के टावर चौक से बाबू वीर कुंवर सिंह चौक तक पदयात्रा कार्यक्रम होगा। फिर यात्रा बाबा भीमराव अंबेडकर चौक देवघर से जगदीशपुर बस स्टैंड पहुंचेगी एवं वहां से चलकर धनबाद जिले के हलकट्टा पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा।

### झारखंड में आठ रजिस्ट्रार के तबादले

**रांची।** झारखंड के आठ जिला अवर निबंधकों (रजिस्ट्रार) का ट्रांसफर किया गया है।राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने के बाद सभी पदाधिकारियों को नये पदस्थापना वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

**कौन कहां गये**

- मिहिर कुमार का तबादला रांची से हजारीबाग किया गया है।
- वाल्मीकि साहू का तबादला खूंटी से रांची किया गया है।
- उज्ज्वल मिंज का तबादला धनबाद से सरायकेला किया गया है।
- राम जी तिग्गा का तबादला सरायकेला से धनबाद किया गया है।
- संतोष कुमार रजक का तबादला गोविंदपुर से रांची किया गया है।
- ओलीवा एक्का का तबादला रांची से खूंटी किया गया है।
- पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत बालेश्वर पटेल का तबादला गिरीडीह किया गया है।
- निबंधन निरीक्षक स्वेता कुमारी को दक्षिणी छोटानगपुर प्रमंडल भेजा गया है।

### पांच पुलिस अधिकारियों का तबादला

**रांची।** रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को पांच पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। सौमित्र पंकज भूषण को बुंडू का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि बुंडू के थाना प्रभारी संजीव कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। इसी प्रकार जगन्नाथपुर थाना में पदस्थापित रामजी कुमार को बुढ़मू के नया थाना प्रभारी बनाया गया है। साथ ही बुढ़मू के तत्कालीन थानेदार कमलेश राय को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है। लोअर बाजार थाना में पदस्थापित एएसआई तारकेश्वर प्रसाद केशरी को नामकुम थाना भेज दिया गया है।

### स्कूल ऐसी कोई प्रथा ना अपनाएं कि बच्चों को शारीरिक दंड सहना पड़े : प्रियंक कानूनगो

**रांची।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने सभी राज्यों के स्कूली शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से देखा जा रहा है कि त्योहारों के उत्सव में बच्चों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। ये उत्पीड़न स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल ऐसी कोई प्रथा नहीं अपनाएं, जिससे बच्चों को शारीरिक दंड या भेदभाव का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्कूल में रक्षाबंधन के त्योहार के दौरान बच्चों को राखी या तिलक या मेहंदी लगाने की अनुमति नहीं देते हैं और उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से प्रताड़ित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 17 के तहत स्कूलों में शारीरिक दंड निषिद्ध है।

## एक नजर

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होगी भाकपा : बीपी मेहता



हजारीबाग। झारखंड नेतृत्व विहीन है इसलिए गठबंधन के 45 विधायक राज्यपाल को अपना हस्ताक्षर कर स्मार पत्र सौंपा है। राज्यपाल को सरकार बनाने के लिए विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को आमंत्रण दे कर झारखंड में सरकार तत्काल प्रभाव से गठन करने की प्रक्रिया पूरी करें। उक्त बातें हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने पत्रकार सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि देश में जितने भी विपक्ष के सरकार हैं और विपक्ष के बड़े नेता हैं उन्हें केंद्र सरकार अपने निशाने पर संवैधानिक एजेंसियां ईडी और सीबीआई के तहत शिकंजा कस रही है। केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों के माध्यम से देश में जितने भी विपक्ष की सरकार है उन्हे जबरन धमकाकर ईडी और सीबीआई को आगे कर कार्रवाई कर रही है।

### विकासोन्मुखी और दूरदर्शी है बजट : रंजन चौधरी



**हजारीबाग।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम आम बजट पेश किया। मोदी सरकार के दुसरे मौजूदा कार्यकाल का यह चुनाव के पहले पेश होने वाला अंतिम बजट था। बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि यह विकासोन्मुख और दूरदर्शी बजट है जिसे बजट वर्ष 2047 के भारत को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। उन्होंने कहा की यह बजट आने वाले भारत को सुदृढ़ करके शक्तिशाली बनाने वाला है। जिसमें हर जन और हर वर्ग के कल्याण की परिकल्पना समाहित है। रंजन चौधरी ने यह भी बताया की देश के गरीब तबके, आधी आबादी, देश की युवा शक्ति और अन्नदाताओं का हितैषी यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को एक नई ताकत देकर देश के सर्वांगीण विकास में मदद करेगा ।

### जेपी आंदोलन के आंदोलनकारियों को उपायुक्त ने किया सम्मानित



**हजारीबाग।** झारखण्ड/वनांचल अलग राज्य के गठन के आंदोलनकारियों व जयप्रकाश आंदोलन के चिन्हित आंदोलनकारियो को उपायुक्त नैंसी सहाय ने सम्मानित किया। नगर भवन में आयोजित सम्मान समारोह में उपायुक्त ने झारखंड राज्य के 198 एवं जेपी आंदोलन के 10 आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी आंदोलनकारियों को धन्यवाद देते हुए इनके योगदानों को याद किया। उन्होंने कहा कि राज्य की परिकल्पना को साकार करने में आप सबों का उल्लेखनीय योगदान रहा है। कोई भी आंदोलन एक दिन में बड़ा नहीं होता इसके पीछे कई वर्षों का त्याग व बलिदान निहित होता है। हमें गर्व है की आपसबो को सम्मानित करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम में उपायुक्त के आलावा अपर समाहर्ता संतोष सिंह, एनडीसी डेविड बलिहार, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी निवेदिता राय व अन्य मौजूद रहे।


### वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 पेश किया

# बजट विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं पर है केन्द्रित

***सत्ता पक्ष द्वारा बजट देश की विकास की गति तेज करने वाला बताया गया। जबकि विपक्षी दलों ने बजट को मजदूर और किसान विरोधी और कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाला बताया***

**पवन कुमार सिंह**

रामगढ़। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को अंतरिम बजट 2024 पेश किया। जिसमें उन्होंने महिलाओं और युवाओं पर विशेष रूप से फोकस किया है। रामगढ़ जिला में वित्त मंत्री द्वारा पेश अंतरिम बजट 2024 पर लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रिया रही है। जहां सत्ता पक्ष द्वारा बजट को देश के विकास की रफ्तार को तेज करने वाला बताया गया है। वहीं, विपक्ष द्वारा बजट को किसान मजदूर विरोधी और कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाला करार दिया गया है।




### कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाला है बजट : महेंद्र पाठक

भारतीय कमयुनिष्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा की अंतरिम बजट में देश के आम लोगों के लिए कुछ भी नही है। कहा की यह बजट देश के कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाला बजट है। इससे गरीबों का का कोई लेना देना नहीं है। गरीब जो जहां है उससे को कोई लाभ नहीं होने वाला है। हालांकि इस बजट से लोगों को काफी आसरा था मगर वह नहीं पूरा हो सका। जिस तरह से महंगाई बढ़ती जा ही है उस पर कोई भी बात नहीं बनी।

### बजट से देश का विकास तेज गति से होगा और देश को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी: कुंटू बाबू

भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने वित्त तंची निर्मला सीतारमण द्वारा पेश अंतरिम बजट की प्रशंसा करते हुए इसे देश के विकास की गति को तेज करने वाला बताया है। उन्होंने कहा है की बजट में देश के सभी वर्ग के लोगों को ख्याल रखा गया है।



### विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने वाला है बजटः अमित साहू

फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण द्वारा पेश अंतरिम बजट की सराहना की है। बजट पर पतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा की यह बजट विकसित भारत का अतुलनीय बजट है। श्री साहू ने कहा की वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट आनेवले दिनों में समूचे देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए है।



### बजट में किसान और मजदूरों के साथ धोखा : खोगेन्द्र

इंटक के रामगढ़ जेनरल सेक्रेटरी खोगेन्द्र साव ने वित्त मंत्री द्वारा पेश अंतरिम बजट की आलोचना करते हुए इसे किसान और मजदूर विरोधी बजट करार दिया है। उन्होंनें कहा की केंद्र सरकार ने देश के आम लोगों से जो वादे किये थे उनमें से एक को भी वह पूरा नही कर पायी।

### बजट देश के आम लोगों के साथ धोखाः सुधीर मंगलेश



प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा की यह बजट देश के आम लोगों के साथ एक धोखा है। कहा की इस बजट में देश के आम लोगों के लिए कुछ भी नही है। इसमें केवल कॉरपोरेट घरानों के हित की बात है।

अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए दुलमी

### सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य को पूरा करने वाला बजट : सूर्यवंश श्रीवास्तव



भाजपा कैंट महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सूर्यवंश श्रीवास्तव ने वित्त मंत्री द्वारा पेश आम बजट की सराहना करते हुए कहा की यह प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास के अनुरूप बजट है। कहा की बजट से देश के सभी क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी और देश को आत्मनिर्भर बनाने में मदद

### बजट से वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य होगा पूरा : राजीव

**रामगढ़।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश किया । जिसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने कहा की इस बजट में देश के सभी क्षेत्र और वर्ग का ख्याल रखा गया है । कहा की इस बजट से वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य पूरा करने में मदद मिलेगी। कहा की इस बजट में गरीब के लिए खाश कर ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ घर बनाने की बात है।युवा वर्ग के लिए नवाचार और अनुसंधान क्षेत्र में स्वरोजगार के जरिए रोजगार की गारंटी है। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण देने,किसान के लिए नैनो यूरिया के बाद अब नैनो डीएपी और आधी आबादी के बेहतर जीवन के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप से जोड़ने की गारंटी है।

### 10 वर्षों के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया : पंकज महतो

किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के कंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में लोगों से किये एक भी वादे को पूरा नही कर पायी है। कहा की इस बजट से लोगों में निराशा है।



### बजट में शिक्षा के क्षेत्र के लिए विशेष व्यवस्था हैः विकास कुमार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को पेश अंतरिम बजट की छात्र विकास कुमार ने सराहना की है। कहा की इसमें आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने का प्रावधान है। साथ ही देश में विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ाने की बात कही गई है। इसके अलावे देश में एम्स मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने की भी बात शामिल है। साथ ही छात्रों के लिए अंतरिम बजट में काफी व्यवस्था की गयी है।



### आरएनवाईएम में एक दिवसीय कैरियर सेमिनार आयोजित

## टैक्सेशन, वित्त और लेखांकन में है कैरियर की अपार संभावनाएं : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में कॉमर्स डिपार्टमेंट की ओर से बुधवार को एकदिवसीय कैरियर सेमिनार का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालय की 190 विद्यार्थी शामिल हुए. सेमिनार एकॉउट्स, टैक्सेशन और फाइनेंस में कैरियर पर आधारित था. जिसमें बतौर मुख्य प्राचार्य डॉ बिमल किशोर व विशिष्ट अतिथि आईसीए हजारीबाग के निदेशक सह चार्टेड एकाउंटेंट मिथिलेश सिंह, महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के हेड डॉ संजय वर्णवाल, आइसीए के सेंटर मैनेजर खुशबू सिन्हा, मार्केटिंग हेड चौधरी, प्रो हीरामन साहू आदि शामिल हुए. कार्यक्रम कॉमर्स विभाग के प्रमुख डॉ ब्रह्मदेव मोदी के देख रेख में आयोजित किया गया. सेमिनार में विद्यार्थियों को एकाउंट्स, टैक्सेशन और वित्तीय विषय पर आधारित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई. प्राचार्य डॉ किशोर ने बताया कि इन विषयों को नजरंदाज कर किसी भी व्यवसाय को करना असंभव है. आइसीए के निदेशक ने कॉमर्स क्षेत्र में विद्यार्थियों को कैरियर की जानकारी दी. प्राचार्य ने कहा कि टैक्सेशन, एक्वाउट्स और फाइनेंस के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं है.



### पूर्व विधायक के सहयोग से पार्थिव शरीर पहुंचा गांव, परिजनों ने आभार व्यक्त किया

बरकट्ठा। प्रखंड़ अंतर्गत बरकनगांगो पंचायत के ग्राम जतघघरा निवासी राजकुमार यादव की मौत इलाज के दौरान धनबाद स्थित अशर्फी हॉस्पिटल में हो गई। इलाज के दौरान हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा बिल अधिक होने के कारण परिजन बिल देने से असमर्थ थे। बिल नहीं देने पर हॉस्पिटल प्रबंधन ने मृतक का शव देने से मना कर दिया तो परिजनों ने इसकी सूचना पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को फोन कर दी। पूर्व विधायक श्री यादव ने हॉस्पिटल पहुँचकर हॉस्पिटल प्रबंधन से बात कर बिल माफ कराते हुए शव परिजनों को सौंपा। साथ ही एम्बुलेंस की व्यवस्था कर पार्थिव शरीर को गांव भेजने में मदद की। इस कार्य के लिए दुखित परिजनों ने पूर्व विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजकुमार नायक,पंसस मनोज कुमार यादव, समाजसेवी मथुरा यादव, जगलाल यादव, अशोक यादव, सीताराम यादव, दशरथ यादव, मिथुन यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



### लोकसभा में केंद्रीय वित मंत्री ने पेश किया अंतरिम बजट

## संतुलित और जनाकांक्षाओं को पूरा करने वाला है अंतरिम बजट : पूर्व विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** गुरुवार को लोकसभा में पेश किए गए अंतरिम बजट को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने संतुलित और जन आकांक्षाओं के पूरा करने वाला बताया. उन्होंने बताया कि केंद्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किए गए अंतरिम बजट में कोई लोक लुभावन घोषणाएं नहीं किया है. इस अंतरिम बजट में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी विशेष ध्यान रखा गया है. मध्यम वर्ग के लोगों के लिए आवास योजना, मत्स्य सम्पदा योजना लाने की बात कही है. इससे लगभग 55 लाख मध्यम परिवार को लाभ मिलेगा. 4 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है. बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है. आम लोगों के जीवन में बदलाव लाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है. इसके साथ ही युवाओ को सशक्त बनाने हेतु स्किल इंडिया मिशन में लगभग डेढ़ करोड़ युवाओं को ट्रेंड किया गया. पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि केंद्रीय वित मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी के जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान जैसे नारा को धार देते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर में विकास के लिए कुल बजट का 11.1 प्रतिशत से ज्यादा राशि के खर्च का प्रावधान किया है, जो स्वागत योग्य है. उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट जनाकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है.



### हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में निकाला प्रतिवाद मार्च

## लोकतंत्र की हत्या बंद करे केंद्र सरकार : शेर




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ गुरुवार को भाकपा माले और झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने संयुक्त रूप से बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय गेट से बरकट्ठा बाजार तक प्रतिवाद मार्च निकाला। उपस्थित लोगों ने लोकतंत्र की हत्या बंद करो, अघोषित आपातकाल नहीं चलेगा,जनादेश का अपमान बंद करो के नारे के साथ कार्यकताओं ने बरकट्ठा में प्रतिवाद मार्च निकालकर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की निंदा की।प्रतिवाद मार्च को संबोधित करते हुए राज्य स्थाई कमेटी के सदस्य भुवनेश्वर केवट ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों के गलत दबाव के सामने हेमंत सोरेन झुकने के बजाय जेल जाना पसंद किया।कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों पर दबाव बढ़ाकर राज्य की सत्ता को हड़पने की साजिश कर रही है। प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार की मशीन है।

## न्यूज बॉक्स

### पंचायत भवन चेचकपी में आयोजित छह दिवसीय पियर एजुकेटर प्रशिक्षण संपन्न



**बरकट्ठा।** 6 दिवसीय पियर एजुकेटर प्रशिक्षण पंचायत भवन चेचकपी में गुरुवार को संपन्न हुआ।वहीं प्रशिक्षण समाप्ति के पश्चात मुखिया रीता देवी, प्रधानाध्यापक बाबूलाल यादव, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव एवं सहायक अध्यापक प्रदीप मेहता की उपस्थिति में सभी साथिया को लैपटॉप बैग एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुखिया ने सभी प्रतिभागी साथिया को आग्रह कर कहा कि यह 6 दिवसीय प्रशिक्षण जो आप लोगों ने लिया है उसे धरातल पर उतारने का प्रयास करें ।अपने सहयोगी साथियों का साथ दें एक दूसरे की मदद करें। ताकि स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लोगों को सुगमता पूर्वक मिल सके। स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना साथिया प्रशिक्षकों की अहम जिम्मेवारी है।कहा कि कम उम्र में जो शादियां हो रही हैं उसे रोकना है। लोगों के समझाएं कि बच्चों के जन्म में कम से कम 3 वर्ष का अंतराल होना आवश्यक है ।मौके पर प्रशिक्षक बीटीटी प्रकाश पंडित एवं नरोत्तम कुमार, सहिया साथी पूनम देवी, सहिया दीदी शैली देवी, क्रांति देवी, अनीता देवी, फूल कुमारी समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सामाजिक अंकेक्षण को लेकर प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में प्रशिक्षण का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख रेणु देवी एवं बीडीओ रोशमा डुंगडुंग की संयुक्त अध्यक्षता में सामाजिक अंकेक्षण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदित हो कि गोरहर को छोड़कर प्रखंड के सभी 16 पंचायत में सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम जारी है। इस निमित पंचायत में पिछले 3 वर्ष में लिए गए योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण सोशल ऑडिट यूनिट के द्वारा किया जा रहा है। इस कड़ी में गुरुवार को सभी पंचायत में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। जनसुनवाई में प्रतिनियुक्ति किए गए पर्यवेक्षकों एवं संबंधित पंसस को ज्यूरी सदस्य के तौर पर भाग लेना है एवं ऑडिट में पाई गई त्रुटियों को सुधार करने सम्बन्धी निर्णय दिया जाना है। वहीं प्रशिक्षक ने बताया कि गम्भीर मामलों में आर्थिक दंड एवं वसूली का भी निर्णय दिया जायेगा। प्रशिक्षण डीआरपी भीमलाल साहू के द्वारा दिया गया। मौके पर बीडीओ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में ली गयी एवं भुगतान की गई मनरेगा योजनाओ का सामाजिक अंकेक्षण किया जा रहा है।

### स्वर्गीय प्यारी देवी की 8वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**रामगढ़।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 32 के कुरूम में 1 फरवरी को स्वर्गीय प्यारी देवी की 8वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर स्वर्गीय प्यारी देवी के पोता अनुभव कुमार एवं देव कुमार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इसके उपरांत स्वर्गीय प्यारी देवी के पुत्र पवन कुमार सिंह, पुत्रवधु कविता सिंह, यामुन मुंडा, भुलन मुंडा, अरविंद मुंडा, आर्यन मुंडा आदि ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, प्यारी देवी की 8वीं पुण्यतिथि पर पोता अनुभव कुमार एवं देव कुमार ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया।

### समय से ऋण चुकायें ताकि तालमेल बना रहे : शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार



**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो पंचायत सचिवालय में बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा के तत्वावधान में बुधवार को विशेष ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शाखा प्रबंधक मैनेजर अभिषेक कुमार और राकेश चौधरी उपस्थित थे। शिविर में कुल 56 एनपीए खाताधारकों से लगभग पांच लाख पचास हजार रुपए की वसूली की गई। वहीं शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने कहा कि बैंक ऋण देने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। लेकिन लोगों से अपील है कि समय से ऋण को चुकायें ताकि ग्राहकों और बैंक की आपसी तालमेल बनी रहे। शिविर में गंगपाचो मुखिया प्रतिनिधि राजेश रजक उर्फ लालू,बीसी बच्चन देव कुमार भारती, डालेश्वर पंडित, मोती कुमार ,प्रभात कुमार, महेंद्र प्रसाद, बेबी देवी, दिलीप कुमार नायक, द्वारिका महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### अनुबंधित बिजली मिस्त्री की खंभे से गिरकर हुई मौत, आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम




**बरही।** बुधवार की रात्रि करीब 8.30 बजे पटना रोड स्थित जियो टावर पर काम कर रहे गीतांजलि प्राइवेट लिमिटेड के अनुबंधित बिजली मिस्त्री मनोज भुइयां अचानक विद्युतापुति प्रारंभ होने के कारण करेंट लगने से खंभे से नीचे गिर गया. जिससे उसके सिर से खून बहने लगे. स्थानीय लोगो की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया. घटना से आक्रोशित लोगो ने अस्पताल के समक्ष मृत शरीर के साथ ओल्ड जीटी रोड जाम कर न्याय की गुहार लगाने लगे. लोग विभागीय अधिकारियों को बुलाने, मृतक की पत्नी को नौकरी, मुआवजा, और दोषी कर्मियों पर उचित कारवाई की मांग करने लगे. जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता घटना स्थल पर पहुंचे और समझा बुझाकर गुरुवार की सुबह फैसला करने को कह जाम खुलवाया. दो घंटो की जाम के दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गई. गुरुवार की सुबह अधिकारियों व कंपनी के लोगों के नहीं आने व मांगे पूरी नहीं होने से गुस्साए लोगों ने एक बार फिर अस्पताल के समक्ष ओल्ड जीटी रोड पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया.

### शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सर्वे का आयोजन

**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक ग्रामीण सर्वे चेटर गांव के विभिन्न मोहल्लों में किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विधार्थियों का 18 ग्रुप बनाकर गांव के विभिन्न मोहल्लों में जा कर सर्वे किया गया। ग्रामीण सर्वे का उद्देश्य अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना था। कुलाधिपति बीएन साह ने इस तरह के आयोजन को आयोजित कर समाज को जागरूक करते रहने पर बल दिया। राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने सर्वे के दौरान ग्रामीणों के सहयोग की सराहना की।

# केंद्रीय बजट की किसी ने की सराहना तो किसी ने बताया निराशाजनक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा गुरुवार को सदन में पेपर लेस बजट 2024-25 पेश की इधर बजट को लेकर सिमडेगा में किसी ने सराहना किया तो किसी ने इस बजट को निराशाजनक बताया है।बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि यह अंतरिम बजट सरकार के 10 वर्षों की विकास की गाथा है।बजट से भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी। केंद्र में बैठी मोदी सरकार लगातार जन भावनाओं को ख्याल में रखते हुए बजट पेश की है जिसका आने वाले दिनों में सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा।वहीं।केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की बजट में 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने की योजना है मोदी सरकार ने 3 करोड लोगों को पक्की छत दी है। कहा है कि सड़क बिजली पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की पहुंच आम आदमी तक हुई है, पिछली योजनाओं से 9 करोड़ महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है यह बजट महिला सशक्तिकरण को समर्पित है।वहीं जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की आज संसद में पेश अंतरिम बजट में स्पष्ट नीति और नियत की झलक दिखाई देती है यह 10 वर्षों की विकास की गाथा है 2047 के विकसित भारत के रूप रेखा है गांव गरीब किसान महिला और युवा सभी वर्गों के उत्थान की सोच है इस बजट का स्वागत किया जाना चाहिए।

### जनजाति सुरक्षा मंच ने विभिन्न मांगों को लेकर समाहरणालय परिसर में दिया धरना

**कोडरमा।** जनजाति सुरक्षा मंच ने विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना जिला संयोजक ढिलो मुंडा के अध्यक्षता में दिया। संचालन वीटा मुंडा ने किया। इस मौके पर उन्होंने धर्मान्तरित जनजातियों को अनुसुचित जनजाति सूची से हटाकर उन्हें दिये जाने वाले आरक्षण समाप्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इसका संकल्प प्रस्ताव विधान सभा से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाय। उन्होंने डीसी मेघा भारद्वाज को मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र भी सौंपा जिसमें उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से अनुसूचित जनजाति के लोग धर्म परिवर्तन करते हुए दूसरे धर्म को अपना रहे हैं ऐसे में संविधान में अनुसूचित जनजाति को मिलने वाला हक उन्हें नहीं मिल रहा है और दूसरे धर्म को अपनाने वाले लोग इसका लाभ ले रहे हैं।

## एक नजर

### ट्रेन से कट कर व्यक्ति की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बानो।** बानो के महबुवांग थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई मृत व्यक्ति की पहचान बोकारो जिला के बाराडीह गांव निवासी सुरेश महतो पिता नुनुचन्द महतो के रूप में हुई। घटना की सूचना रेलवे लाइनमैन के द्वारा कुरकुरा पुलिस को दी जिसके बाद कुरकुरा पुलिस द्वारा इसकी जानकारी महबुवांग थाना को दिया जिसके बाद थाना प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता मौके पर दलबल के साथ पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया वहीं युवक के पास मोबाइल था जिसके आधार पर परिजनों को भी सूचना दी गई। कैलाश लगाया जा रहा है कि किसी पैसेंजर ट्रेन से गिरने की वजह से उसकी मौत हो गई हालांकि पुलिस ने इस मामले में यूडी केस दर्ज करते हुए आगे छानबीन कर रही है।

### आंदोलनकारी मोर्चा की पर्यटक स्थल केलाघाघ डैम परिसर में हुई बैठक



**सिमडेगा।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक बुधवार को पर्यटक स्थल केलाघाघ डैम परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता भुवनेश्वर सोनापति ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष राजू महतो उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में मोर्चा के द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों को नव वर्ष की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला से 177 आंदोलनकारी चिंहित किए गए है। राजू महतो ने कहा कि झारखंड राज्य के लिए आंदोलनकारियों के संषर्ष को भुलाया नहीं जा सकता है। इसके बावजुद सरकार के द्वारा आंदोलनकारियों को वह मान सम्मान नहीं मिल रहा है जिसके वे हकदार है। बैठक में आंदोलनकारियों की अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक का समापन लिबनुस टेटे के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौके पर पूर्व विधायक बसंत लोंगा, मो शाहिद, एरेन कच्छप सहित कई लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त की।

### डीएवी के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कोडरमा ।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया कलास 11 वीं और 12 वीं कॉमर्स के बच्चों को रिलायंस स्मार्ट बाजार में शैक्षणिक भ्रमण किया गया। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों की मार्केटिंग रणनीतियों और विकल्पों के बारे में व्यावहारिक, गुणवत्तापूर्ण ज्ञान को बढ़ाना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने विभिन्न उत्पादों के बारे में प्रश्न पूछ कर मार्केटिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त की। शैक्षणिक भ्रमण में कुमार आर्यन, अंशिका भदानी, वेद भदानी, रिया, आर्यन, साक्षी, आभा, तन्मय, पल्लवी, विष्णु, आस्था, हंसी प्राची, वैष्णवी, हर्ष आदि मौजूद थे।

## गांधी मेले के अवधि विस्तार को लेकर एनोस एक्का ने प्रेसवार्ता कर विरोध जताया



नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा

सिमडेगा में आयोजित ऐतिहासिक गांधी मेले की 5 फरवरी तक अवधि विस्तार को लेकर झारखंड पार्टी सुप्रीमो सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने प्रेस वार्ता कर विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा अवधि विस्तार किया गया है ,जिसका झारखंड पार्टी विरोध करती है ,क्योंकि यहां की जो व्यवस्था है गांधी मेला से जो परिवहन परिचालन गड़बड़ा गया है और लोगों को आने-जाने में इतना दिक्कत हो रहा है ।कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और दूसरी चीज यह है कि एग्जाम हो रहा है ।यह सब चीजों को देखते हुए झारखंड पार्टी विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि जो जनप्रतिनिधि अनुशंसा किए हैं वह पैसा में अंधे हो गए हैं वह पैसा लेकर अनुशंसा करने का काम किया। यहां की लोगों की भावना को नहीं समझ पाया यहां की लोगों की व्यथा को नहीं समझ पाया । आने जाने में बहुत कठिन है मेला 2 दिन काफी होता है लेकिन यहां पर परंपरा था ठीक है 31 तारीख तक इसका परंपरा है सरकारी आधार पर भी इनको 31 तारीख तक ही टेंडर किया गया था। लेकिन इसको विस्तार करने का बढ़ाने का क्या मतलब है ।आज सचमुच में यह बड़े दुख की बात है और यहां की आदिवासी बेरोजगार यहां पर इस मेला में दुकानदारी का भाग नहीं ले पाये और यहां की सारा पैसा कलेक्शन कर बाहर जा रही जिसका झारखंड पार्टी विरोध करती है। अगर मेला 5 तारीख तक रहेगा तो झारखंड पार्टी केंद्रीय कमेटी बैठकर सड़क जाम करेंगे ।

## हाथी से प्रभावित लोगों के बीच विधायक प्रतिनिधि ने बांटी राहत सामग्री



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

प्रखंड में जंगली हाथियों द्वारा जमकर उत्पात मचाया जा रहा है। हाथी घरों के साथ-साथ खेतों में लगे फसलों को भी जमकर नुकसान पहुंचा रहे है जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी मिलते ही क्षेत्र के विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि व कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने ठेठईटांगर प्रखंड के राजाबासा पंचायत में कहुपनी, पहनटोली, राजाबासा खाश,लंगाटोली,केशरा दिकुटोली का तुफानी भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की। मौके पर देखा जहां किसान श्रवण डांग, जीरे देवी, बबलू ,सुभाष आदि ग्रामीणों के घर को हाथी के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया, उन पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनको चावल ,पटाखा भी दिया गया।साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए तथा समस्या दूर करने का आश्वासन दिया।विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने मौके पर से ही वन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर पीड़ितों के नुकसान का आंकलन कर जल्द से जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया।

साथ ही रावेल लकड़ा ने ग्रामीणों से कहा कि कभी भी गांव मे हाथी प्रवेश करता हैं तो उसकी खबर विधायक नमन विक्सल कोनगाडी तक पहुंचाए ताकि समय रहते गांव के लोगो को हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जा सके तथा वन विभाग को भी इसकी सूचना दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर विभाग के अधिकारी सूचना के उपरांत लापरवाही बरतते है तो उन पर भी कार्रवाई किया जाएगा मौके पर प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस जमीर अहमद,राजाबसा के पंचायत अध्यक्ष सुकवन जोजो , समरसन्न,उज्वल सुरीन,शाहबाज अली सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बजट में आम आदमी को झुनझुना पकड़ा कर जनता के साथ किया है छल : विधायक



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में जनता को केवल झुनझुना पकड़ा दिया है। जनता भी 2024 के चुनाव में झुनझुना पकड़ाएगी। बजट में ना महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा है, ना महंगाई नियंत्रण का कोई प्रावधान है और ना ही रोजगार। इसके अलावा ट्रेन में सफर करने वाले सीनियर सिटीजन को भी कुछ नहीं मिला। महंगाई सिलेंडर के दाम, शिक्षा, स्वास्थ्य यह सब जनता के लिए महत्वपूर्ण बिंदु है और इन सब चीजों पर भी केंद्र सरकार का ध्यान नहीं गया। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी संपत्तियों को ऐसे ही उद्योगपतियों के हाथ में सौंप रही है, नए हवाई अड्डे बनाकर भी वही करेंगे। एक नजर बजट में डाला जाए तो आम आदमी को बस झुनझुना पकड़ा कर केंद्र सरकार ने जनता के साथ छल किया है। युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा है यह सरकार का चुनावी बजट है। इस बजट में किसानों के लिए भी कुछ खास नहीं है। आधी से ज्यादा आबादी गांव में बसती है। लेकिन उनके लिए कुछ नहीं किया है। यह बहुत ही निराशाजनक बजट है। उन्होंने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बजट में जनता को नजरअंदाज किया गया है। 2014 के अगर वादे याद करें तो 100 स्मार्ट सिटी, दो करोड़ रोजगार तरह-तरह के प्रलोभन दिए थे, लेकिन सब जुमले ही निकले।

### कुरडेग में सड़क दुर्घटना में बच्ची घायल



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के हॉली फैमीली स्कुल के पास बाइक दुर्घटना में पाँच बर्षीय बच्ची घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र साय पिता स्व: हीरालाल साय निवासी बनगॉव झिन्जरिया थाना कुरडेग मेहमानी करके वापस अपने घर जा रहा था इसी क्रम में हॉली फैमीली स्कूल के पास अनियंत्रित होकर गीर पड़ा जिससे बाइक में बैठे उसकी पाँच बर्षीय पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई उसे माथे पर चोट लगी है स्थानिय लोगों ने बताया कि बाइक चालक अत्यधिक शराब के नशे में था वो अपस्पताल भी नही जाना चाहता था रास्ते से गुजर रहे ऑटो चालक मो० मुरतुजा ने मानवता का परिचय देते हुए घायल बच्ची को कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र लाये जहाँ चिकित्सकों ने घायल बच्ची का इलाज किया फिलहाल बच्ची खतरे से बाहर है।

### सड़क दुर्घटना में स्कूली शिक्षिका हुई घायल



**बानो।** प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांकी की शिक्षिका मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार स्कूल छुट्टी होने के बाद घर अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रही तभी मोटरसाइकिल का अगला चका पंचर हो गया।जिसके कारण मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ जाने के कारण गिर पड़े ।मोटरसाइकिल से गिरने के कारण शिक्षिका सुलियाना सुरीन को कई जगह चोट लगी है।हेलमेट पहने होने के कारण सिर में चोट नही लगी हैं परन्तु पत्थर से चेहरे में चोट लगी।जबकि चालक को हल्की चोट लगी है। बानो पुलिस गश्ती पर जा रही तभी घायलों को देख कर अस्पताल पहुँचाया। घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में चल रही है।जानकारी मिलने पर मनोज भगत ,बसन्त कोनगाड़ी आदि शिक्षकों ने अस्पताल पहुँच कर घायल शिक्षिका का हाल जाना व मंगल कामना किया।

### नए उप विकास आयुक्त ने संभाला पदभार



सिमडेगा। नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने जिले के 25वे उप-विकास आयुक्त के रूप ग्रामीण विकास विभाग का पदभार ग्रहण किया। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार ने प्रभार सौंपा। इस दौरान डीआरडीए डायरेक्टर रवि कुमार राम एवं जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा ने नए उप विकास आयुक्त को बुके देकर स्वागत किया।मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव उपस्थित थे। गौरतलाप हो सितंबर महीना में सिमडेगा डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा सेवानिवृत्त हुए थे जिसके बाद से लगातार सिमडेगा में प्रभार पर डीसी का कार्यभार चल रहा था अब सिमडेगा को नए डीसी मिलने से कार्यों में और भी तेजी मिलेगी।

### बेहतर उत्पादन करने वाले टीनगिना के किसानों ने 13 पुरस्कार पर जमाया कब्जा



**सिमडेगा।** सिमडेगा में आयोजित गांधी मेला में किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी कार्यक्रम में बेहतर उत्पादन करने वाले जलडेगा प्रखंड के टीनगिना निवासी 5 किसानों ने 13 पुरस्कार पर अपना कब्जा जमाया है। तेतरी देवी को सेम उत्पादन के लिए प्रथम पुरस्कार तथा सरसों के लिए द्वितीय पुरस्कार दिया गया। राजेंद्र काशी को प्याज उत्पादन में प्रथम पुरस्कार, मकई, मसूर और सेम उत्पादन के लिए तृतीय पुरस्कार तथा सूरजमुखी उत्पादन के लिए चतुर्थ पुरस्कार मिला। वहीं संजय कुमार नाग को शिमला उत्पादन के लिए तृतीय पुरस्कार, पेचकी और संतरा उत्पादन के लिए द्वितीय पुरस्कार तथा प्याज उत्पादन के लिए तृतीय पुरस्कार दिया गया। रुक्मणि साहु को शिमला उत्पादन के लिए तृतीय पुरस्कार और अमित काशी को भथूआ उत्पादन के लिए चर्तुथ पुरस्कार दिया गया।

### गंदा पानी सड़क पर बहने से लोगों को हो रही परेशानी

**कोडरमा / झुमरीतिलैया।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 22 के चौधरी मुहल्ला गुमो में घरों का गंदा पानी पीसीसी रोड बहने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। जबकि स्थानीय लोगों को भी घरों से निकलने वाला गंदा और दूषित पानी परेशानी का सबब बनता जा रहा है। पिछले 10 साल से रोड पर घरों का गंदा पानी बह रहा है। इसके कारण आने- जाने वाले लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। मुहल्ले में सड़क किनारे काफी संख्या में घर हैं। ऐसे में गंदा पानी से कई महीनों से समस्या होने से लोग खासे परेशान हैं। ग्रामीणों ने विधायक, वार्ड पार्षद सहित कई जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासन से भी इसकी कई बार शिकायत की है। लेकिन इसका हल नहीं निकल रहा है। घरों का गंदा पानी जमा होने से संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है। इस कारण इलाके में मच्छर भी काफी बढ़ गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस रोड पर बाइक से चलना मुश्किल है।

कचरा कलेक्शन के लिए महिलाओं का नगर निगम में किया गया चयन

## उपायुक्त ने पांच नई कचरा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

शहर में स्वच्छता को लेकर नगर परिषद् द्वारा कचरा प्रबंधन को लेकर काफी गंभीर हैं, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, बाजारों में सफाई व्यवस्था, वार्डों में नियमित सफाईकार्य की व्यवस्थाओं को लेकर वह रोजाना मॉनिटरिंग किया जा रहा है। शहर के सभी स्थानों पर स्वच्छता को ध्यान में रखने के लिए कचरा कलेक्शन के लिए महिलाओं का चयन किया गया है। बताया गया कि महिलाएं हर घर जाकर गिला एवं सुख कचरा का कलेक्शन करेंगे।इसी के तहत उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, डीआरडीए डायरेक्टर रवि किशोर राम एवं नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो द्वारा संयुक्त रूप से पांच कचरा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत सूखा और गीला कूड़ा उठाने के लिए अब नगर परिषद् के वाहन घर घर जाएंगे। साथ ही उनसे कूड़े का कलेक्शन करेंगे। कूड़ा उठाने वाले वाहनों पर जनता को प्रेरित करने के लिए संदेश भी प्रसारित किए जाएंगे।मौके पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार, सिटी मैनेजर सहित नगर परिषद् के कर्मी गण उपस्थित थे।

## केन्द्र के कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : घनश्याम



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

भाजपा बीरू मंडल की बैठक गुरुवार को बीरू राजा साहब के आवास में मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह की अध्यक्षता में की गई। जिसमें प्रदेश के निर्देशानुसार मंडल के सभी शक्ति केंद्र के बूथ में गांव चलो अभियान एवं शक्ति वंदन कार्यक्रम को करने का समय01 से 10 तारीख तक एवं पन्ना प्रमुख से संपर्क एवं नमो एप डाउनलोड करने की बात की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को कार्यकर्ता जनता तक पहुंचाएं। इस बैठक में विधानसभा विस्तारक शशि दास, बीरू राजा दुर्ग विजय सिंह देव, जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू, जिला कार्य समिति सदस्य सुमंत बीसी, वीरू मुखिया गंगाधर लोह रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ मिश्रा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हीरा राम, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंजू देवी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामलाल नायक एवम दोनों कार्यक्रम के संयोजक सह संयोजक, शक्ति केंद्र के संयोजक, धनेश्वरी देवी, सनियारो देवी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेताओं ने पारिवारिक विवाद सुलझाया



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

बांसजोर प्रखंड के नायक बस्ती टोली में पति पत्नी संबंध के बीच में सौतन के प्रवेश होने से परिवार बिखर कर बात महिला थाना सिमडेगा में पहुंच गया।

बांसजोर प्रखंड अध्यक्ष तपेश्वर साहु ने पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा, जिला भाजपा मंत्री तुलसी कुमार साहू, दीप नारायण दास नेत्री पिंकी प्रसाद दीपिका कुमारी, को इस बात कि सुचना दिया, सुचना मिलते ही सभी लोग महिला थाना सिमडेगा पहुंचे एवं तीन साल से चल रहे परिवार में चल रहे झगड़ा को आपस में समझौता कर समाधान किया बता दें कि लड़का मुकेश नायक का पत्नी अनिता नायक से दो पुत्र हुए, परन्तु तीन वर्ष पूर्व शादी शुदा सुमित्रा नायक का संबंध मुकेश नायक से हो गया जिसके कारण परिवार में कलह होने से परिवार में बिखरा हो गया था। महिला महिला थाना में सबकी उपस्थित में तीन साल से चल रही विवाद का समाधान हो गया।मौके पर संदीप नाईक चरकु नायक अनिता नायक चंद्रिका इत्यादि काफी संख्या में गांव के लोग उपस्थित थे।

### कोडरमा में मार्च से शुरू होगा सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया नगर परिषद और कोडरमा नगर पंचायत में जमा होने वाले कचरों का निष्पादन अब शीघ्र हीं हो सकेगा। कोडरमा के चंद्रोडीह में करीब एक करोड़ की लागत से म्युनिशिपल सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट बनकर तैयार है। प्लांट का निर्माण तो पूरा कर लिया गया है। लेकिन सीटीई और सीटीओ की स्वीकृति का इंतजार है। यहां से क्लियरेंस मिलने के बाद इस प्लांट का कार्य शुरू हो सकेगा। प्लांट को इन्वायरवेंट क्लिरेंस मिल गया है। इस प्लांट के शुरू होने के बाद तिलैया और कोडरमा नगर पंचायत में निकलने वाले कचरों का यहां रिसाईकिलिंग किया जाएगा। साईड इंचार्ज जयप्रकाश कुमार ने बताया कि यहां करीब 50 से 60 टन कचरों का प्रतिदिन निष्पादन किया जाएगा। प्लांट में अभी से कचरा जमा करना शुरू कर दिया गया है। साईड इंचार्ज ने बताया कि जमा कचरों का एक महीना बाद प्रोसेसिंग किया जाना है।

## झारखंड राज्य में सियासी संकट के बीच जिला प्रशासन अलर्ट



**नवीन मेल संवाददाता।** सिमडेगा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऊपर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया, इसके बाद राज्य में सियासी संकट के साथ ही कई प्रकार के माहौल उत्पन्न हो गए हैं। इधर सिमडेगा में विधि व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई भी समस्या ना उत्पन्न हो जिसे ध्यान में रखते हुए सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं एसपी सौरभ के द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बल एवं पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है ताकि किसी प्रकार से कोई भी दिक्कत ना हो ,इधर सिमडेगा झूलन सिंह चौक में मजिस्ट्रेट के रूप में सिमडेगा अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद एवं सदर थाना प्रभारी डीएसपी जय गोविंद गुप्ता दलबल के साथ मौजूद रहे। वह इसके अलावा महावीर चौक नीचे बाजार प्रिंस चौक आदि जगहों पर भी पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी ताकि किसी प्रकार की कोई भी परेशानी उत्पन्न हो तो समय रहते उसे निपटा जा सके। इधर इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार द्वारा कंट्रोल रूम से लगातार नजरे बनाए हुए थे ताकि सभी जगह पर मॉनिटरिंग किया जा सके उन्होंने कहा था कि किसी प्रकार से कहीं भी समस्या उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दिया जाए ताकि विधि व्यवस्था शांतिपूर्ण तरीके से बनाया जा सके।

# अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा गया



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
अवैध कोयला का परिवहन के रोकथाम हेतु निर्देशानुसार चलाये जा रहे चेकिंग के दौरान 30 जनवरी की रात्रि जीटी रोड कुलगो टॉल प्लॉजा के समीप अवैध कोयला लदे एक ट्रक को डुमरी पुलिस के द्वारा पकड़ा गया है। ट्रक चालक और खलासी को हिरासत में ले लिया गया जिसे गुरूवार को गिरिडीह जेल भेज दिया। ट्रक में मिले कोयला से संबंधित कागजातों की जांच जिला खनन कार्यालय के खान निरीक्षक से विधिवत कराया तो कागजात फर्जी पाया गया।इस संबंध में खान निरीक्षक गिरिडीह के द्वारा डुमरी थाना में आवेदन देकर पकड़ाये ट्रक के चालक, उसके मालिक व अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। ट्रक में करीब 30 टन स्टीम कच्चा कोयला लोड है। गिरफ्तार चालक का नाम यूपी के बाराबंकी जिला के थाना रामसहनेही घाट अंतर्गत सोहीलपुर निवासी रमेशचंद्र एवं उपचालक सुनील कुमार है।

# ट्रक और टैंकलॉरी के बीच टक्कर में एक की मौत





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
निमियाघाट थाना क्षेत्र प्रतापपुर के समीप जीटी रोड पर ट्रक और एचपी गैस की खाली टैंकलोरी के बीच हुई टक्कर में टैंकलोरी सवार ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैंकलोरी का आगे का हिस्सा करीब 20 फीट दूर जा गिरा।

घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे निमियाघाट थाना प्रभारी ने खुद ग्रामीणों के सहयोग से टैंकलोरी में दबे ड्राइवर को निकाल कर डुमरी रेफर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में ले थाना ले गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कोलकाता निवासी गोपाल पासवान टैंकलोरी में लोड गैस को मोतिहारी से खाली कर वापस हल्दिया लोट रहा था। इसी क्रम में उक्त स्थान पर खड़े दाल से लदे एक ट्रक में पीछे से जा टकराया। टक्कर होने के बाद टैंकलोरी का आगे का इंजन करीब 20 फीट दूर जा गिरा और टैंकलोरी चालक उसमें फंस गया। इस बात की सूचना ग्रामीणों ने निमियाघाट पुलिस को दी। घटना के बाद पुलिस शव और गाड़ी को जब्त कर थाना ले गई।

## संक्षिप्त खबरें

### घायल टकलू लोहार की टीएमएच में इलाज के दौरान मौत



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह स्थित साहू होटल के पास बाइक सवार चार अपराधियों ने छायानगर निवासी टकलू लोहार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। घटना के बाद साथियों ने उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया था जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया। इधर, टीएमएच में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत टीएमएच पहुंचे और परिजनों से मामले की जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शी मानस ने बताया कि वो टकलू और अन्य साथियों के साथ कार बनवाने गया था। वह कार का जैक लगाने के लिए झुका था तभी बस स्टैंड की तरफ से दो बाइक पर सवार चार अपराधी मुंह बांधकर आए और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। उन्होंने एक युवक को धर दबोचा पर युवक ने उसपर भी फायरिंग की। गोली उनके हाथ को छूते हुए निकल गई।

### एक्सएलआरआई में शुक्रवार से दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई में शुक्रवार दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। वैश्वीकृत दुनिया में सामाजिक और व्यावसायिक उत्तरदायित्व को सक्षम बनाने की थीम पर इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर बिजनेस एथिक्स और एक्सएलआरआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में देश व दुनिया के 78 से अधिक प्रतिष्ठानों के करीब 150 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान कुल 98 पेपर प्रस्तुत होंगे। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में यूएसए के क्रेयटन यूनिवर्सिटी के बिजनेस कॉलेज, लोयोला मैरीमाउंट यूनिवर्सिटी, लॉस एंजिल्स, यूएसए, एली ब्रॉड कॉलेज ऑफ बिजनेस, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी, फैकल्टैट, इंसब्रुक यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रिया ने कॉन्फ्रेंस में हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही सात रिसोर्स पर्सन भी शामिल हो रहे हैं। सत्र की शुरूआत में यानी पहले दिन आधुनिक व्यवसाय में नैतिक अभ्यास, स्थिरता और वैश्विक जिम्मेदारी विषय पर चर्चा होगी। पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं निदेशक अमित राज सिन्हा, टाटा स्टील की चीफ एथिक्स ऑफिसर सोनी सिन्हा, एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर जॉर्ज सेबेस्टियन के साथ ही जमशेदपुर जेसुइट के प्रोवेंशियल जेरी कुटिना, एक्सएलआरआई के डीन एकेडमिक्स प्रो। संजय पात्रो, डीन एडमिन डोनाल्ड डिसिल्वा समेत कई अन्य शामिल हो रहे हैं।

### अनियंत्रित कार तेलमच्चो पुल से नीचे गिरी, 4 छात्र घायल, एक गंभीर



**महुधा।** धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर तेलमच्चो ब्रिज के पास एक तेज रफ्तार कार (टाटा हेरियर गाड़ी) अनियंत्रित होकर पलटी खाते हुए पुल से नीचे गिर गई। दुर्घटना में कार पर सवार चार छात्र घायल हो गए। इनमें एक की स्थिति गंभीर है। चारों छात्र गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल प्लस टू चास में पढ़ाई करते हैं। कार चला रहे निखिल कुमार की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बोकारो रेफर कर दिया। वाहन के एयर बैग खुल जाने के कारण निखिल सहित कार पर सवार सभी छात्र खतरे से बाहर हैं।ण्ण्ण्णघटना के संबंध में ग्राम रक्षा दल के सदस्य सरयू नापित ने बताया कि चारों छात्र निजी वाहन से धनबाद में किसी कार्यक्रम में भाग लेकर लौट रहे थे। तभी तेलमच्चो ब्रिज पर गाड़ी अनियंत्रित हो गयी और लुढ़कते हुए लोहे के बेरियर को तोड़ते हुए पुल से नीचे नदी के सतह पर पहुंच गई। वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पाकर महुदा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को बोकारो के किसी निजी अस्पताल में भेजा। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन के माध्यम से तेलमच्चो चेकपोस्ट लाया गया।

### झारखंड बंद निरसा, मैथन व चिरकुंडा में बेअसर



**निरसा/मैथन।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी मूलवासी संगठनों के गुरुवार को झारखंड बंद का निरसा, मैथन व चिरकुंडा क्षेत्र में कोई असर नहीं दिखा। किसी भी अप्रिय घटना से निबटने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखा। चौक चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मैथन संजय चौक, चिरकुंडा शहीद चौक, नेहरू रोड मोड़, अंबेदकर चौक आदि स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही गश्ती दल भी सड़क पर गश्त करते देखा गया। क्षेत्र में एग्यारकुंड प्रखंड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, निरसा सर्किल इंस्पेक्टर नयनसुख दादेल, मैथन ओपी प्रभारी रजनीश कुमार आदि सक्रिय रहे।

### हाइवा के धक्के से घायल की इलाज के दौरान रिम्स में मौत

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के सिंहनगर में सोमवार की रात हाइवा के धक्के से घायल प्रदीप उर्फ भोमा भुइयां की बुधवार को रांची के रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को परिजन शव लेकर सिंहनगर स्थित आवास पहुंचे। शव देख माहौल गमगीन हो गया। भोमा की पत्नी और बच्चे शव से लिपट कर रो रहे थे। पड़ोसियों ने उन्हें ढांढस बंधाया। स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखा गया। इनलोगों का कहना है कि धक्का मारने वाले हाइवा का नंबर पुलिस को बता दिया गया था, लेकिन पुलिस हाइवा मालिक, चालक और ट्रांसपोर्टर के खिलाफ कारवाई नहीं कर रही है। मृतक की पत्नी रो-रोकर कह रही थी कि अब पांच बच्चों की परवरिश कैसे करेगी। हाइवा एशोसिएशन के लोगों ने फिलहाल शव के अंतिम संस्कार के लिए मृतक के परिवार को दस हजार रुपए दिए हैं।

# सड़क हादसे में जीजा, साले की मौत





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
ताराटांड़ थाना क्षेत्र के गिरिडीह धनबाद मुख्य मार्ग के बड़कीटांड में बुधवार मध्य रात्रि को गिरिडीह से आ रहे स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर रोड किनारे बने गड्ढे में जा गिरी। जिससे वाहन में सवार जीजा और साला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बता दें कि मृतक रूपेश कुशवाहा, उम्र 24 वर्ष गिरिडीह के उदनाबाद का निवासी था जबकि रूपेश का साला सागर वर्मा, उम्र 23 वर्ष देवघर जिले के बूढ़ी बगीचा का रहने वाला था। दोनों एक शादी समारोह में शामिल होकर दुल्हन को पहुंचाने बंगाल जा रहे थे। उसी बीच गिरिडीह धनबाद मुख्यमार्ग के बीच बड़कीटांड के पास जंगल में अनियंत्रित होकर वाहन गड्ढे में जा गिरी जिससे वाहन में सवार जीजा साले की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर ताराटांड़ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो अपने दल बल के साथ पहुंचे और शव को गाड़ी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# युवा और मध्यम वर्ग बजट से निराश : राजेश यादव



**नवीन मेल संवाददाता गिरिडीह**
टैक्स स्लैब में छूट की उम्मीद पाले देश के मध्यम वर्ग के लोगों सहित रोजगार की आस लगाए देश के करोड़ों युवाओं, आय बढ़ाने की उम्मीद पाले किसानों या फिर बेहतर मजदूरी के साथ रोजगार की जद्दोजेहद कर रहे देश के करोड़ों मजदूरों को भी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज पेश किए गए अंतरिम बजट में कुछ भी हासिल होने वाला नहीं। कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी झेल रही देश की जनता का, रात-दिन बड़ी कंपनियों की तिजोरी भरने में लगी मोदी सरकार के द्वारा आज पेश किए गए बजट से कोई फायदा नहीं होगा। फिर भी सरकार में बैठे लोगों को इसकी कोई परवाह नहीं, क्योंकि वे यह समझते हैं कि इन सवालों के बजाय देश में फैलाए गए नफरती माहौल को और भी बढ़ाकर चुनाव की नैया पार कर लेंगे।

# माले की शिकायत पर उपायुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने लिया संज्ञान

**लिखित जांच के लिए गिरिडीह अंचल को भेजा गया पत्र**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाकपा माले के राज्य कमिटी के सदस्य राजेश यादव और माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने संयुक्त बयान देकर कहा कि भाकपा माले ने विगत 12 जनवरी को समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन कर सदर प्रखंड के कोल्हरिया (बदगुंदा) तथा नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में कुछ महीनों का राशन वितरण नहीं किए जाने को लेकर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन सौंपा था।

इस पर कार्रवाई करते हुए डीएसओ गिरिडीह के द्वारा संबंधित अधिकारी को पत्र देकर राशन वितरण कराने की बात कही गई है। माले डीएसओ गिरिडीह को इसके लिए धन्यवाद करते हुए लोगों से अपील करते हैं कि, राशन चोरी के प्रति सजग रहें। मशीन पर अंगूठा लगाने पर राशन अवश्य प्राप्त करें कोई गड़बड़ी हो तो लिखित शिकायत कर माले को भी सूचित करें।

गिरिडीह उपायुक्त और गिरिडीह जिला आपूर्ति विभाग पदाधिकारी को माले के द्वारा दिया गया ज्ञापन का कार्य होने लगा है, जांच के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने गिरिडीह अंचल को जांच के लिए दिया है, इधर शहरी इलाके में प्रत्येक वार्ड,मुफस्सिल क्षेत्रो में या पूरे जिले में लगातार अनाज की चोरी हो रही है। माले ने शिकायत की थी। अब जांच होना तय है। माले प्रतिनिधियों ने कहा कि अंचल अधिकारी सीधा लाभुक से मिलकर जांच बनाये जिससे साफ-साफ चोरी का मामला सामने आयेगा। लाभुक वार्ड 1 से 7 तक और 32 से 36 तक की जांच होनी है लाभुक डरे नहीं, जब कोई धमकाए तो आप माले को याद करें।

# इतिहास में दर्ज होगा लोकतंत्र का काला दिन : आप

## लोकतंत्र की हो रही है हत्या लोकतंत्र में विपक्ष का होना जरूरी : शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
स्वतंत्र भारत के इतिहास में जिस तरह से विपक्ष के नेताओं को टारगेट करके भ्रष्ट बताया जा रहा है और कार्रवाई की जा रही है। ये लोकतंत्र का काला दिन इतिहास में दर्ज होगा।

उक्त बातें आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने गुरूवार को झारखंड में न सीएम न सरकार की हालात पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या पर तुली हुई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिन्हें भाजपा भ्रष्ट बताती थी, वो भाजपा की सरकारों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्री बने हुए हैं। हिमन्ता बिस्वा सरमा, अजीत पवार, नारायण राणे, शुभेन्दु अधिकारी, छगन भुजबल, पेमा खांडू आदि कई उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि जो विपक्ष का नेता रुके नहीं, झुके नहीं, दबे नहीं, डरे नहीं - उनको बारी-बारी से जेल भेजा जा रहा है। श्री शर्मा ने चंडीगढ़ में मेयर चुनाव में गिनती में हेरफेर का वायरल वीडियो की जानकारी देते हुए कहा कि पीठासीन पदाधिकारी ने गलत तरीके से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन उम्मीदवार को हराने और भाजपा उम्मीदवार को जीताने का काम किया, मामला अभी कोर्ट में है। उन्होंने देश के छात्र नौजवानों से आह्वान किया कि लोकतंत्र को बचाने के लिए वे आगे आयें। संविधान और लोकतंत्र बचेगा तभी हम विकसित भारत बनायेंगे नहीं तो खोखले नारों का कोई फायदा नहीं है। महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भारत जोड़ो नया यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं की एक बैठक तिसरी कांग्रेस नेता गंगाराम टुडू के आवास में किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस नेता धनंजय सिंह मौजूद थे। जिसमें करण यादव ने कहा कि जननायक राहुल गांधी झारखंड की पवित्र धरती पर 4 फरवरी को आ रहे हैं। सभी न्यायपसंद महान जनता को इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर शामिल होना चाहिए और बेरोजगारीदाता, भ्रष्टाचारी, देश के सैनिक को दो भागों में बांटने वाले अग्निवीर जैसा स्कीम लाकर महंगाई को चरम पर पहुंचने वाले बीजेपी और मोदी को देश से भगाने के लिए हुंकार भरना चाहिए। मौके पर धनंजय सिंह, करण यादव, मोहम्मद इम्तियाज अंसारी, जमुना यादव, गणपत रावत, दर्शन राय, अरविंद मुर्मू, रामप्रसाद विश्वकर्मा, प्रदीप यादव, रामेश्वर चौधरी मौजूद थे।

# मारपीट का आरोपी जमीन कारोबारी पंकज अग्रवाल गया जेल

**गोमो।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र के चैता रोड स्थित टेहराटांड़ में भूमि विवाद में बुधवार को दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। तलवार के वार से एक पक्ष के मो। रफीक घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने हरिहरपुर थाना में लिखित शिकायत दी। हरिहरपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट के आरोपी गोमो के जमीन कारोबारी पंकज अग्रवाल व उनके सहयोगी युवक मुनमुन चौरसिया को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। चर्चा है कि स्थानीय पुलिस मामले को दबाने का प्रयास कर रही थी। पीड़ित पक्ष ने इसकी शिकायत धनबाद के एसएसपी से की। एसएसपी के हस्तक्षेप के बाद हरिहरपुर थाना पुलिस कार्रवाई करने पर मजबूर हुई और जमीन कारोबारी पंकज अग्रवाल को और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जयराम महतो ने ईडी के कार्यशैली पर लगाया सवालिया निशान




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का गुरुवार को झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के बैनर तले पंचायत विस्तार अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के जरिए समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने पीरटांड़ प्रखंड के पालगंज, कुम्हरलालो, नावाडीह, बिशनपुर, सिमरकोड़ी, हरालाडीह, कुड़को, मंडरो सहित कई गांवों का दौरा कर अपने पार्टी के लिए पंचायत विस्तार किया गया। जयराम महतो ने आपमे सम्बोधन में कहा कि आज गिरीडीह के विधायक व सांसद चंदा लेना बंद कर दें और पीरटांड़ के लोगों को रोजगार दें। अगर पूरे झारखंड के नेता चंदा लेना बंद करे तो समझिए झारखंड का क्या होगा। एक सवाल के जवाब पर कहा कि ईडी एक ऑटोनोमस बॉडी है लेकिन ऑटोनोमस का जो रवैया है वो दिख नहीं रहा है। साथ ही कहा कि ठीक है मुख्यमंत्री की गलती हो सकती है। लेकिन ईडी का जो रवैया है वो उचित नहीं है।

कार्यक्रम को मुख्य रूप से जेबीकेएस के दीपक महतो, मुंशीफ रजा, खुर्शीद अंसारी, अर्जुन मराण्डी, महेंद्र महतो आदि ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने झारखंड की वर्तमान सरकार को बदलने का संकल्प लिया झारखंड को बदलने के लिए एकजुट रहने की अपील की। मौके पर सुरेंद्र महतो, ऋतिक कुमार, कुंवर मनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# ढोरी जीएम ने दिव्यांग को सौंपी बैट्री चालित ट्राइसाइकिल



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने अमलो के दिव्यांग मनोज कुमार गुप्ता को 42 हजार रुपये की बैट्री चालित ट्राइसाइकिल दी। एएडीओसीएम (अमलो) में आयोजित समरोह में उन्होंने कहा कि सीसीएल का कोयला उत्पादन ही नहीं बल्कि समावेशी विकास भी मुख्य उद्देश्य है। दिव्यांगों के प्रति हर किसी में करुणा का भाव होना चाहिए। सीसीएल ढोरी और आसपास के क्षेत्र के गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर श्रमिक नेता जवाहरलाल यादव, जयराम सिंह, अविनाश सिंह, महफूज आलम, आनंद विश्वकर्मा, शैलेश कुमार, एसओपी प्रतुल कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उड़के, मैनेजर मुनीनाथ सिंह, विक्रय पदाधिकारी विवेक कुमार कार्मिक प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में ललपनिया में बंद असरदार



**नवीन मेल संवाददाता। बेरमो**
झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी मूलवासी संगठनों का गुरुवार को आहूत झारखंड बंद लालपनिया में असरदार रहा। आदिवासी मूलवासी अधिकार मंच के कार्यकताओं ने सुबह में बोकारो जिले के विभिन्न स्थानों पर सड़क पर उतरकर दुकानें बंद करा दीं। ललपनिया मोड़ पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। मंच के अध्यक्ष दिनेश मुर्मू ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को फंसाया और ईडी का सहारा लेकर गिरफ्तार कराया है। मूलवासी एकजुट होकर बीजेपी को इसका जवाद देंगे। यदि इसी तरह आदिवासी नेताओं को फंसाया जाता रहा, तो आदिवासी झारखंड में एक और बड़ा उलगुलान करने का विवश होंगे।

उन्होंने बताया कि वाहनों का आवागमन बाधित नहीं है। दुकान, बैंक और स्कूल बंद रहे। आवश्यक सेवाएं चालू रहीं। गोमिया-ललपनिया मुख्य मार्ग पर पिंडरा चौक के पास आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक ढोल-नगाड़ और तीर-कमान लेकर सड़क पर उतरे।

मौके पर दिनेश कुमार मुर्मू, अनिल हांसदा, सुखराम हांसदा, हीरालाल टुडू, नरेश चौड़े, लालचंद चौड़े, संजय सोरेन, प्रेम सोरेन, रजेश मुर्मू, श्यमदेव सोरेन, सेवाराम मांझी, महेश मरांडी, सुरेन्द्र बास्के, बबलू हेम्ब्रम, बबली सोरेन, संतोष मरांडी, मंगल हांसदा, रामाकांत सोरेन आदि मौजूद रहे।

किसी की गलतियों पर गुस्सा करने से पहले उसकी परिस्थितियों को एक बार समझने का प्रयास करें : अज्ञात

# वापसी के आत्मविश्वास से भरा अन्तरिम बजट

***केन्द्रीय*** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अपने छठे बजट और पहले अंतरिम बजट को पेश करते हुए एक संदेश दिया कि मोदी सरकार तीसरी बार सत्ता में आने को लेकर पूरी तरह न सिर्फ आश्वस्त है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था जो रोड मैप उसने अब तक तैयार किया है, उसी पर आगे बढ़ने के लिए भी दृढ़ संकल्प है। इस अंतरिम बजट में यह संदेश भी निहित है कि पूरी दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था पूरी दमदारी से आगे बढ़ रही है और ऐसे ही बढ़ती रहेगी। चूंकि यह अंतरिम बजट था, इसलिए इसमें किसी तरह की लोक लुभावन योजनाओं की घोषणाओं की उम्मीद किसी को भी नहीं थी। वित्त मंत्री ने कहा कि हमने अंतरिम बजट की परंपरा को जारी रखते हुए अंतरिम बजट में किसी तरह की लोकलुभावन घोषणाएं करने से परहेज किया है। हालांकि, बजट में थोड़ी बहुत राहत भी डाली गई है। भाजपा को लग रहा है कि पूरा बजट मोदी सरकार दो माह बाद लोकसभा चुनाव में नया जनादेश लेकर प्रस्तुत करेगी। लेकिन वह भी अंतरिम बजट का विस्तार होगा, जिसमें देश में ह्यविकसित भारतह्ण की अवधारणा के साथ देश के आर्थिक विकास का रोड मैप होगा। छोटा होने के बाद भी इस अंतरिम बजट में पूर्ण भावी बजट के संकेत छुपे है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह देश के निर्माण का बजट है। पर यह नहीं कहा जा सकता कि बजट के माध्यम से देश की प्रमुख समस्याओं बढ़ता कर्ज, बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई आदि का निदान हो जाएगा। लेकिन अगर दुनिया के बाकी देशों की अर्थव्यवस्थाओं के संकट के संदर्भ में देखें तो वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने देश की गुलाबी तस्वीर पेश करने का भरपूर प्रयास किया है। यह भी सच है कि देश की विभिन्न आंतरिक और बाहरी समस्याओं के बाद भी भारत की आर्थिकी अपनी चाल से आगे बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार बजट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि लोगों के हाथ पैसा आए। लेकिन पूर्ण बजट में हमे ऐसे प्रावधान देखने को मिल सकते हैं। यूं यह बजट अपने साथ कुछ रिकॉर्ड भी बना गया है। पहला तो देश की दूसरी महिला वित्त मंत्री होते हुए लगातार छठी बार बजट पेश करने का और अपने ही पूर्ववर्ती भाषणों की तुलना में सबसे छोटा यानी 58 मिनट का भाषण देने का कीर्तिमान भी उन्हीं के नाम है।

**वित्त मंत्री ने कहा कि हमने अंतरिम बजट की परंपरा को जारी रखते हुए अंतरिम बजट में किसी तरह की लोकलुभावन घोषणाएं करने से परहेज किया है। हालांकि, बजट में थोड़ी बहुत राहत भी डाली गई है। भाजपा को लग रहा है कि पूरा बजट मोदी सरकार दो माह बाद लोकसभा चुनाव में नया जनादेश लेकर प्रस्तुत करेगी। लेकिन वह भी अंतरिम बजट का विस्तार होगा, जिसमें देश में ह्यविकसित भारतह्ण की अवधारणा के साथ देश के आर्थिक विकास का रोड मैप होगा। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह देश के निर्माण का बजट है। पर यह नहीं कहा जा सकता कि बजट के माध्यम से देश की प्रमुख समस्याओं बढ़ता कर्ज, बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई आदि का निदान हो जाएगा। लेकिन अगर दुनिया के बाकी देशों की अर्थव्यवस्थाओं के संकट के संदर्भ में देखें तो वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने देश की गुलाबी तस्वीर पेश करने का भरपूर प्रयास किया है।**

इन दिनों

# 'अंतरिम बजट' गरीब, युवा व नारी को समर्पित



विजय केसरी

***केंद्रीय*** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह अंतरिम बजट देश के गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं और नारी शक्ति के उत्थान को समर्पित किया है। सीतारमण ने लोकसभा में छठी बार देश का बजट प्रस्तुत किया है। केन्द्र सरकार अपने अंतरिम बजट के माध्यम से गरीबों को गरीबी से मुक्ति, देश के युवाओं को रोजगार, किसानों के आय में वृद्धि और नारी शक्ति के उतरोतर विकास के लिए विशेष फंड का प्रावधान किया है। साथ ही 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री ने यह भी आह्वान किया है कि यह 'गारंटी' का बजट है। नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह अंतिम अंतरिम बजट है। चूंकि 2024 में लोकसभा सहित कई राज्यों में चुनाव होना है। यह अंतरिम बजट समाज के सभी वर्गों के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। अंतरिम बजट में उम्मीद जताई गई है कि महंगाई पर रोक लग पायेगी। सीतारमण ने जोर देकर कहा है कि यह अंतरिम बजट सबका साथ और सबका विकास वाला है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि जुलाई माह के पूर्ण बजट में विकसित भारत का रोड मैप दिया जायेगा। देशवासियों को उम्मीद थी की आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुए केन्द्र सरकार माइलेज लेने के लिए कई तरह की छूट की घोषणा करेगी। लेकिन केंद्र सरकार ने ऐसी कोई घोषणा अपने अंतरिम बजट में नहीं की है। इससे प्रतीत होता है कि केंद्र सरकार देश की अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करना चाहती है। और राजस्व घाटा को कम करना चाहती है। साथ ही 2047 तक भारत को एक विकसित भारत के रूप में तब्दील करना चाहती है। अंतरिम बजट में आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही डायरेक्ट टैक्स में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। पूर्व में जिस तरह सात लाख रुपए तक सालाना आय पर टैक्स नहीं लगता था, वह जारी रहेगा। आयकर दाताओं को उम्मीद थी कि आयकर के छूट स्लैब को बढ़ाया जायेगा, लेकिन नहीं बढ़या गया । इससे मध्यम वर्गीय आयकर दाताओं में थोड़ी निराशा जरूर हुई है । वित्त मंत्री ने अपने बजट में यह भी स्पष्ट किया कि चूंकि यह अंतरिम बजट है, लोकसभा चुनाव के बाद जब नई सरकार आयेगी, तब पूर्ण बजट में इसकी नई रूप रेखा तय की जायेगी। अंतरिम बजट की खास बात यह है कि जीएसटी कलेक्शन का 26.2 लाख करोड़ का कलेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। यह एक बड़ा लक्ष्य जरूर है, लेकिन देश के उत्तरोत्तर विकास के लिए यह जरूरी भी है। वहीं दूसरी ओर राजस्व घाटा का 5.1 अनुमानित किया गया है। यह घाट जितना काम होगा भारत में विकास उतने ही तेज गति से आगे बढ़ेगा। केंद्र सरकार इस राजस्व घाटे को काम करने में लगी हुई है। अंतरिम बजट में अगले 5 साल में 2 करोड लोगों को मुफ्त आवास दिये जाने की घोषणा की गई है। 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दिये जाने की योजना अनवरत जारी रहेगी। संपदा योजना से 38 लाख किसानों को लाभ मिलेगा । बजट में ऐसी आशा जताई गई है। बजट में यह वादा किया गया है कि एक करोड़ लोगों को मुफ्त सोलर बिजली प्रदान किया जायेगा। डेयरी किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। उन्हें कम ब्याज दर पर राशि उपलब्ध कराई जायेगी। तिलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तिलहन के किसानों को मदद किया जायेगा। आंगनबाड़ी केंद्रों और बेहतर ढंग से संवर जायेगा। आंगनवाड़ी केंद्रों को और बेहतर ढंग से सवारने की घोषणा से आंगनवाड़ी में कार्यरत महिलाओं में खुशी देखी जा रही है। वित्त मंत्री सीतारमन ने अपने अंतरिम बजटीय भाषण में यह संकल्प दोहराया कि जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान को गतिशील बनाया जायेगा। वित्त मंत्री के इस घोषणा से उम्मीद है कि देश के किसानों, सीमा की रक्षा कर रहे सैनिकों विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों एवं अनुसंधान के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों को एक गति मिल पायेगी। अंतरिम बजट में 3 करोड़ महिला लखपति दीदी बनाने की लक्ष्य रखा गया है। यह नारी शक्ति वंदन अधिनियम को कारगर बनाने की दिशा में सरकार का एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है। 1361 मंडियों को सी एन ए एम से जोड़ा जायेगा। रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर में अमल चूल परिवर्तन ने बोगियां की भी घोषणा की गई है। यह रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी अच्छी खबर है। वहीं वित्त मंत्री ने विमान कंपनियों द्वारा 1000 विमान खरीदे जाने की घोषणा की है। इस घोषणा से विमान यात्रियों को एक नये विमान से यात्रा करने का सुअवसर प्राप्त हो पायेगा। अंतरिम बजट में यह भी कहा गया है कि अगले 10 सालों में देश में एयरपोर्ट की संख्या दुगनी हो जायेगी। इससे स्वाभाविक है कि एयरपोर्ट की संख्या दुगनी होने से रोजगार सृजन होंगे और लाखों लोगों को इन एयरपोर्टों में काम मिल पायेगा। बड़े शहरों के साथ छोटे शहरों में भी मेट्रो नमो का विस्तार किया जायेगा। इस मेट्रो नमो के विस्तार से छोटे शहर भी बड़े शहरों के समान अपने को विकसित कर पायेंगे। नेचुरल गैस का आयात बढ़ाने की भी घोषणा की गई है। सरकार की यह घोषणा स्वागत योग्य है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में 11% ज्यादा खर्च किये जाने की घोषणा की गई है। निश्चित तौर पर यह घोषणा सराहनीय है। देश के टूरिज्म क्षेत्र के विकास के लिए 0% ब्याज पर लोन दिया जायेगा। यह टूरिज्म के लिए एक बड़ी अच्छी खबर है। इस घोषणा से टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। टूरिज्म क्षेत्र के विकास होने से लाखों लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। साथ ही टूरिज्म क्षेत्र के विकास से होने वाले आमदनी से राज्य सरकार और केंद्र सरकार भी आर्थिक रूप से संपन्न भी हो पायेगी। प्रस्तुत अंतरिम बजट पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'विकसित भारत बनाने में यह अंतरिम बजट श्रेष्यकर होगा। ? यह बजट विकसित भारत को समर्पित है। इस बजट से देश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। इस अंतरिम बजट से विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। यह बजट युवाओं की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया है कि अंतरिम बजट के नये संकल्पों को लेकर चलें और वर्ष 2047 में समृद्ध भारत, समर्थ भारत और हर प्रकार से संपन्न भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ाएं।



**सीतारमण ने लोकसभा में छठी बार देश का बजट प्रस्तुत किया है। केन्द्र सरकार अपने अंतरिम बजट के माध्यम से गरीबों को गरीबी से मुक्ति, देश के युवाओं को रोजगार, किसानों के आय में वृद्धि और नारी शक्ति के उतरोतर विकास के लिए विशेष फंड का प्रावधान किया है। साथ ही 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है। वित्त मंत्री ने यह भी आह्वान किया है कि यह 'गारंटी' का बजट है। नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह अंतिम अंतरिम बजट है।**

## आपकी बात

### दौड़ के घोड़े नहीं है बच्चे



देवेश कु.घोष

बच्चों के कोमल मन पर अभिभावकों का कठोर अनुशासन, भारी पर जाता है । संतान को पद, प्रतिष्ठा, पैसा दिलाने की होड़ में किशोर उम्र का अमूल्य जीवन निराशा, दुःख, और असमाधेय प्रतिद्वंद्विता की बली चढ़ रहा है । ऊंची आकांक्षा बहुत अच्छी बात है और यह अभिभावकों और छात्रों के बीच होनी भी चाहिए । ऊंचा से ऊंचा सपना सँजोने से ही कुछ पाया जा सकता है । लेकिन सपना या लक्ष्य एक ही क्यों ? एक जैसा क्यों नहीं ? निर्धारित लक्ष्य नहीं पा सके तो उस परिस्थिति में कोई आपात विकल्प तैयार रखना चाहिए । यह वैकल्पिक व्यवस्था असफलता का आघात सह सकेगा । आई आई टी नहीं तो एन आई टी । एन आई टी नहीं तो कोई अच्छा कॉलेज और यदि अच्छा कॉलेज नहीं तो कोई भी इंजीनीयरिंग कॉलेज । बड़े बड़े कंपनियों में सर्वोच्च पदों पर उन इंजीनीयरों को देखा है जो किसी अति साधारण कॉलेज के छात्र थे और उनके अधीनस्थ, बहुत नीचे, नामी गिरामी आई आई टी के इंजीनीयर कार्यरत थे । कैरीयर बनाने के मूलमंत्र में मेहनत के साथ धैर्य, अविचलित रहना, आशावादी होना और परिस्थिति के साथ समझौता रखने का गुण होना चाहिए । उपरोक्त बातों को बच्चों के मन में डालने का दायित्व अभिभावकों का ही है । यदि अभिभावक अपने बच्चे के लिए लक्ष्य फेवीकोल लगाकर फिक्स कर देते हैं तो असफलता पाने के स्थिति में बच्चा टूट न जाए, इसकी व्यवस्था भी करके रखनी चाहिए । जिस जोशो खरोश में कुछ बड़ा करने का पाठ अभिभावक देते हैं, उतने ही इतमीनान से असफलता पर मरहम लगाने की तैयारी भी होनी चाहिए । यदि संतान को पूरा विश्वास हो की उसके असफल हो जाने पर भी उसकी माँ चूम कर गले लगा कर कहेगी, कोई बात नहीं । फिर मेहनत करना । अगली बार सफल हो जाओगे । बच्चा आश्वस्त हो कि उसके पिता कतई नाराज नहीं होंगे तो अप्रिय घटनाएँ नहीं घटेंगी । प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते समय मन में यही घुमड़ते रहता है कि यदि सफल नहीं हुए तो क्या होगा ? बहुत बुड़ा होगा । किसी को मुंह नहीं दिखा सकूँगा । यदि परीक्षार्थी इन भयानक आशंकाओं से मुक्त रहे और निश्चिंत रहे कि असफल होने पर भी उसे माता ,पिता, अभिभावक, स्वजनों का उपालंभ उसे नहीं मिलेगा, अगली बार बेहतर करने का आशीर्वाद मिलेगा तो उसकी तैयारी भय मुक्त होगी और परिणाम बहुत अच्छा होने के संभावना रहेगी । जिसका उद्देश्य, चाहे जैसे भी हो, सफलता पाना हो, उसे असफलता का भय इतना चिंतित कर देता है की वह अपने कार्य को पूर्ण शक्ति के साथ सम्पन्न नहीं कर पाता है।

**(अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, नई दिल्ली)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# सहयोगी दलों की भावनाओं को समझे कांग्रेस पार्टी




रमेश सर्राफ

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों ने गठबंधन बनाकर एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प जाहिर किया था। कांग्रेस गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। मगर गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों की ताकत भी कम नहीं है। क्षेत्रीय दल भी अपने-अपने प्रदेशों में मजबूत स्थिति में है। लगने लगा था कि आने वाले समय में यह गठबंधन भाजपा को टक्कर दे सकता है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने लगा वैसे-वैसे क्षेत्रीय दलों के नेता कांग्रेस से सीटों का बंटवारा करने की बात करने लगे। मगर कांग्रेस पार्टी पहले कर्नाटक व हिमाचल विधानसभा चुनाव में व्यस्तता की बात कहती रही। फिर राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बहाने बात को टाल दिया। कांग्रेस के चलते विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई। उसके बाद भी कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे को लेकर बात आगे नहीं बढ़ायी। इसी के चलते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। ममता बनर्जी वहां कांग्रेस को मौजूदा दो सीट बहरामपुर व दक्षिण मालदा ही देना चाहती है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीटों पर दावा कर रही है। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस बहुत कमजोर है। ऐसे में उनकी पार्टी ही भाजपा को हरा सकती। इसलिए वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं देगी। इसके अलावा ममता बनर्जी इंडी गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के साथ किसी तरह का सीट बंटवारा या समझौता भी नहीं करना चाहती है। ममता बनर्जी की एकतरफा घोषणा से गठबंधन कमजोर पड़ा है। वहां कांग्रेस व वामपंथी दल बिना ममता बनर्जी के प्रभाव नहीं दिखा पायेंगे। सीटों पर तालमेल नहीं होने के चलते ही विपक्षी गठबंधन के प्रमुख स्तंभ रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में पुनः भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली है।

**कांग्रेस के चलते विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# इनफ्रास्ट्रक्चर पर जोर विकसित भारत की ओर



किशन भावनानी

***वैश्विक*** स्तर पर भारत पूरी दुनियां में तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में विख्यात हो चुका है, जिसने ब्रिटेन को पछाड़कर पूरी दुनियां की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, अब दुनियां की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रही है और भारत अपना विजन बन चुका है कि 2047 के पूर्व दुनियां की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाना है। अर्थव्यवस्था नंबर वन बनना, याने विकसित भारत का पर्याय माना जाता है और अर्थव्यवस्था का नंबर वन बनने के लिए सबसे सटीक आधार हमारा वार्षिक बजट है जिसके आधार पर पूरी आर्थिक व्यवस्था का रोडमैप दर्ज होता है। चूंकि 1 फरवरी 2024 को माननीय केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा अंतरिम बजट पेश किया गया है, इसलिए कि लोकसभा चुनाव संभावित तौर पर अप्रैल 2024 में हो सकते हैं और 17वीं लोकसभा का यह आखिरी बजट है, इसलिए ही अंतरिम बजट पेश किया गया है। फिर पूर्ण बजट संभावित जुलाई 2024 में लाया जा सकता है। फिक्की के एक कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री पहले ही इशारा दे चुकी है कि यहअंतरिम बजट है, इसलिए इस पर अधिक उम्मीदें नहीं लगाना चाहिए। यह लेखा-जोखा का चार माह का हिसाब किताब तैयार करना है और कुछ जरूरी संशोधनों को लाना है, फिर जुलाई 2024 में पूरी तरह से विचार विमर्श कर अनेक स्कीमों सुविधाओं को सम्मिलित करने के लिए अनेक योजनाओ की घोषणा और स्कीम सम्मिलित की गई है उनके कहने का सटीक परिणाम हमने आज देख लिया है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरिम बजट 1 फरवरी 2024 में लोकसभा चुनाव 2024 के दबाव का अंशका प्रभाव नहीं दिखनें को रेखांकित करना जरूरी है साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2024 को घोषित बजट की मुख्य बातों की करें तो, वित्त मंत्री ने कहा कि इस बजट में हमारा 4 जातियों पर फोकस है। उन्होंने कहा कि महिला, गरीब, युवा और किसान ही हमारे फोकस में हैं। सरकार ने इस बार आयकरदाताओं को कोई राहत नहीं दी है।

**फिक्की के एक कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय मंत्री पहले ही इशारा दे चुकी है कि यहअंतरिम बजट है, इसलिए इस पर अधिक उम्मीदें नहीं लगाना चाहिए। यह लेखा-जोखा का चार माह का हिसाब किताब तैयार करना है।**

बोधि वृक्ष

## प्रेम मंदिर वृन्दावन का इतिहास

**स्थापत्य कलाः** इसके निर्माणकार्य की शुरूआत जनवरी 2001 में हुई थी और इसका उदघाटन समारोह 2012 में 15 फरवरी से 17 फरवरी तक चला था। भव्य युगल विहारालय-प्रेम मंदिर 11 साल के बाद बनकर तैयार हुआ। इसे सफेद इटालियन संगमरमर से तराशा गया है। चटिकारा मार्ग पर स्थित श्रीवृंदावन धाम का यह अद्वितीय युगलावास प्राचीन भारतीय शिल्पकला की झलक भी दिखाता है। इस अद्वितीय श्रीराधा-कृष्ण प्रेम मंदिर का लोकार्पण 17 फरवरी को वैदिक मंत्रोच्चार व प्रेम कीर्तन के साथ किया गया। प्रेम मंदिर 125 फुट ऊंचा, 122 फुट लम्बा और 115 फुट चौड़ा है। इसमें खूबसूरत उद्यानों के बीच फव्वारे, श्रीराधा कृष्ण की मनोहर झझंकियां, श्रीगोवर्धन धारण लीला, कालिया नाग दमन लीला, झूलन लीलाएं सुसज्जित की गई हैं। प्रेम मंदिर के बाजू में ही एक 73,000 वर्ग फीट के पिल्लर का निर्माण किया गया है, जहाँ एक साथ-एक ही समय 25,000 लोग जमा हो सकते है। मंदिर की दीवारों का निर्माण भी कठोर इटालियन संगमरम से ही किया गया है, जो 3.25 फीट मोटी है। साथ ही गरभा-गृह के दीवार की मोटाई 8 फीट है, जिसने पुरे शिखर, स्वर्ण कलश और ध्वज के वजन को संभाल रखा है। मंदिर में लगाये गये पैनल को श्रीमद् भगवत गीता से लिया गया है।

**वास्तुकला :** प्रेम मंदिर वास्तुकला के माध्यम से दिव्य प्रेम को साकार करता है। दिव्य प्रेम का संदेश देने वाले इस मंदिर के द्वार सभी दिशाओं में खुलते हैं। मुख्य प्रवेश द्वारों पर अष्ट मयूरों के नक़्क़ाशीदार तोरण बनाये गये हैं। पूरे मंदिर की बाहरी दीवारों पर श्रीराधा-कृष्ण की लीलाओं को शिल्पकारों ने मूर्त रूप दिया गया है। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

## व्हाट्सएप ग्रुप चैट में आसानी से ढूंढें अपना मैसेज

मैसेजिंग ऐप की श्रेणी में सबसे आगे चल रहे व्हाट्सएप ऐसे ही आगे नहीं है, क्योंकि इसके पीछे यह रीजन है कि इसके क्रिएटर लगातार इसमें नये फीचर्स ऐड करते रहते हैं ताकि अपने यूजर्स को लगातार बढ़िया एक्सपीरियंस वह करा सकें। अभी हाल ही में व्हाट्सएप ने एक नया फीचर पेश किया है जिससे आप आसानी से किसी ग्रुप चैट में अपने पर्सनल मैसेज को पिन करके हाईलाइट कर सकते हैं। बता दें कि ग्रुप चैट में अक्सर धड़ल्ले से मैसेज आते रहते हैं और आपका मैसेज कहीं खो जाता है। ऐसे में लगातार स्क्रॉल करके आपको अपना मैसेज सर्च करना पड़ता है। अब इस समस्या को ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप ने मैसेज को पिन करने का ऑप्शन दिया है, जिससे आप अपने मैसेज को पिन करके हाईलाइट कर पाएंगे।



**आईए जानते हैं कि आप कैसे अपने मैसेज को पिन करके हाईलाइट कर सकते हैं**

सबसे पहले बता दें कि यह सुविधा एंड्रॉयड और आईओएस डिवाइस दोनों में दिया जा रहा है। इसके साथ ही आप डेस्कटॉप और वेब दोनों ही वर्जन में इसका उपयोग कर सकते हैं। इतना ही नहीं आप टेक्स्ट, पोल, इमोजी इमेज सभी को यह सपोर्ट करता है। किसके लिए आपको कुछ ज्यादा नहीं करना है बल्कि किसी भी ग्रुप चैट में जाकर आपको अपने मैसेज को लंबे समय तक प्रेस करना रहता है। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### हेमंत सोरेन को मिला तेजस्वी का साथ, कहा-

# भाजपा की हेकड़ी अब जनता तोड़ेगी

**एजेंसी। पटना**

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजद के नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का साथ मिला है। तेजस्वी ने केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि अहंकार से चूर भाजपा की हेकड़ी अब जनता तोड़ेगी। राजद के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार की देर रात अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि बिहार, चंडीगढ़ और अब झारखंड। भाजपा ने एक ही हफ्ते में लोकतंत्र और संघवाद को तार-तार कर दिया। उन्होंने आगे लिखा कि चुनाव में हार के डर से जांच एजेंसियों की निष्पक्षता खत्म कर एजेंसियों को बीजेपी का प्रकोष्ठ बनाकर, केंद्र सरकार क्या-क्या कर रही है अब यह बात किसी से छुपी नहीं है।



### झारखंड में भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा आया सामने

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने झारखंड मामले को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा सामने आ रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि झारखंड के साहसी योद्धा हेमंत सोरेन भाजपा के आदिवासियों और आदिवासी क्षेत्रों की रक्षा के लिए सदैव वचनबद्ध रहे हैं और भाजपाई भ्रष्ट राजनीतिज्ञों व पूंजीपतियों के सामने इसलिए दीवार बनकर खड़े रहे, जिससे झारखंड को शोषण से बचाया जा सके। इसीलिए उनके साथ ऐसा बुरा व्यवहार किया जा रहा है। ये झारखंड के जनमत का अपमान है। इसीलिए हर एक झारखंड निवासी इस बार भाजपा के खिलाफ वोट डालेगा और भाजपा को ऐतिहासिक पराजय का सामना करना पड़ेगा।

### दृष्टिबाधित छात्रा की आत्महत्या की आंतरिक समिति करेगी जांच

**कोलकाता।** कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के दो छात्रों पर उसी विश्वविद्यालय की एक दृष्टिबाधित छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। इस मामले में जेयू के अधिकारियों ने आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) को जांच करने का निर्देश दिया है। दो आरोपी छात्रों में से एक को विश्वविद्यालय अधिकारियों ने पहले ही निर्देश दिया है कि जब तक पैनल मामले में अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट नहीं दे देता, तब तक वह जेयू परिसर में प्रवेश न करे। आरोपी छात्र भी दृष्टिबाधित है। विश्वविद्यालय अधिकारियों के फैसले के अनुसार, पैनल 12 फरवरी को मामले पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट देगा। इसके एक महीने बाद समिति की फाइनल रिपोर्ट सामने आने की उम्मीद है।

# रास चुनाव को लेकर जोड़तोड़ शुरू जदयू को हो सकता है नुकसान

**बिहार में छह सीटों के लिए 27 फरवरी को हो रहे द्विवार्षिक चुनाव के लिए आठ फरवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी**



**एजेंसी। पटना**

बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद अब सभी दल राज्यसभा चुनाव को लेकर जोड़-तोड़ में जुट गए हैं। बिहार में छह सीटों के लिए 27 फरवरी को हो रहे द्विवार्षिक चुनाव के लिए आठ फरवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। राज्यसभा के लिए विधानसभा में विधायकों की संख्या पर गौर करें तो इस बार भाजपा को एक सीट का लाभ होगा, जबकि जदयू को एक सीट का नुकसान उठाना पड़ सकता है। विधानसभा की संख्या बल के आधार पर भाजपा दो, जदयू एक और राजद दो सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार को आसानी से जीत दिलवा लेंगे, लेकिन छठी सीट के लिए दलों को अपने सहयोगियों के भरोसे रहना होगा।

जदयू में पुराने समाजवादी नेता वशिष्ठ नारायण सिंह और अनिल हेगड़े का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसके अलावा राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और अशफाक करीम, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह व भाजपा के सुशील कुमार मोदी शामिल हैं। संख्या बल के हिसाब से राजद की दोनों सीटें बरकरार रह जाएंगी, लेकिन कांग्रेस को अपनी एक सीट बचाने के लिए विपक्षी दलों के आसरे रहना होगा। भाजपा को एक सीट का लाभ होगा।

### प्राथमिक शिक्षकों के भर्ती पैनल को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ प्राइमरी एजुकेशन (डब्ल्यूबीबीपीई) के साल 2022 में सरकारी स्कूलों में प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती के लिए घोषित पैनल को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। 10 उम्मीदवारों के एक समूह ने बुधवार को घोषित 9,533 उम्मीदवारों के पैनल को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी। याचिका को न्यायमूर्ति मंथा ने स्वीकार कर लिया है और मामले पर शुक्रवार को सुनवाई होने की उम्मीद है। हाल ही में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी मामले न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली की बेंच से न्यायमूर्ति मंथा की बेंच में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। सितंबर 2022 में, डब्ल्यूबीबीपीई ने राज्य संचालित स्कूल में कुल 11,758 प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अधिसूचना दी। बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड) और डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड) दोनों के उम्मीदवार इन पदों के लिए पात्र होंगे।

## एक नजर

### कच्छ में भूकंप से हिली धरती, कोई हताहत नहीं

**कच्छ (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ क्षेत्र में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिससे लोग घबराकर घरों से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप सुबह 8:06 बजे आया। जिसका केंद्र अक्षांशीय और देशांतरीय रूप से क्रमशः 24.27 और 70.21 दर्ज किया गया। भूकंप की गहराई 15 किलोमीटर दर्ज की गई। भूकंप से किसी नुकसान या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

### गुना के मंदिर में तोड़फोड़ लोग सड़कों पर उतरे

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले के एक मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी। यह बात सामने आने पर गुरुवार को स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए और दोषियों की तलाश कर कार्रवाई की मांग करने लगे। मिली जानकारी के अनुसार, गुना के बमोरी के बाहरी इलाके में एक शिव मंदिर है। इस शिव मंदिर में असामाजिक तत्वों ने बुधवार की देर रात तोड़फोड़ कर दी और शिवलिंग को भी उखाड़ दिया। गुरुवार को यह जानकारी जब स्थानीय लोगों को लगी तो वे सड़क पर उतर आए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। बढ़ते तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उन लोगों को खोजा जा रहा है जो इस घटना को अंजाम देने वाले हैं।

### केंद्रीय बजट को अखिलेश ने बताया 'भाजपा की विदाई' कांग्रेस बोली निराशाजनक

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी अंतरिम बजट पेश किया। इस बजट को लेकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस ने अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं दी है। अखिलेश यादव ने इसे भाजपा की विदाई का बजट बताया है। कांग्रेस ने बजट को निराशा जनक बताया है। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, "कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है।

# केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य : मुख्यमंत्री

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। सीएम ने कहा कि सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लायेगी, जिसके तहत किराये के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है सीएम ने कहा कि बजट में उच्च शिक्षा के लिए लोन की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नये रेलवे इकोनॉमिक कॉरिडोर की शुरूआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आयेगी।




### सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने की बजट की तारीफ

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे भारत श्रेष्ठ और समृद्ध होगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से ही देश को विकसित बनाने के लिए काम कर रहे हैं। अब तक आयुष्मान योजना से छह करोड़ लोग लाभ ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा सदन में पेश अंतरिम बजट में भारत के श्रेष्ठ होने की झलक दिख रही है। देश में सोलर पैनल लगाने का काम किया जाएगा और तीन करोड़ दीदी को लखपति बनाया जाएगा। इस बजट से भारत श्रेष्ठ और समृद्ध होगा। बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के नेता विजय कुमार सिन्हा ने इस अंतरिम बजट को विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने वाला बजट बताया। सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार के पेश अंतरिम बजट में गांव के विकास पर जोर, सोशल जस्टिस सरकार की प्राथमिकता और समावेशी विकास में राज्यों की भागीदारी का समावेश किया है।

### बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और रोजगार को बढ़ाने वाला बजट : नित्यानंद राय


केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की और प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहा है और इस दिशा में यह बजट ऐतिहासिक है। इतना ही नहीं यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला है। नित्यानंद राय ने कहा कि बजट गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं की उन्नति वाला बजट है, जिसमें सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने में यह बजट हितकारी साबित होगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने आगे कहा कि इस बजट में गांव के गरीब महिलाओं का खास तौर पर ध्यान रखा गया है। राय ने केंद्र सरकार के लखपति दीदी योजना की सराहना करते हुए कहा कि कुछ ही महीनों में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बना दिया गया है और सरकार ने लक्ष्य रखा है कि आने वाले दिनों में यह आंकड़ा 3 करोड़ को पार कर जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में जिस तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र को फोकस किया गया है, वह ऐतिहासिक है। बजट में 11 लाख करोड़ से ज्यादा रकम इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में आवंटित किया गया है और इससे रोजगार तो मिलेगा ही, बुनियादी ढांचे को मजबूती भी मिलेगी।

### केंद्रीय बजट 2047 के विकसित भारत के संकल्प का दर्पण : तारकिशोर प्रसाद

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आज संसद में पेश किये गये केंद्रीय बजट 2024-25 पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा के यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प का दर्पण है। इस बजट में सभी वर्गों के लिए प्रावधान किए गए हैं। यह देश के मध्यम वर्ग, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में सम्मान और समृद्धि लाने का बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में लखपति दीदियां, ब्याज मुक्त कर्ज की व्यवस्था, मुद्रा योजना, ब्लू इकोनामी, स्किल इंडिया जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान हैं। सभी वर्गों के लिए बजट में समुचित प्रबंध किए गए हैं। आम जनमानस के लिए यह बजट काफी अच्छा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों का भारत बनाने में केंद्रीय बजट महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

### एटीएम काटकर चोरों ने उड़ा लिए 23 लाख

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात बेखौफ चोरों ने गुरुवार को तड़के एक एटीएम को गैस कटर से काटकर 23.50 लाख रुपए से ज्यादा की राशि चोरी कर फरार हो गए। इस मामले की जांच और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना मीरगंज थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नरैनिया शाखा के पास की है। बैंक की शाखा के नीचे ही एटीएम है। पुलिस सीसीटीवी से फुटेज खंगाल रही है। घटना की सूचना मिलते ही बैंक के अधिकारियों ने जांच की और मीरगंज थाने की पुलिस को सूचना दी गयी। जिलाधिकारी मो. मकसूद आलम और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई राशि बरामद कर ली जाएगी। मामले की जांच और चोरों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।



### तेलंगानाकेसीआर ने विधायक पद की शपथ ली

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को राज्य विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। पिछले साल दिसंबर में कूल्हे के फ्रैक्चर के बाद वह पहली बार विधानसभा परिसर में आए और विधायक के रूप में शपथ ली। यह सर्जरी के बाद वद पहली बार सार्वजनिक रूप से बाहर निकले हैं। विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने शपथ दिलाई। केसीआर, जैसा कि राव को लोकप्रिय रूप से जाना जाता है, को छड़ी के सहारे विधानसभा भवन में प्रवेश करते देखा गया। बीआरएस नेता के साथ राज्यसभा सदस्य जे. संतोष कुमार भी थे। बीआरएस सुप्रीमो का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में बीआरएस नेता विधानसभा परिसर में एकत्र हुए थे। केसीआर दिसंबर में आयोजित नई विधानसभा के पहले सत्र में भाग नहीं ले सके क्योंकि हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद वह बिस्तर पर थे। सत्र के दौरान केसीआर को छोड़कर सभी विधायकों ने पहले ही शपथ ले ली थी।



# लोस चुनाव से पहले बंगाल में 45 आईपीएस का तबादला

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल सरकार ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले बुधवार को राज्य में आईपीएस अधिकारियों के बड़े फेरबदल की घोषणा करते हुए एक ही बार में 45 अधिकारियों का तबादला कर दिया। सबसे महत्वपूर्ण स्थानांतरण अतिरिक्त महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) के पद पर था, जहां अनुभवी आईपीएस अधिकारी और मौजूदा एडीजी (खुफिया शाखा) मनोज कुमार वर्मा ने जावेद शमीम की जगह ली, क्योंकि बाद में उन्होंने एडीजी (खुफिया शाखा) का पदभार संभाला। एक और महत्वपूर्ण स्थानांतरण बशीरहाट जिला पुलिस अधीक्षक जे. थॉमस के पद पर था, जिन्हें इस्लामपुर के पुलिस अधीक्षक के रूप में स्थानांतरित किया गया है। थॉमस को राज्य पुलिस के विद्रोह विरोधी बल के पूर्व अधीक्षक द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। चर्चा है कि थॉमस के तबादले का हाल ही में संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हुए हमले से कुछ संबंध है, जो बशीरहाट जिला पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है।

**महत्वपूर्ण स्थानांतरण अतिरिक्त महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) के पद पर था, जहां अनुभवी आईपीएस अधिकारी और मौजूदा एडीजी (खुफिया शाखा) मनोज कुमार वर्मा ने जावेद शमीम की जगह ली, क्योंकि बाद में उन्होंने एडीजी (खुफिया शाखा) का पदभार संभाला।**

हालांकि, राज्य सरकार के अधिकारियों ने तबादलों को रूटीन ट्रांसफर बताया है। राज्य प्रशासन के सूत्रों ने कहा कि उनमें से अधिकांश तीन साल या उससे अधिक की अवधि से अपनी पिछली पोस्टिंग पर थे। नियमों के मुताबिक, किसी भी चुनाव से पहले चाहे वह लोकसभा का हो या राज्य विधानसभा का, किसी विशेष पोस्टिंग पर तीन साल या उससे अधिक पूरा करने वाले अधिकारियों का स्थानांतरण अनिवार्य है।

# अंतरिम बजट खजूर के पेड़ जैसा : कमलनाथ

**एजेंसी। भोपाल**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट पेश किया। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस बजट की तुलना खजूर के पेड़ से की है। कमलनाथ ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है, बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर। पंछी को छाया नहीं फल लागे अति दूर। मोदी सरकार के आज पेश किए गए अंतरिम बजट की स्थिति कुछ ऐसी ही है। हमें आशा थी कि चुनाव से पूर्व के इस बजट में वित्त मंत्री बताएंगी कि प्रधानमंत्री ने जो हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था उस हिसाब से 20 करोड़ रोजगार देने का टारगेट कहीं पहुंचा भी या नहीं? कमलनाथ ने मध्यवर्ग की उम्मीदों का जिक्र करते हुए कहा मध्यमवर्ग को आशा थी कि सरकार इनकम टैक्स स्लैब में कोई छूट देगी, लेकिन एक बार फिर से अपना जन विरोधी चेहरा सामने लाते हुए मोदी सरकार ने आयकर में कोई छूट नहीं दी। मोदी सरकार ने वादा किया था कि 2022 में किसानों की आमदनी दोगुनी कर दी जाएगी लेकिन आज 2024 के बजट में भी किसानों के पक्ष में एक ढंग की बात भी सरकार नहीं बोल सकी।युवाओं और महिलाओं का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा कि बजट में युवाओं, महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों और जवानों के लिए कुछ भी नहीं है। सरकार ने देश के आर्थिक विकास का कोई खाका पेश नहीं किया है और जो बातें कही हैं, वह 15 और 20 साल दूर की बातें हैं। यह बजट नहीं है, सिर्फ एक झुनझुना है।



### आत्मनिर्भर और विकसित भारत विश्व गुरु के रूप में स्थापित होने जा रहा है : सिंधिया

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट की तारीफ करते हुए कहा है कि इसका संदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत ,विश्व गुरु के रूप में स्थापित होने जा रहा है। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह एक संदेश है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दशक में प्रगति और विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है जो आने वाले वर्षों में विश्व के तीसरे नंबर की आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत विश्व गुरु के रूप में स्थापित होने जा रहा है।


### पीएम के दौरे की तैयारियों की ली जानकारी

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि 6 फरवरी को राज्य में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा, "हम प्रधानमंत्री के सामने पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों की सूची पेश करेंगे। जनसभा में 50,000 से अधिक लोग शामिल होंगे। सरकार द्वारा आयोजित जनसभा दक्षिण गोवा के मडगांव में होगी। प्रधानमंत्री दक्षिण गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। सावंत ने कहा कि प्रधानमंत्री कुल सात परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। सावंत ने कहा, प्रधानमंत्री कुनकोलिम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के नए परिसर, डोनापुला में भारतीय जलक्रीड़ा संस्थान, बेटिम में नेवी कॉलेज और कचोरेम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, रीस मैगोस किले में रोपवे और 100 एमएलडी संयंत्र की नींव रखेंगे। सलाउलिम बांध और पणजी के पैटो प्लाजा में 3डी बिल्डिंग का शिलान्यास भी करेंगे।



### मप्र में 30 दिन में नामांतरण नहीं तो होगा निलंबन

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में सरकार के तेवर तल्ख हैं। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व नामांकन, सीमांकन एवं बंटवारा प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि के भीतर करें। ग्वालियर में हुई संभागीय समीक्षा बैठक में राजस्व मंत्री वर्मा ने निर्देश दिए कि निराकरण के लिए पटवारी के साथ नायब तहसीलदार, तहसीलदार व एसडीएम भी गांव-गांव पहुंचें। गांव में आम आदमी के द्वार पर बैठकर किसानों की राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि यदि रजिस्ट्री होने के 30 दिन के भीतर किसी तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने नामांतरण नहीं किया तो वह अपने आप को निलंबित समझे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि प्रदेश के किसी भी किसान को राजस्व संबंधी समस्या के लिए भटकना न पड़े। इसी उद्देश्य से राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। नामांतरण एवं नामांकन व बंटवारा के प्रकरणों में अधिकतम समय-सीमा का इंतजार न करें।



## विकास

### सभी के लिए अयोध्या पहुंचना हुआ आसान

# स्पाइसजेट की नन स्टॉप सेवाएं हुई शुरू

**एजेंसी। लखनऊ**

अयोध्या के नव्य-दिव्य-भव्य मंदिर में विराजित श्रीरामलला के दर्शन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अयोध्या पहुंचना और आसान हो गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री वीके. सिंह ने आठ शहरों से अयोध्या आने-जाने के लिए स्पाइसजेट की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नई, जयपुर, पटना, दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट की नॉन-स्टॉप उड़ान सेवाएं शुरू होने से अयोध्या की कनेक्टिविटी और बेहतर हो गई है, इससे पर्यटन में भी वृद्धि होगी। इससे पहले दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए अयोध्या से वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है, जो सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री ने अयोध्या धाम के नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी एक माह ही हुआ है, लेकिन, इस अल्प अवधि में ही अयोध्या की कनेक्टिविटी देश के इतने महत्वपूर्ण नगरों के साथ होना, अयोध्या के बेहतर भविष्य का संकेत देती है। लोग नई वायु सेवा का समुचित उपयोग करें और अयोध्या की सुंदरता और परंपरा को दुनिया के साथ साझा करें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या देश की आस्था का प्रतीक है। जनभावनाएं अयोध्या के साथ जुड़ी हैं, प्रभु श्रीरामलला के साथ जुड़ी हैं। हर अयोध्यावासी की एक अभिलाषा थी कि अयोध्या का भी विकास होना चाहिए। आज वह सपना साकार हो रहा है। वास्तव में अयोध्या इसकी हकदार थी। लेकिन, किन्हीं कारणों से अयोध्या की उपेक्षा हुई। आज से 10 वर्ष पहले कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या में भी कोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। पांच सदी पूर्व जो एक कलंक अयोध्या पर लगाने का प्रयास हुआ था, उससे मुक्त होकर भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हो गए, इस सपने को साकार होते देखकर आज पूरी दुनिया प्रफुल्लित है।




# सुब्रमण्यम स्वामी श्रृंगार गौरी मुकदमे में बनना चाहते हैं पक्षकार


**एजेंसी। वाराणसी**

वरिष्ठ राजनेता और वकील सुब्रमण्यम स्वामी ने पांच महिला वादियों द्वारा दायर श्रृंगार गौरी मुकदमे में पक्षकार बनने के लिए जिला अदालत का दरवाजा खटखटाया है। स्वामी के कानूनी सहयोगी और वकील वैदुष्य पार्थ ने कहा, हमने लंबित मुकदमों की प्रमाणित प्रति के लिए आवेदन किया है। मैं गुरुवार को डॉ. स्वामी की ओर से उन्हें प्राप्त करूंगा और उसके बाद हम पक्ष रखेंगे। एक प्रेस विज्ञप्ति में, स्वामी ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर की बाहरी दीवार पर मां श्रृंगार गौरी और अन्य देवताओं की पूजा करने के लिए राहत की मांग करते हुए वाराणसी जिला अदालत के समक्ष मुकदमों का एक समूह पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा,वाराणसी जिला अदालत में मुकदमे के नतीजे का सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित मेरे मामले पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए, मैंने इस मुकदमे में पक्षकार बनने का फैसला किया है।"उन्होंने कहा,काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार वहीं होना चाहिए जहां वर्तमान में ज्ञानवापी मस्जिद है। मेरे पास काशी विश्वनाथ (और मथुरा में कृष्ण मंदिर) के लिए अपवाद बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक याचिका लंबित है, जैसा कि राम जन्मभूमि मामले में था।



### एक व्यक्ति ने पत्नी को 12 साल तक हिरासत में रखा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एक चौंकाने वाली घटना में, मैसूर जिले के हिरेगे गांव में एक शख्स ने अपनी पत्नी को उसके चरित्र के संदेह में 12 साल तक घर में नजरबंद रखा। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बुधवार रात घर पर छापा मारा और पीड़िता सुमा को बचाया और आरोपी सन्नालैया को भी गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुमा आरोपी की तीसरी पत्नी है। शादी के दिन से ही वह उस पर शक कर रहा था। शादी के पहले सप्ताह में, उसने उसे अपने घर के एक कमरे में बंद कर दिया था। कथित तौर पर उसकी यातनाओं को सहन करने में असमर्थ पहली दो पत्नियों ने आरोपी को छोड़ दिया था। पति ने दरवाजे पर तीन ताले लगा दिए और पत्नी को किसी से बात न करने की चेतावनी दी। उसने उसे घर के बाहर स्थित शौचालय का उपयोग करने से भी मना किया। आरोपी ने इसके लिए कमरे के अंदर एक बाल्टी रखी थी और उसे खुद ही डिस्पोज करता था। इससे आहत पीड़िता के एक रिश्तेदार ने पुलिस को घटना के बारे में सूचित किया था।



# महिला सशक्तीकरण पर रहा जोर



एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा कि उद्यमिता, जीवनयापन में आसानी और उनके लिए सम्मान के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण ने इन दस वर्षों में गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिये गये हैं। दस वर्षों में उच्च शिक्षा में महिला नामांकन में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथेमैटिक्स (स्टेम) पाठ्यक्रमों में लड़कियों और महिलाओं का नामांकन 43 प्रतिशत है - जो दुनिया में सबसे अधिक है। ये सभी उपाय कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी में परिलक्षित हो रहे हैं। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण, जीवनयापन में आसानी और उनके लिए सम्मान को गति मिली है। महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए। इसके साथ केन्द्र सरकार ने 'तीन तलाक' को अवैध बना दिया और लोकसभा और राज्य विधानमंडल में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों के आरक्षण को पारित कर दिया है। बजट में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत 70 प्रतिशत से अधिक घर महिलाओं को एकल या संयुक्त मालिक के रूप में दिए गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का दृढ़ विश्वास है, हमें चार प्रमुख जातियों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। वे हैं, गरीब (गरीब), महिलाएं (महिला), युवा (युवा) और अन्नदाता (किसान)। उनकी जरूरतें, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, ''जब वे प्रगति करते हैं तो देश प्रगति करता है।'' इन चारों को अपने जीवन को बेहतर बनाने की तलाश में सरकारी सहायता की आवश्यकता है और प्राप्त भी होती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनका सशक्तीकरण और कल्याण देश को आगे बढ़ाएगा।

## आयुष्मान भारत योजना में सभी आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी और हेल्पर्स भी होंगे कवर



**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को भी कवर करने की घोषणा की। वित्त मंत्री की इस घोषणा का स्वागत करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हेल्थ सेक्टर में महिलाओं के स्वास्थ्य, सर्वव्यापी इम्यूनाइजेशन प्लेटफॉर्म से लेकर मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु कमेटी बनाने, आयुष्मान भारत योजना में आशा बहनों, आंगनवाड़ी कर्मचारी और सहायकों को लाने के निर्णय स्वागत योग्य हैं। डॉ मनसुख मांडविया ने अंतरिम बजट में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सरकार 9-14 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए टीकाकरण की घोषणा का भी स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर कहा कि मातृ एवं शिशु देखभाल के लिए विभिन्न योजनाओं को एक व्यापक कार्यक्रम के तहत लाया जाएगा। नए डिजाइन किए गए यू-विन प्लेटफॉर्म को शीघ्रता से तैयार किया जाएगा।

## 40 हजार सामान्य बोगी वंदे भारत मानक में होंगे परिवर्तित

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम लागू करने और 40 हजार सामान्य रेल बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किए जाने की घोषणा की।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम केंद्रीय बजट पेश किया।

इस दौरान उन्होंने भारतीय रेल क्षेत्र के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। इनमें पहला- ऊर्जा, खनिज, और सीमेंट कॉरिडोर, दूसरा- पोर्ट कनेक्टिविटी (पत्तन संपर्कता) कॉरिडोर और तीसरा हाई ट्रैफिक डेंसिटी कॉरिडोर शामिल हैं। उन्होंने कह कि मॉडल कनेक्टिविटी सक्षम करने के लिए प्रोजेक्ट की पहचान पीएम गतिशक्ति के तहत की जाएगी। वे लॉजिस्टिक क्षमता में सुधार करेंगे और लागत कम करेंगे। सीतारमण ने कहा कि इन तीन आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रमों से जीडीपी बढ़ेगी और लागत कम होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में कहा, यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम बढ़ाने के लिए 40,000 सामान्य रेल बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा।


## बजट से पहले बड़ी खुशखबरी
### खजाने में आए लाखों करोड़ रुपये

अंतरिम बजट के पहले केंद्र सरकार के लिए अच्छी खबर आई। जीएसटी कलेक्शन का डाटा जारी किया गया है, जिसमें साल दर साल के दौरान 10 फीसदी की उछाल आई है। ऐसे में सरकार के खजाने में लाखों करोड़ रुपये आए हैं। जनवरी में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में 10.4% की बढ़ोतरी के साथ 1.72 लाख करोड़ रुपये की मिले हैं। यह अबतक का दूसरा सबसे अधिक जीएसटी कलेक्शन है। वहीं वित्त वर्ष 2024 के दौरान तीसरी बार जीएसटी का आंकड़ा 1.7 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा है। वित्त मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि जनवरी 2024 के महीने में जुटाए गए जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये हैं। जो पिछले साल के इस महीने की तुलना में 10.4% ज्यादा है। पिछले साल जनवरी में 1,55,922 करोड़ रुपये जीएसटी से कलेक्ट किए गए थे।

**ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन**

अप्रैल 2023-जनवरी 2024 की अवधि के दौरान, संचयी सकल जीएसटी कलेक्शन में साल-दर-साल 11.6% की वृद्धि देखी गई और यह 16.69 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जबकि पिछली समान अवधि अप्रैल 2022-जनवरी 2023 में 14.96 लाख करोड़ रुपये थे।

## क्या होता है अंतरिम बजट



चुनावी साल के दौरान, मौजूदा सरकार पूर्ण केंद्रीय बजट पेश नहीं कर सकती है। इसलिए इसके बजाय वित्त मंत्री एक अंतरिम बजट पेश करते/करती हैं जो एक छोटी अवधि के लिए सरकार के खर्चों और राजस्व को कवर करता है जब तक कि एक नई सरकार निर्वाचित होकर कार्यभार नहीं संभाल लेती। अमूमन अंतरिम बजट आम चुनाव से 2 से 4 महीने पहले पेश किया जाता है। दूसरी ओर, केंद्रीय बजट, सरकार का प्राथमिक वित्तीय विवरण होने के नाते, पूरे वित्तीय वर्ष के लिए होता है। अंतरिम बजट केवल पिछले वर्ष के खर्चों और आय का सार प्रस्तुत करता है।





## स्टार्टअप को टैक्स छूट से जुड़ा बड़ा फायदा




अगर बात की जाए टैक्स प्रपोजल की तो इसके तहत निर्मला सीतारमण ने कोई बदलाव नहीं किए जाने की बात कही है। डायरेक्ट, इनडायरेक्ट और यहां तक इंपोर्ट ड्यूटी तक में की बदलाव नहीं किया गया है। स्टार्टअप्स को मिलने वाले कुछ खास टैक्स छूट की आखिरी तारीख को बढ़ा दिया गया है। साथ ही आईएफएससी यूनिट की ओर से सॉवरेन वेल्थ या पेंशन फंड की तरफ से किए गए निवेशों और कुछ आईएफएससी इकाइयों की कुछ आय पर टैक्स छूट की आखिरी तारीख बढ़ाई गई है। अभी तक यह आखिरी तारीख 31 मार्च 2024 थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया है।

## रूफ टॉप सोलर अभियान



इसके तहत एक करोड़ परिवार मुफ्त बिजली का लाभ उठाएंगे, साथ ही सरकार को अतिरिक्त बिजली बेचकर प्रति वर्ष 15 से 20 हजार रुपये की आय भी अर्जित कर सकेंगे।

## टैक्सपेयर्स को मिला ये फायदा





सरकार ने बीते 10 साल में टैक्सपेयर्स को और क्या फायदा दिया, उसकी डिटेल भी वित्त मंत्री के बजट भाषण में देखने को मिली। सरकार ने इनकम टैक्स के असेसमेंट की व्यवस्था को फेसलैस बनाया है। इसका फायदा ये हुआ कि अब कर अधिकारी लोगों को डरा-धमका नहीं सकते हैं। वहीं लोगों के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की सुविधा को भी आसान बनाया है। इतना ही नहीं इनकम टैक्स रिटर्न के रिफंड में लगने वाले 93 दिन के समय को घटाकर अब बस 10 दिन कर दिया गया है। बीते 10 साल में सरकार का टैक्स कलेक्शन बढ़ा है, वहीं इनकम टैक्स फाइल करने वालों की संख्या में 2.4 गुना वृद्धि हुई है।

## आउटस्टैंडिंग डायरेक्ट टैक्स



इतना ही नहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पुराने आउटस्टैंडिंग डायरेक्ट टैक्स डिमांड को वापस लिया जाएगा। इसमें वित्त वर्ष 2010 तक 25,000 रुपये तक के मामले और वित्त वर्ष 2011-2015 के लिए 10,000 रुपये तक के मामले शामिल हैं। पिछले 5 सालों में करदाताओं की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि टैक्स रिफॉर्म से टैक्सपेयर्स का दायरा बढ़ा है।



## मोदी सरकार में घटा कॉरपोरेट टैक्स दर

मोदी सरकार के 10 साल में सिर्फ आम आदमी को ही नहीं, कॉरपोरेट को भी डायरेक्ट टैक्स में फायदा मिला है। बीते 10 साल में डोमेस्टिक कंपनियों के कॉरपोरेट टैक्स को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत तक लाया गया है। वहीं नई मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों के लिए ये अभी 15 प्रतिशत है।







## उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ का कोष होगा तैयार

सरकार ने उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाने का प्रस्ताव रखा है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि आने वाला समय तकनीकी प्रेमी युवाओं के लिए एक स्वर्णिम युग होगा। सरकार 50 साल तक ब्याज मुक्त ऋण मुहैया कराने के लिए कोष की स्थापना करेगी। इसके माध्यम से लंबी अवधि के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।वित्त मंत्री ने कहा, में ऐसे कार्यक्रम बनाने की जरूरत है जिससे हमारे युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों का संयोजन हो। इस पहल से निजी क्षेत्र को उभरती प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और नवाचार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

## राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान: वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया। इसमें उन्होंने राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। पिछले वित्त वर्ष में 5.8 प्रतिशत था।राजकोषीय घाटा एक वित्त वर्ष में सरकार के कुल राजस्व (आय) और कुल व्यय के बीच का अंतर होता है। घाटा होने का कारण है कि सरकार अपनी कमाई से अधिक खर्च करती है।वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि 2021-22 में अपने बजट भाषण में 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से कम लाने की घोषणा के अनुरूप ही राजकोषीय समेकन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

# खबरें खेल जगत की

## भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन घोषित
### जेम्स एंडरसन-शोएब बशीर को मौका



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

इंग्लैंड ने विशाखापत्तनम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए गुरुवार को अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। चोटिल जैक लीच की जगह स्पिनर शोएब बशीर को मौका मिला है, जो टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे।

इसके अलावा तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर अनुभवी सीमर जेम्स एंडरसन को टीम में शामिल किया गया है। इंग्लिश टीम ने तीन-स्पिन आक्रमण की अपनी रणनीति जारी रखी है।

टीम में तीन स्पिनर मौजूद हैं, जिनमें टॉम हार्टले, रेहान अहमद और बशीर शामिल हैं, जो मददगार पिच पर भारत की परीक्षा लेंगे। बता दें कि पहला टेस्ट मैच 28 रन से जीतने के बाद इंग्लिश टीम पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे है। **दूसरे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन इस प्रकार है:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टले, शोएब बशीर, जेम्स एंडरसन।

## हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम घोषित की




**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरण के लिए 24 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की है। भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी को शुरू होगा और 16 फरवरी को समाप्त होगा जबकि राउरकेला चरण 19 फरवरी को शुरू होगा और 25 फरवरी को समाप्त होगा। भारत 10 फरवरी को स्पेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करते हुए, दोनों चरणों में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। टीम की कमान अपने ड्रैग-फ्लिकिंग कौशल के लिए जाने जाने वाले हरमनप्रीत सिंह करेंगे, जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह उप-कप्तान होंगे। टीम चयन पर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा हमने सावधानीपूर्वक एक अच्छी तरह से संतुलित टीम का चयन किया है, जिसमें युवाओं के जोश के साथ अनुभवी विशेषज्ञता का मिश्रण है। हमारा लक्ष्य उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम एक एकजुट इकाई बनाना है। उन्होंने आगे कहा इसके अतिरिक्त, यह पेरिस ओलंपिक के लिए हमारी तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, सुधार के लिए क्षेत्रों को इंगित करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करता है। हमारा मानना है कि यह प्रतियोगिता हमारे प्रदर्शन को ऊंचा करेगा और हमें आत्मविश्वास के साथ आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगा।

**भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस प्रकार है**

**गोलकीपर :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक।

**डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह।

**मिडफील्डर :** हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलकंठ शर्मा, रबीचंद्र मोइरंगथेम।

**फॉरवर्ड :** ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल।

## ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल शेष घरेलू सत्र और डब्ल्यूपीएल से बाहर



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल गर्दन पर त्वचा कैंसर की चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरने के बाद शेष घरेलू सत्र और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से बाहर हो गई हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, चीटल ने बुधवार को इस प्रक्रिया को अंजाम दिया। उन्होंने इससे पहले 2021 में भी त्वचा कैंसर का इलाज कराया था। चीटल ने पिछले साल के अंत में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया, जो कंधे की चोटों के बाद 2019 के बाद उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति थी।

## चोट के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे पृथ्वी शॉ



**कोलकाता।** भारत के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ घुटने की चोट के कारण छह महीने के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उन्हें रणजी ट्रॉफी 2023-24 के पांचवें दौर के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। पृथ्वी शॉ को मुंबई की टीम में शामिल करने का निर्णय बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से एक फिटनेस परीक्षण में मंजूरी के बाद आया, जिसमें उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के लिए फिट माना गया था। पृथ्वी शॉ की चोट उस समय लगी जब वह चरम फॉर्म में थे। इंग्लैंड की घरेलू एक दिवसीय प्रतियोगिता में 429 रन के साथ रन चार्ट में सबसे आगे थे, जिसमें समरसेट के खिलाफ 153 गेंदों में 244 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी भी शामिल थी। 41 बार की रणजी चैंपियन मुंबई वर्तमान में चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर है।

## हमने मेहमान टीम के बल्लेबाजी से सीख ली है : केएस भरत



**विशाखापत्तनम।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत के 1-0 से पिछड़ने के बाद, विकेटकीपर-बल्लेबाज केएस भरत ने कहा कि मेजबान टीम ने हैदराबाद में सीरीज के शुरूआती मैच में मेहमान टीम के बल्लेबाजी दृष्टिकोण से सीख ली है और शुक्रवार से एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में शुरू होने वाले दूसरे मैच से पहले स्वीप शॉट्स पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। उप-कप्तान ओली पोप के शानदार 196 रन और नवोदित स्पिनर टॉम हार्टले के 7-62 के दम पर इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में श्रृंखला के शुरूआती मैच में भारत पर 28 रन से रोमांचक जीत हासिल की। उस मैच में इंग्लैंड ने रन बनाने के विकल्प के रूप में स्वीप और रिवर्स-स्वीप पर बहुत अधिक भरोसा किया, जिसका अभ्यास भारतीय बल्लेबाज विशाखापत्तनम में अपने नेट सत्र में कर रहे हैं।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो घायल

**हुसैनाबाद।** जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग पर नहर मोड के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 35 वर्षीय बबन ठाकुर व 50 वर्षीय शंभू प्रसाद मेहता घायल हो गये। राहगीरों की मदद से दोनों को उपचारार्थ अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद लाया गया। दोनों घायल बैरांव के निवासी बताये जा रहे हैं।

### ब्रेन हेमरेज से सेवानिवृत्त कर्मी की मौत, शोक

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी सह सेवानिवृत्त विद्युत कर्मी निजामुद्दीन 80 वर्ष की बुधवार की शाम ब्रेन हेमरेज होने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में स्थानीय एक चिकित्सक ने उनके घर पहुंचकर उनकी जांच की। जांच के बाद चिकित्सक ने उनकी मौत होने की पुष्टि की। मौत की खबर सुनकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को उनके जनाजे की नमाज के बाद गांव से कुछ दूरी पर स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके निधन पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, बसपा नेत शेर अली, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, विद्युत कर्मी मो. उबैद, जितेंद्र ठाकुर, समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**पांकी।** पुलिस ने पांकी थाना कांड संख्या 72/18 के आरोपी लातेहार के कोने गांव निवासी जेजेएमपी नक्सली पप्पू लोहरा उर्फ सूर्यदेव लोहरा के घर पर इश्तेहार चिपकाया। एसआई कुंदन पासवान के अनुसार पांकी थाना क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों में शामिल होकर ग्रामीणों के साथ मारपीट के मामले में वह आरोपी है।

### कार्य समिति सदस्य ने नये जिला अध्यक्ष को दी बधाई

**पाटन।** नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी को भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान ने गुलदस्ता देखकर सम्मानित किया। साथ में जिला कार्य समिति सदस्य वशिष्ठ पाण्डेय, पड़वा प्रखंड अध्यक्ष जमुना सिंह ने भी सम्मानित किया। श्री पासवान ने कहा कि श्री तिवारी विद्यार्थी परिषद एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के साथ पांकी विधानसभा के प्रत्याशी भी रह चुके हैं।

## जाम के झाम से जूझ रहे नागरिक, ध्वनि प्रदूषण से हाल बेहाल

# लाखों रुपये खर्च फिर भी नहीं शुरू हुआ बैरिया बस स्टैंड






**बोले नागरिक**



बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि बस स्टैंड बैरिया चले जाने से जहां लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। व्यापक जनहित में बस स्टैंड का स्थानांतरण किया जाना चाहिए।



अधिवक्ता रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि समय के साथ बस स्टैंड को बैरिया स्थानांतरित किया जाना उचित नहीं होगा। क्योंकि अब वहां भी रिहायशी क्षेत्र का काफी विस्तार हो गया है। ऐसे में बस स्टैंड को अब अन्यत्र कहीं स्थानांतरित करना चाहिये।



रोशन कुमार का कहना है कि 15 साल से अधिक हो गया लेकिन बैरिया चौक के समीप बस स्टैंड शिफ्ट कराने की कवायद साकार नहीं हो सकी। शहर में बेलगाम जाम की समस्या को दूर करने के लिये बस स्टैंड को स्थानांतरित करने की दिशा में तत्काल पहल जरूरी है।



सुरेंद्र कुमार ने कहा कि अगर बस स्टैंड बैरिया चला जाता है तो यहां का रौनक बढ़ जायेगा। साथ ही लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के बस स्टैंड को बीच शहर से बैरिया ले जाने की दिशा पर पहल करने की जरूरत है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले की आबादी तेजी से बढ़ रही है। इसके साथ ही छोटे-बड़े वाहनों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। इससे जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के मध्य स्थित छहमुहान के पास में बस स्टैंड होने से शहर में जाम का झाम आम होते जा रहा है। आलम यह है कि बस स्टैंड के कारण नियमित रूप से शहर में लग रहे भीषण जाम के कारण नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। विदित हो कि मेदिनीनगर के बस स्टैंड को बीच शहर से बायपास रोड स्थित बैरिया ले जाने की दिशा में बरसों पहले स्थानांतरित करने की तैयारी की जा चुकी थी। लाखों रूपये खर्च कर बैरिया में बस स्टैंड भवन का निर्माण भी किया जा चुका था। इससे निश्चित ही नागरिकों को जाम की समस्या से निजात मिलती, किंतु बस स्टैंड से संबंधित

**बस स्टैंड से संबंधित कई संगठन व यूनियनों ने बस स्टैंड स्थानांतरण का प्रबल विरोध किया**

कई संगठन व यूनियनों ने बस स्टैंड स्थानांतरण का प्रबल विरोध किया। परिणाम स्वरूप योजना धरातल पर नहीं उतर सकी।

**अंतर्राज्यीय बसों का भी होता है संचालन :** मेदिनीनगर बस स्टैंड से प्रदेश की राजधानी रांची, गुमला, धनबाद सहित क्षेत्रीय स्थानों के अतिरिक्त बिहार, छत्तीसगढ़, प. बंगाल, यूपी, मप्र आदि राज्यों के लिये भी बसों का संचालन होता है।

# सड़क निर्माण में अनियमितता का विरोध, ग्रामीणों का हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

एक तरफ जहां सभी ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का निर्माण कार्य पूरे जोर-शोर से कराया जा रहा है, वहीं निर्माण कार्य में बरती जारी अनियमितता से सड़क खराब होने लगी, जिससे सरकार द्वारा खर्च किए जा रहे करोड़ों रुपये का बंदरबाट हो रहा है। प्रखंड में बन रही अधिकांश सड़कों का यही हाल है।

जानकारी के अनुसार प्रखंड के सुदूर चुंगरू पंचायत में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लाभर पुलिस विकेट से चुंगरू नावाडीह होते हुई अम्बाटीकर तक कालीकारण सड़क का निर्माण कार्य जा रहा। करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली सड़क में घोर अनियमितता बरती जा रही। एक पखवाड़े पूर्व 17 जनवरी को घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था। मामले ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त समेत संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी। लेकिन संवेदक द्वारा इस पर किसी तरह के सुधार नहीं किए जाने के बाद गुरुवार को चुगुरू पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचकर दूसरी बार निर्माण करा रहे संवेदक के समक्ष जमकर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क बनने के साथ दूसरी ओर से बनाई जा रही सड़क ध्वस्त हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि काफी प्रयास के बाद गांव के विकास हेतु पीएमजीएसवाई से सड़क का निर्माण हो रहा है। ऐसे में निम्नस्तर का सड़क बनाई जाने ग्रामीणों का इस रोड से कोई लाभ होने वाला नहीं है। मौके पर मनिका क्षेत्र के जिप सदस्य बलवंत सिंह से भी ग्रामीणों ने निम्नस्तर सड़क निर्माण कार्य पर उचित कार्रवाई की मांग की। संबंधित कंस्ट्रक्शन के संवेदक ने भी सड़क निर्माण में सुधार का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीणों ने निम्न स्तर सड़क बनाई जाने का अंतिम दम तक विरोध करने का निर्णय लिया है।

### डंडई के बीडीओ का तीन माह बाद ही हुआ तबादला

**डंडई।** राज्य सरकार की ओर से बुधवार व गुरुवार को थोक भाव में प्रशासनिक पदाधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इनमें प्रखंड को सुव्यवस्थित तरीके से चला रहे बीडीओ राहुल कुमार सानू और सीओ सोओ चोनाराम हेंब्रम भी शामिल हैं।

वहीं उनकी जगह पर किसी का भी पोस्टिंग नहीं होने से प्रखंड के सामने एक संकट उत्पन्न हो गया है। बीडीओ राहुल कुमार उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर मात्र 3 महीने से बतौर बीडीओ के पद पर सेवा दे रहे थे, जबकि सीओ चुनाराम हेंब्रम को प्रखंड में सेवा देते तीन वर्षों से भी अधिक का समय बीत गया था। चुनाराम हेंब्रम के तबादले को लेकर ग्रामीणों की ओर से कोई विशेष प्रतिक्रिया नहीं है। लोगों के द्वारा उनके बारे में बस इतना ही कहा जा रहा है कि नौकरी पैसा में एक जगह पर काम करने का जो अवधि होता है उसके अनुसार चोनाराम हेम्ब्रम अपनी अवधि को पूरा कर चुके हैं। वैसे में उनका तबादला सरकार की एक रूटिंग वर्क के तहत माना जा सकता है।

## बेतला नेशनल पार्क से सॉफ्ट रिलीज सेंटर में लाये जायेंगे चीतल

# पीटीआर में पहुंचा बोमा ट्रक, चीतलों के लाने का मार्ग प्रशस्त

**स्वीटी वर्मा**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में जबलपुर मप्र से बोमा ट्रक पहुंच गया है। इससे अब पीटीआर में बेतला नेशनल पार्क से चीतलों के लाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। बोमा ट्रक से लगभग 250 चीतलों को पलामू टाइगर रिजर्व के अंदर बने चार सॉफ्ट रिलीज केंद्रों में छोड़ा जायेगा। विदित हो कि बोमा ट्रक वन्य प्राणियों को एक जगह से दूसरी जगह तक लाने ले जाने में काफी उपयोगी हैं। मध्य प्रदेश स्थित टाइगर रिजर्व में बोमा तकनीक का व्यापक पैमाने पर प्रयोग किया जाता है। वहां के अधिकारी इसका उपयोग कई वर्षों से कर रहे हैं।



### पीटीआर में बोमा तकनीक का पहला प्रयोग

पलामू टाइगर रिजर्व में बोमा तकनीक का पहली बार प्रयोग हो रहा है। पहली बार यहां चार चक्के की गाड़ी से चीतलों को लाने का कार्य किया जायेगा। बोमा ट्रक की कुल लागत 27 लाख 50 हजार रुपये है।

### लोकैया व हिरण डेगवा में छोड़े जायेंगे चीतल

पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि सबसे पहले चीतलों को लोकैया और हिरण डेगवा में बने सॉफ्ट रिलीज सेंटर में छोड़ा जायेगा। क्योंकि यहां चीतलों के मन मुताबिक घास उपलब्ध है। कुमार आशीष ने बताया कि बोमा ट्रक से एक बार में 10 चीतलों को लाया जा सकता है।

## चेड़ाबार-मेदिनीनगर मार्ग पर 38 करोड़ की लागत से बना है पुल

# चालू होने से पहले ही जानलेवा बना कोयल पुल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत चेड़ाबार से मेदिनीनगर को जोड़ने वाला कोयल पुल चालू होने के पूर्व ही जानलेवा हो गया है। 38 करोड़ की लागत से बने नवनिर्मित पुल की जर्जर हालत निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगा रहा है। अभी तक पुल का एप्रोच रोड भी सही से नहीं बन पाया है। इससे पूर्व ही जगह-जगह से पुल गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है तथा कई स्थानों पर सरिया खतरनाक ढंग से बाहर निकल गया है। जबकि आसपास के दर्जनों गांव के लोगों का नियमित रूप से जिला मुख्यालय आने का यही एकमात्र मार्ग है। पुल की खतरनाक स्थिति को देख कभी भी जानलेवा हादसे की आशंका से नागरिक चिंताग्रस्त हैं। लोगों का कहना है कि वर्ष 2018 में यह पुल बनकर तैयार हुआ था, परंतु एप्रोच रोड नहीं बन पाने के कारण अभी तक आवागमन पूरी तरह से सुचारू नहीं हो सका है। लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

## कार्रवाई — डीसी के निर्देश पर डीएमओ की मनातू में बड़ी कार्रवाई

# चार अवैध ईट भट्ठे ध्वस्त 255 टन कोयला जब्त

### चार भट्ठा संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला खनन पदाधिकारी ने मनातू के करमाही, घंघरी व हरकटुवा में अवैध रूप से संचालित चार चलंत चिमनी ईट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई करते ध्वस्त कर दिया। इस दौरान 9 लाख कच्ची ईट, 4 लाख 50 हजार पक्की ईट समेत 255 टन कोयला मौके से जब्त किया गया। डीएमओ ने मनातू थाने में संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार करमाही मौजा के ग्राम डुमरिया निवासी राज ब्रिक्स के संचालक शमीम मियां के यहां से 3 लाख कच्ची ईट, दो लाख पक्की ईट एवं एक सौ टन कोयला जब्त किया गया है। इसी तरह करमाही मौजा के ग्राम मसुरिया के सिना यादव के भट्ठे से कच्ची ईट 50 हजार, पक्की ईट एक लाख व 25 टन कोयला जब्त किया गया है। वहीं जेएमडी ब्रिक्स संचालक घंघरी निवासी राजेश यादव के यहां से कच्ची ईट-1 लाख 50 हजार, पक्की ईट-1 लाख 50 हजार व एक सौ टन कोयला जब्त किया गया है। इसी क्रम में साहू ब्रिक्स के संचालक पुराना ग्राम निवासी मनोरंजन कुमार पर भी एफआईआर दर्ज कराया गया है। यहां से 4 लाख कच्ची ईट व 30 टन कोयले को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई उपायुक्त के निर्देश पर की गयी है।



# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का करें अनुपालन




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर हैदरनगर में प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, एसआई आजाद अंसारी व प्राचार्या गंगा अग्रवाल के नेतृत्व में स्कूली छात्राओं ने गुरुवार को हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर रैली निकाली। रैली में शामिल छात्राओं ने सड़क सुरक्षा संबंधित विभिन्न स्लोगन लिखे तख्ती हाथ में लेकर नारा लगाते हुये क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत किया। इस दौरान छात्राओं ने नागरिकों को बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। प्रशिक्षु डीएसपी ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन कदापि न चलायें तथा वाहन चलाते समय आवश्यक कागजात साथ में लेकर ही चलें। प्राचार्या गंगा अग्रवाल ने छात्रों से कहा कि आपातकलीन स्थिति में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मदद करना सभी का नैतिक दायित्व है। मौके पर शिक्षक मो. रफत सिद्दीकी, आशीष मिश्रा मौजूद रहे।

## पेज एक के शेष

### इनकम टैक्स में राहत...

मामलों में इनकम टैक्स से जुड़े 10 हजार रुपए तक के मामलों को वापस लेने का फैसला किया गया है। वित्त मंत्री के अनुसार सरकार की ओर से पुराने विवादों को सुलझाने का कदम उठाने से कम से कम एक करोड़ करदाताओं को फायदा होगा।

**अब पुरानी टैक्स रिजीम को उदाहरण से समझें :** अगर किसी की सालाना इनकम 5 लाख रुपए है। पुराने टैक्स रिजीम में 2.5 लाख रुपए तक की इनकम टैक्स फ्री है। ऐसे में बचे हुए 2.5 लाख रुपए पर उस व्यक्ति पर 5% के हिसाब से टैक्स की देनदारी बनेगी। यानी, उसे 12,500 रुपए टैक्स चुकाना होगा। पर सरकार इस टैक्स को इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87ए के तहत माफ कर देती है। इसमें एक पेंच भी है। अगर आपकी कमाई 5 लाख रुपए से एक रुपए भी ज्यादा हुई तो आपको एक रुपए पर नहीं बल्कि ढाई लाख एक रुपए पर टैक्स चुकाना होगा। अब 2.5 लाख रुपए पर 5% के हिसाब से 12,500 रुपए की टैक्स देनदारी बनेगी। वहीं बचे हुए 1 रुपए पर 20% के हिसाब से टैक्स चुकाना होगा। यानी, 12,501 रुपए टैक्स चुकाना होगा।

### यह बजट 2047 के विकसित भारत...

करने की घोषणा के बारे में भी बताया, जिससे देश के विभिन्न रेल मार्गों पर करोड़ों यात्रियों की सुविधा और यात्रा अनुभव में वृद्धि होगी। महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हम एक बड़ा लक्ष्य तय करते हैं, उसे हासिल करते हैं और फिर अपने लिए उससे भी बड़ा लक्ष्य तय करते हैं। उन्होंने गरीबों और मध्यम वर्ग के कल्याण के लिए सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए गांवों और शहरों में 4 करोड़ से अधिक घरों के निर्माण और 2 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य बढ़ाने की जानकारी दी। महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए मोदी ने कहा, हमने दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था। अब इस लक्ष्य को बढ़ाकर तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का कर दिया गया है। मोदी ने इस बजट में गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए नए अवसर पैदा करके उन्हें सशक्त बनाने पर सरकार का जोर दिया। प्रधानमंत्री ने आज घोषित आयकर छूट योजना का उल्लेख किया जिससे मध्यम वर्ग के लगभग एक करोड़ नागरिकों को राहत मिलेगी। बजट में किसान कल्याण को लेकर लिए गए प्रमुख फैसलों पर मोदी ने नैनो डीएपी के उपयोग, पशुओं के लिए नई योजना, पीएम मत्स्य सम्पदा योजना के विस्तार और आत्मनिर्भर तेल बीज अभियान का उल्लेख किया, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और खर्च कम होंगे।

### जमीन घोटाला मामले में ...

भी ज्यादा चली पूछताछ के बाद ईडी बुधवार रात हिरासत में लेकर राजभवन पहुंची थी। वहां पर हेमंत ने मुख्यमंत्री पद छोड़ते हुए इस्तीफा राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को सौंपा था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया था। इसके बाद राजभवन से निकलते ही ईडी ने उनको गिरफ्तार कर लिया। फिर ईडी की टीम सोरेन को साथ लेकर राजभवन से निकली और सीधे एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय लेकर चली गयी थी। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ईसीआईआर संख्या आरएनजेडओ/25/23 के सिलसिले में की गयी है। ईडी ने यह ईसीआईआर सदर थाने में राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आलोक में की थी। ईडी ने मामले की प्रारंभिक जांच में यह पाया था कि बड़गाई अंचल में डीएवी बरियात के पीछे 8.45 एकड़ जमीन पर मुख्यमंत्री का कब्जा है। इस जमीन की मापी का निर्देश बड़गाई अंचल को उदय शंकर नामक पीपीएस ने दिया था। वह मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद श्रीवास्तव उर्फ पिंटू के साथ प्रतिनियुक्त था। मुख्यमंत्री ने ईडी की कार्रवाई को कानूनी चुनौती दी थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट से हाई कोर्ट तक की कानूनी जंग में उन्हें राहत नहीं मिली थी। इसके बाद ईडी ने उन्हें समन के साथ ही चेतावनी भी दी।

### हाईकोर्ट में हेमंत सोरेन की ...

के हस्तक्षेप याचिका (आइए) पर जवाब दाखिल करना चाहते हैं। इस पर हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हेमंत सोरेन के लिए केस वापस लेने के आइए पर बहस के लिए पांच फरवरी की तिथि निर्धारित की। साथ ही मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। ईडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के एएसजीआइ एसवी राजू के साथ-साथ हाईकोर्ट के अधिवक्ता एके दास ने पक्ष रखा। इसके पहले हाईकोर्ट की प्रथम पाली में मामले की सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से बदली हुई परिस्थिति में कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दायर करने के लिए हस्तक्षेप याचिका दाखिल करने के लिए दोपहर 12:00 बजे का समय देने का आग्रह कोर्ट से किया गया था, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि इस मामले को अर्जेंट बता कर बुधवार रात ही रजिस्ट्रार जनरल के सामने इस केस को मेंशन किया गया था। इसके बाद इस केस सुनवाई के लिए गुरुवार को सुबह 10:30 बजे निर्धारित किया गया। इस अर्जेंट बताये जानेवाले केस को आधा अधूरा क्यों दाखिल किया गया। गुरुवार इस मामले की सुनवाई कोर्ट नहीं करेगी। हालांकि बाद में हेमंत सोरेन की ओर से इस केस को मेंशन करते हुए हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर केस को वापस लेने का आग्रह किया गया था।

### जेपीएससी के लिए ...

तिथि एक अगस्त, 2024 और अधिकतम आयु सीमा की गणना तिथि एक अगस्त 2017 निर्धारित की गयी है। अधिकतम आयु सीमा में झारखंड के आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को राज्य सरकार के निर्धारित नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 29 फरवरी है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जेपीएससी के आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी ले सकते हैं।

### राज्यपाल ने चंपई की...

जरूरी संख्या 43 है और राज्यपाल अगर इजाजत दें तो हम इनकी परेड कराने को तैयार हैं। लेकिन, 22 घंटे से ज्यादा वक्त गुजरने के बाद भी राज्यपाल ने उनकी दावेदारी पर निर्णय नहीं लिया। अब उन्होंने शुक्रवार सुबह तक के लिए अपना फैसला स्थगित रख लिया है। इस बीच हेमंत सोरेन गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में पेशी के बाद रांची के बिरसा मुंडा जेल भेजे गए हैं और अब राज्य में इस बात को लेकर संदेह और सस्पेंस बना हुआ है कि 31 जनवरी की रात 8.30 बजे के बाद से किसकी सरकार है? क्या नई सरकार बनने तक हेमंत सोरेन राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हैं और फिलहाल राज्य की सरकार उनके नाम पर चल रही है? गुरुवार को राजभवन गए चंपई सोरेन ने राज्यपाल को उन सभी 43 विधायकों की गिनती का वीडियो दिखाया, जिनके समर्थन के आधार पर वे सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। राज्यपाल से मुलाकात के वक्त चंपई सोरेन के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राजद विधायक सत्यानंद भोक्ता, झारखंड विकास मोर्चा (प्र) के प्रदीप यादव और सीपीआई एमएल के विधायक विनोद भी थे। इसके पहले चंपई सोरेन ने गुरुवार दोपहर राज्यपाल को एक पत्र भी लिखा था। इसमें उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद ही मेरे नेतृत्व में सरकार बनाने का दावा पेश किया गया है। हमने 47 विधायकों के समर्थन के दावे और 43 विधायकों की साइन का समर्थन पत्र आपको सौंपा है। 43 विधायक बुधवार को राजभवन के गेट के बाहर भी खड़े थे। पिछले 18 घंटों से राज्य में कोई सरकार नहीं है। इससे असमंजस की स्थिति है। इसलिए आग्रह है कि सरकार बनाने के लिए हमें बुलाया जाए।

### रांची से हैदराबाद नहीं जा ....

और गठबंधन के नेताओं को सूचित करने की बात कही। इसके बाद झारखंड में महागठबंधन को अब अपने विधायकों के टूटने का डर सताने लगा है। इस स्थिति को देखते हुए महागठबंधन के विधायकों को गुरुवार को एहतियातन रांची सर्किट हाउस से कड़ी सुरक्षा में बस से रांची एयरपोर्ट लाया गया, जहां से उन्हें तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद शिफ्ट करने की रणनीति बनी थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### रास के सभापति ने उपसभापति के पैनल का पुनर्गठन किया

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को उपसभापति के पैनल का पुनर्गठन किया। पैनल में 50 प्रतिशत महिला सांसद हैं। आठ सदस्यीय पैनल में अब चार महिला सदस्य हैं, जिनमें भाजपा की रमीलाबेन बेचारभाई बारा, सीमा द्विवेदी, कांग्रेस सांसद डॉ. अमी याज्ञनिक और टीएमसी की मौसम नूर का नाम शामिल है। इसके अलावा उपसभापति पैनल में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के कनकमेदला रवीन्द्र कुमार, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रो मनोज कुमार झा और भाजपा के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डीपी वत्स हैं।

### मोदी ने भारतीय तटरक्षक कर्मियों को उनके स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** पीएम ने सभी तटरक्षक कर्मियों को उनके स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारत उनकी अटूट सतर्कता और सेवा के लिए उन्हें सलाम करता है। पीएम ने एक्स पोस्ट में कहा, भारतीय तटरक्षक के 48वें स्थापना दिवस पर मैं उनके सभी पर्सनेल और कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। समुद्री सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और पर्यावरण की देखभाल के प्रति उनका समर्पण अद्वितीय है। भारत उनकी अटूट सतर्कता और सेवा के लिए उन्हें सलाम करता है।

### पीएम मोदी आज भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो को संबोधित करेंगे

**नई दिल्ली।** पीएम आज शाम 4:30 बजे भारत मंडपम, नई दिल्ली में देश की सबसे बड़ी और अपनी तरह की पहली गतिशीलता प्रदर्शनी - भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। पीएमओ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 संपूर्ण गतिशीलता और ऑटोमोटिव मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की क्षमताओं का प्रदर्शन करेगा।

### वियतनाम में आग लगने से एक ही परिवार के 3 सदस्यों की मौत

**हनोई।** वियतनाम के हाई फोंग शहर में गुरुवार को आग लगने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। वियतनाम समाचार एजेंसी ने बताया कि मृतकों में 43 वर्षीय एक महिला और उसकी छह साल की बेटी और आठ साल का बेटा शामिल है। 16 साल की एक और बेटी, जो घर के पिछले दरवाजे से भाग निकली, उसका चेहरा जल गया।

## डीआरडीओ ने ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम को कक्षा में सफलतापूर्वक लॉन्च किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि डीआरडीओ ने पीएसएलवी सी-58 द्वारा लॉन्च किए गए पेलोड पर कक्षा की कार्यक्षमता में डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत विकसित एक ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। मंत्रालय ने कहा कि ऊंचाई नियंत्रण और सूक्ष्म उपग्रहों को कक्षा में बनाए रखने के लिए 1एन क्लास ग्रीन मोनोप्रोपेलेंट थ्रस्टर की इस परियोजना को मंजूरी दी गई है जिसे बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (विकास एजेंसी) ने विकसित किया है। इसमें कहा गया है कि इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी), बेंगलुरु में पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल (पीओईएम) से टेलीमेट्री डेटा को जमीनी स्तर के समाधान के साथ वैलिडेट किया गया है और यह सभी प्रदर्शन मापदंडों से अधिक पाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इस नवोन्मेषी तकनीक के परिणामस्वरूप कम कक्षा वाले स्थान के लिए एक नॉन-टॉक्सिक और पर्यावरण-अनुकूल प्रणोदन प्रणाली तैयार हुई है। मंत्रालय ने कहा, इस प्रणाली में स्वदेशी रूप से विकसित प्रोपेलेंट, फिल एंड ड्रेन वाल्व, लैच वाल्व, सोलेनॉइड वाल्व, कैटलिस्ट बेड, ड्राइव इलेक्ट्रॉनिक्स आदि शामिल हैं।





गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान समर्थकों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी। *(फोटो : आईएएनएस)*

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उद्यान उत्सव की शोभा बढ़ाई

# आज से आमजन के लिए खुलेगा अमृत उद्यान

**केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 तक उपलब्ध रहेगी शटल बस सेवा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में उद्यान उत्सव-क की शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही शुक्रवार (2 फरवरी) से यह आम लोगों के लिए खुल जाएगा। घूमने-फिरने के शौकीन लोग 2 फरवरी और 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन उद्यान में जाकर अलग-अलग फूलों की खूबसूरती देख सकते हैं।राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि उद्यान उत्सव-1 के तहत राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से 31 मार्च तक जनता के देखने के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यहां घूमने जा सकेंगे। प्रत्येक सोमवार को रखरखाव के लिए उद्यान आम लोगों के लिए बंद रहेगा।राष्ट्रपति भवन के अनुसार अमृत उद्यान 22-23 फरवरी तथा 1 और 5 मार्च को विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा। यह 22 फरवरी को दिव्यांग व्यक्तियों, 23 फरवरी को रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए जबकि 1 मार्च को महिलाओं एवं आदिवासी महिला एसएचजी के लिए और 5 मार्च को अनाथालयों के बच्चों के लिए खुला रहेगा।



ऑनलाइन बुकिंग राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है और और साथ ही गेट नंबर 35 के बाहर स्थित सेल्फ सर्विस कियोस्क के माध्यम से भी स्लॉट की बुकिंग मुफ्त है। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। आगंतुकों की सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे के बीच हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेगी।आगंतुक मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक चाबियां, पर्स, हैंडबैग, पानी की बोतलें और शिशुओं के लिए दूध की बोतलें ले जा सकते हैं। सार्वजनिक मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा, चिकित्सा सुविधाओं का इंतजाम किया जाएगा।आगंतुकों को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे के बीच छह घंटे के स्लॉट में यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। दो पूर्वाह्न स्लॉट (10 बजे से 12 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में 7,500 आगंतुकों और सप्ताहांत पर प्रत्येक स्लॉट में 10,000 आगंतुकों की होगी। दोपहर के चार स्लॉट (12 बजे से सायं 4 बजे) की क्षमता सप्ताह के दिनों में प्रत्येक स्लॉट में 5,000 आगंतुकों और सप्ताहांत पर 7,500 आगंतुकों की होगी। दौरे के दौरान आगंतुक 225 साल पुराना शीशम का पेड़, बोनसाई गार्डन में 300 से अधिक बोनसाई (जिनमें से कई दशकों पुराने हैं), म्यूजिकल फाउंटेन, सेंट्रल लॉन में दुर्लभ और विदेशी फूल, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन से गुजरेंगे। थीम गार्डन में 18 किस्मों के 42,000 ट्यूलिप लगाए गए हैं। बाहर निकलने पर उनके लिए फूड कोर्ट होंगे। यहां एक सुंदर सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है।अमृत उद्यान के अलावा लोग सप्ताह में छह दिन (मंगलवार से रविवार तक) राष्ट्रपति भवन और राष्ट्रपति भवन संग्रहालय भी देख सकते हैं। वे राजपत्रित छुट्टियों को छोड़कर प्रत्येक शनिवार को चेंज-ऑफ-गार्ड समारोह भी देख सकते हैं। उद्यान उत्सव के दौरान स्कूली छात्र संग्रहालय का निःशुल्क भ्रमण कर सकते हैं।

## देश के विकास को समर्पित यह बजट राम राज्य की परिकल्पना को दशार्ता है : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के विकास को समर्पित करते हुए बजट को राम राज्य की परिकल्पना को दशार्ता हुआ बताया है। गुरुवार को जे पी नड्डा ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, " इस बजट में मातृ शक्ति का विजन है तो अंतरिम बजट में किसान, मध्यम वर्ग, महिला से लेकर सभी वर्गों के लिए रूपरेखा बनाई गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर आगे बढ़ रही है। मैं इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को साधुवाद देता हूं।" उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी बजट विकसित भारत की नींव रखता है। इस बजट में मध्यम वर्ग के लिए घोषित आवास योजना एक क्रांतिकारी कदम है। लखपति दीदी का लक्ष्य बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। एमएसएमई सेक्टर को ग्लोबल बनाया जाएगा। इस बजट में पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जे पी नड्डा ने कहा कि यह बजट सामाजिक कल्याण और देश के विकास को समर्पित है। यह बजट राम राज्य की परिकल्पना को दशार्ता है। इसमें विकसित भारत का संकल्प और आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य है। अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना लाए जाने का कदम क्रांतिकारी है। अगले 5 साल में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लगभग 2 करोड़ घर बनाने का निर्णय लिया गया है।



### उत्साहवर्धक है अंतरिम बजट, 2047 तक भारत विकसित देश बन जाएगा : राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरिम बजट को उत्साहवर्धक बताते हुए कहा है कि इससे भविष्य के लिए भी और अधिक आशाएं बनती हैं। उन्होंने दावा किया कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य हासिल करने की उन्हें पूरी उम्मीद है। संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि यह अंतरिम बजट बहुत ही उत्साहवर्धक है, इससे आगे के लिए भी और अधिक आशाएं बनती है। उन्होंने आगे कहा कि इस अंतरिम बजट से जो संकेत मिले हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था का जो आकार अभी है उसे देखते हुए उन्हें पूरी उम्मीद है कि 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की हो जाएगी। रक्षा मंत्री ने वर्ष 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के 7 ट्रिलियन डॉलर के पार कर जाने का भी दावा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

### बजट में मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए कुछ नहीं : कांग्रेस



कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए जो अंतरिम बजट पेश किया है, उसमें गरीब और मध्यवर्ग के लिए कुछ नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बजट भाषण के बाद गुरुवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि अंतरिम बजट नीरस था। इसमें न तो बढ़ती महंगाई रोकने के लिए कोई उपाय सुझाया गया और न ही किसानों के हित की कोई ठोस बात कही गई।कांग्रेस के लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बजट को चुनावी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में सिर्फ जनता को लुभाने की कोशिश की गई है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बजट भाषण के बाद संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी सरकार उद्योगपतियों के लिए काम करती है। यह बजट भी उन्हीं के लिए था। इस बजट से देश के नौजवान, किसान, महिला व मध्यवर्ग को सिर्फ निराशा हाथ लगी है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि बजट का एक बड़ा हिस्सा राष्ट्रपति के अभिभाषण से लिया गया था। यह बजट आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट की

## संयुक्त राष्ट्र फिलिस्तीनी शरणार्थी एजेंसी को धन रोकना विनाशकारी होगा : डब्ल्यूएचओ

**एजेंसी। जिनेवा**



डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने चेतावनी दी है कि निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के फंड में कटौती के युद्धग्रस्त गाजा में लोगों के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेबियस ने बुधवार को जिनेवा में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, किसी अन्य इकाई के पास गाजा में 2.2 मिलियन लोगों को तत्काल आवश्यक सहायता देने की क्षमता नहीं है। टेड्रोस ने कहा, इस संकट में मानवीय सहायता के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता यूएनआरडब्ल्यूए के लिए धन रोकने के विभिन्न देशों के फैसले के गाजा के लोगों के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे। समाचार एजेंसी शन्हिुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा की स्थिति के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ को वहां स्वास्थ्य प्रणालियों और श्रमिकों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जहां भीषण लड़ाई के कारण 100,000 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच प्रतिबंधित है। भारी बमबारी और ईंधन एवं आपूर्ति की कमी के कारण गाजा के अधिकांश अस्पतालों ने पहले ही काम करना बंद कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मध्य गाजा में नासिर अस्पताल बहुत कम कार्य कर रहा है।

# कैबिनेट ने पशुपालन अव-संरचना विकास कोष के विस्तार को मंजूरी दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पशुपालन अव-संरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) को 29,610.25 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2025-26 तक अगले तीन वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी। यह योजना डेयरी प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण, मांस प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण, पशु चारा संयंत्र, नस्ल गुणन फार्म, पशु अपशिष्ट से धन प्रबंधन (कृषि-अपशिष्ट प्रबंधन) और पशु चिकित्सा वैक्सीन और दवा उत्पादन सुविधाओं के लिए निवेश को प्रोत्साहित करेगी। भारत सरकार अनुसूचित बैंक और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), नाबार्ड और एनडीडीबी से 90 प्रतिशत तक ऋण के लिए दो साल की मोहलत सहित 8 वर्षों के लिए 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान करेगी। भारत सरकार एमएसएमई और डेयरी सहकारी समितियों को 750 करोड़ रुपये के ऋण गारंटी



कोष से उधार लिए गए ऋण की 25 प्रतिशत तक ऋण गारंटी भी प्रदान करेगी। तकनीकी रूप से सहायता प्राप्त नस्ल गुणन फार्म, पशु चिकित्सा दवाओं और वैक्सीन इकाइयों को मजबूत करना, पशु अपशिष्ट से धन प्रबंधन जैसी नए कार्यों को शामिल करने के बाद, यह योजना पशुधन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के उन्नयन में मददगार साबित होगी। यह योजना उद्यमिता विकास के माध्यम से प्रत्यक्ष और अ-प्रत्यक्ष रूप से 35 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन का एक माध्यम होगी और इसका उद्देश्य पशुधन क्षेत्र में धन सृजन करना है। अब तक एएचआईडीएफ ने लगभग 15 लाख किसानों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया है। पात्र लाभार्थियों द्वारा प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन बुनियादी ढांचे में इस तरह के निवेश से इन संसाधित और मूल्य वर्धित वस्तुओं के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। इस प्रकार एएचआईडीएफ में प्रोत्साहन द्वारा निवेश न केवल निजी निवेश को 7 गुना बढ़ा देगा, बल्कि किसानों को जानकारी पर अधिक निवेश करने के लिए भी प्रेरित करेगा, जिससे उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि होगी। एएचआईडीएफ ने अपनी स्थापना के बाद से अब तक 141.04 एलएलपीडी (लाख लीटर प्रति दिन) दूध प्रसंस्करण क्षमता, 79.24 लाख मीट्रिक टन फीड प्रसंस्करण क्षमता और 9.06 लाख मीट्रिक टन मांस प्रसंस्करण क्षमता की आपूर्ति में मददगार साबित हुई है। यह योजना डेयरी, मांस और पशु चारा क्षेत्र में प्रसंस्करण क्षमता को 2-4 प्रतिशत तक बढ़ाने में सक्षम है।

### फिल्म जगत

## मुझे आर्या का दर्द ऐसा लगता है, जैसे यह मेरा दर्द है : सुष्मिता सेन

**मुंबई।** 'आर्या अंतिम वार' की तैयारी कर रही अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने कहा कि आर्या सरीन के उनके मुख्य किरदार का दर्द उन्हें बहुत निजी लगता है। इंटरनेशनल एमी नामांकित सीरीज अपने शीर्षक चरित्र की यात्रा का अनुसरण करती है, जो एक स्वतंत्र महिला है, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए अपनी पूरी ताकत लगाती है। वह अपने पति की हत्या का बदला लेने के लिए माफिया गिरोह में शामिल हो जाती है।उसी पर विस्तार से बताते हुए सुष्मिता सेन ने कहा, "जैसा कि मैं हमेशा कहती हूं कि तीन सीजन तक आर्या का किरदार निभाने से मुझे उसका दर्द महसूस हुआ जैसे कि यह मेरा अपना दर्द हो। जब हमने वे दृश्य फिल्माए, जहां उसके सभी बच्चे वीर और आरू उसके खिलाफ हो गए तो इससे मेरा दिल टूट गया। सीरीज में एक बिंदु ऐसा है, जहां वह पूरी तरह से अकेली महसूस करती है, यहां तक कि परिवार की कमी भी महसूस होती है। "उन्होंने आगे उल्लेख किया, "मुझे लगता है कि यह वास्तव में मेरे मन में आया और मैंने अपने परिवार के प्रति कृतज्ञता महसूस की, और आर्या ने इसे इतनी अच्छी तरह से कैसे संभाला, इससे मुझे प्रेरणा मिली। वह हममें से एक की तरह है, जो अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हर दिन कड़ी मेहनत कर रही है।

